आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 03:04 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 5 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 53, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- शांति भंग करने वालों को देंगे मुंहतोड़ जवाब - 12

सीतारमण ने कहा- बैंकों और नियामकों के पास बिना दावे वाली 1.84 लाख करोड़ की संपत्तियां - 12

ताकाइची चुनी गईं जापान की सत्तारूढ़ पार्टी की नेता - 13

शुभमन बने भारत के नये वनडे कप्तान, रोहित व कोहली टीम में -14

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मन में उत्साह भरते त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

भारत-भूटान ने द्विपक्षीय संबंधों पर की वार्ता

थिम्पू। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ व्यापक वार्ता की और इस दौरान उन्होंने व्यापार और संपर्क समेत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। यहां भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी शुक्रवार को भूटान गए थे। उनकी यह यात्रा भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क की स्थापना के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में एक अंतर-सरकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद हुई है। अपनी यात्रा के दौरान, मिसरी ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की तथा प्रधानमंत्री तोबगे और विदेश मंत्री डी एन धुंग्याल से भी भेंट की।

मणिपुर में 10 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग अभियानों के दौरान विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अर्धसैनिक बल ने शनिवार को बताया कि चुराचंदपुर जिले के जंगलों से असम राइफल्स के जवानों ने एक प्रतिबंधित संगठन के एक वरिष्ठ कमांडर और पांच अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। बल ने बताया कि इन उग्रवादियों को एक अक्टूबर को एक अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बल ने एक बयान में कहा, असम राइफल्स ने एक अक्टूबर को जंगल में 'ऑपरेशन सोंगकोट' नामक एक साहसिक अभियान चलाकर यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के वरिष्ठ कमांडर एस एस लेफ्टिनेंट जामखोगिन गुइटे लुफो उर्फ पेप्सी को गिरफ्तार कर लिया।

फास्टैग न हो तो यूपीआई से सवा गुना शुल्क देकर पार होगा टोल

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए टोल संग्रह का नया नियम 15 नवंबर से होगा प्रभावी

राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा में वैध और चालू फास्टैग के बिना प्रवेश करने वाले वाहनों से 15 नवंबर से सामान्य टोल राशि के मुकाबले 1.25 गुना शुल्क लिया जाएगा, लेकिन इसके लिए यूपीआई से भुगतान करने का विकल्प चुनना होगा।

सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि नकद लेनदेन को कम करने के लिए ऐसा किया गया है। इस समय वैध फास्टैग के बिना यात्रा करने वालों को नकद भुगतान पर दोगुना टोल शुल्क देना पड़ता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए नकद लेनदेन को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 में संशोधन किया है। मंत्रालय ने कहा, नए नियम के तहत वैध और चालू फास्टैग के बिना शुल्क प्लाजा में प्रवेश करने वाले वाहनों से नकद भुगतान करने पर टोल राशि का दोगुना शुल्क लिया जाएगा।

चेकडैम, तालाब व ब्लास्टकूप निर्माण को बनाएं जनांदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जल संकट से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने उठाया बड़ा कदम

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय है, और इससे निपटने के लिए जनसहभागिता के साथ ठोस प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप निर्माण को जनांदोलन बनाया जाए, ताकि वर्षा जल को रोका जा सके और भूगर्भीय जलस्तर में सुधार हो।

मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं, बल्कि यह समेकित जल प्रबंधन की एक किफायती और प्रभावी प्रणाली है। इनसे न केवल वर्षा जल का संरक्षण होता है, बल्कि सिंचाई क्षमता और कृषि उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 6,448 चेकडैम बनाए जा चुके हैं, जिनसे लगभग 1.28 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित हुई है और हर साल करीब 10 हजार हेक्टेयर मीटर भूजल रिचार्ज हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता बढ़ाई गई है। इसके अलावा 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 तालाबों का पुनर्विकास किया गया है। वर्ष 2017 से अब तक 6,192 ब्लास्टकूपों के निर्माण से 18,576 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित हुई है। योगी ने निर्देश दिया कि कुम्हारों को 1 अप्रैल से 15 जून तक तालाबों से मुफ्त मिट्टी निकालने की अनुमति दी जाए।

100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर भी बड़ा फैसला लिया। उन्होंने कहा कि 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य की जाए। यह कदम शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 तक प्रदेश में 82 अतिदोहित और 47 क्रिटिकल क्षेत्र थे, जो 2024 में घटकर 50 और 45 रह गए हैं। कहा कि यह संतोषजनक प्रगति है, लेकिन आने वाले वर्षों में लक्ष्य यह होना चाहिए कि सभी क्षेत्र सामान्य श्रेणी में आएं।

फोटोग्राफिक डॉक्यूमेंटेशन के निर्देश

योगी ने निर्देश दिया कि सभी जिलों में चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप का फोटोग्राफिक डॉक्यूमेंटेशन कराया जाए तथा सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाए। कहा कि सरकार जल संरक्षण के क्षेत्र में एक सफल मॉडल प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मौलाना तौकीर के करीबी नफीस के बरातघर पर चला बुलडोजर

बरेली बवाल : शरण देने वाले फरहत का घर सील, चार दुकानों पर भी कार्रवाई

- वक्फ की जमीन पर नफीस ने पूर्व पीसीएस अधिकारी अथहर के बेटे संग मिलकर किया था बरात घर का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः बरेली बवाल के मुख्य आरोपी आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी डॉ. नफीस खां के रजा पैलेस बरात घर को बीडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह की देखरेख में यह कार्रवाई शनिवार दोपहर शुरू हुई और कई घंटों तक चली। इसके अलावा मौलाना तौकीर के करीबी फरहत के फाइक एन्क्लेव स्थित घर को भी सील कर दिया और आईएमसी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां नौमहला मस्जिद के पास बनीं चार दुकानें सील कर दीं।

शनिवार को कैंप कार्यालय पर डीएम अविनाश सिंह की मौजूदगी में हाई लेवल मीटिंग हुई। इसके बाद बीडीए की टीम पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों और फोर्स के साथ जखीरा में डॉ. नफीस के अवैध बरात घर को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर लेकर पहुंची। सबसे पहले इलाके की बिजली सप्लाई काटी गई। एसपी सिटी मानुष पारीक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और पीएसी के जवानों ने पूरे मोहल्लों की घेराबंदी की।

दोपहर 3 बजे चार बुलडोजरों ने रजा पैलेस बरात घर को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। मुख्य गेट तोड़ते ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई, लेकिन पुलिस फोर्स ने किसी को पास नहीं आने दिया। दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रात 8 बजे तक जा रही। बीडीए और प्रशासनिक अफसरों ने बरातघर की दीवार पर लगी नेम प्लेट देखी तो सभी हैरान रह गए। नेम प्लेट पर मुतवल्ली शोएब बेग पुत्र स्व. अथहर बेग (पूर्व पीसीएस अधिकारी) लिखा हुआ था। इस बरात घर का निर्माण वक्फ की जमीन पर डॉ. नफीस ने अपने बहनोई शोएब बेग के साथ मिलकर कराया था। स्थानीय लोगों के अनुसार इस बरात घर का संचालन शोएब बेग कर रहा था।

बरेली के जखीरा क्षेत्र में अवैध बरात घर को ध्वस्त करते बुलडोजर।

पूरे दिन एक्शन मोड में रहा प्रशासन

बीडीए शनिवार को पूरे दिन एक्शन मोड में रहा। बीडीए की दूसरी टीम ने फाइक एन्क्लेव स्थित फरहत खान के घर को सील किया। चार दिन पहले बीडीए ने घर को खाली करने का नोटिस दिया था। इस घर में मौलाना ने बवाल कराने वाले दिन शरण ली थी। पुलिस ने इसी आवास से मौलाना तौकीर को गिरफ्तार किया था। वहीं मौलाना तौकीर की पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम खां की नौमहला मस्जिद के पास स्थित चार दुकानों को भी बीडीए ने सील कर दिया।

बरेली बवाल पर गरमाई सियासत

बरेली जा रहे कई सांसद और विधायक व सपा नेता नजरबंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रास्ते में कई नेताओं को पुलिस ने बैरियर लगाकर रोका

अमृत विचारः बरेली की घटना को लेकर शनिवार सुबह प्रदेश की सियासत अचानक गरमा गई। बरेली रवाना हो रहे समाजवादी पार्टी के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन ने रोक दिया। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय, सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार समेत पांच सांसद, दो विधायक और कई वरिष्ठ सपा पदाधिकारियों को घर से बाहर निकलने नहीं दिया गया। रास्ते में बैरियर लगाकर कई नेताओं को वापस कर दिया गया। इस दौरान सपाइयों ने प्रदर्शन करके योगी सरकार पर तानाशाही के आरोप लगाए।

बरेली में 'आई लव मोहम्मद' विवाद से उपजे तनाव के बीच शनिवार सुबह सियासत में हलचल मच गई, जब बरेली रवाना हो रहे समाजवादी पार्टी के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन ने रोक दिया। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय को उनके लखनऊ के आशियाना स्थित आवास पर नजरबंद कर दिया गया। बरेली प्रशासन ने पहले ही पत्र जारी कर सभी जिलों को निर्देशित किया था कि राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल का जिले में प्रवेश वर्जित है। बरेली के जिलाधिकारी ने शुक्रवार देर रात लखनऊ, मेरठ, संभल और अन्य जिलों के पुलिस प्रमुखों को पत्र लिखकर कहा किकिसी भी राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल को बिना अनुमति बरेली आने की अनुमति नहीं है। इसी आदेश के बाद सभी सपा नेताओं के घरों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

हाउस अरेस्ट नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय।

यह नेता नजरबंद रहे

सांसद हरेन्द्र मलिक, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, मोहिबुल्लाह नदवी, नीरज मौर्य, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, प्रवीण सिंह ऐरन, विधायक अताउर्रहमान, शहजिल इस्लाम अंसारी, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, प्रदेश सचिव शुभलेश यादव।

> भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है। सरकार अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए तानाशाही पर उतर आई है।
> –**अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

> सपा बहादुर का डेलिगेशन बरेली भेजना नौटंकी और बचकाना कदम है। सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष को जनता को गुमराह करने से बाज आना चाहिए।
> –**केशव प्रसाद मौर्य**, उप मुख्यमंत्री

कुछ लोग जननायक सम्मान चुराने की कोशिश में : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना, नीतीश सरकार की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व शासन के दौरान तबाह हुई शिक्षा की स्थिति को राज्य से बड़े पैमाने पर पलायन का एक प्रमुख कारण बताया और हालात में सुधार लाने एवं राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की शनिवार को सराहना की।

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी ने बिहार के लिए कई परियोजनाओं समेत युवा केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास पहलों के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी परोक्ष निशाना साधा जिन्हें कांग्रेस के सदस्य अक्सर जननायक कहते हैं। जननायक शब्द का इस्तेमाल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के लिए किया जाता रहा है।

मोदी ने गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोगों द्वारा ठाकुर से जुड़े सम्मान को चुराने के प्रयासों के प्रति बिहार के लोगों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ठाकुर को जननायक की उपाधि सोशल मीडिया ट्रोल ने नहीं दी बल्कि यह उनके प्रति लोगों के प्रेम का प्रतीक है।

युवाओं के लिए 62,000 करोड़ की पहल का अनावरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का शनिवार को अनावरण किया। मोदी ने 60,000 करोड़ के निवेश के साथ एक केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु की शुरुआत की। इस योजना में 1,000 सरकारी आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नत करने की परिकल्पना की गई है जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। हब एंड स्पोक मॉडल एक वितरण प्रणाली है जो साइकिल के पहिये की तरह काम करती है जिसमें एक हब (केंद्र) होता है जो सभी स्पोक (छोटे, सहायक स्थानों) को आपस में जोड़ता है।

कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, 2 छात्रों की मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- फर्रुखाबाद में हुआ विस्फोट पांच छात्र गंभीर रूप से घायल

अमृत विचारः शहर के सातनपुर मंडी रोड पर एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट इतना भीषण था कि कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ी बाइकें 50 मीटर दूर जा गिरीं। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और विस्फोट की छानबीन की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। सातनपुर मंडी रोड पर द सन क्लासेज लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर है। शनिवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे कोचिंग सेंटर के बाहर धमाके के साथ विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयानक था कि एक किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। हादसे में दर्जन भर छात्र घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हुए 7 छात्रों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां आकाश सक्सेना को मृत घोषित कर दिया, जबकि आकाश कश्यप को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। रिदम, अंशिका, निखिल, अभय और पीयूष की हालत गंभीर है।

आकाश कश्यप व आकाश का फाइल फोटो।

धमाके की जांच के लिए टीम गठित

एसपी आरती सिंह ने कहा कि प्रथमदृष्टया सेप्टिक टैंक में अत्यधिक मीथेन गैस बनने के कारण विस्फोट होने का अनुमान है। विस्फोट की तह तक पहुंचने के लिए जांच टीम गठित कर दी गई है।

गाजियाबाद : मॉर्निंग वॉक कर रहीं तीन महिलाओं को कार ने कुचला

गाजियाबाद। यहां शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने मार्निंग वॉक पर निकलीं तीन महिलाओं को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि जीटी रोड पर राकेश मार्ग के पास सुबह करीब छह बजे सैर कर रहे लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू कोटगांव निवासी कमलेश (55), मीनू प्रजापति (56) और सावित्री देवी (60) के रूप में हुई है जबकि एक अन्य घायल व्यक्ति की पहचान श्याम विहार कॉलोनी निवासी विपिन शर्मा (47) के रूप में की गई है।

जुबिन गर्ग को सिंगापुर में जहर दिया गया था

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग के बैंड के सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि गर्ग को सिंगापुर में जहर दिया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। इस मामले में फेस्टिवल के आयोजक, गर्ग के प्रबंधक और बैंड के दो सदस्यों गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार कर 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पुलिस से प्राप्त नोट में कहा गया है, जब गर्ग डूबने की स्थिति में थे, उस समय सिद्धार्थ शर्मा को जाबो दे, जाबो दे (जाने दो, जाने दो) चिल्लाते हुए सुना गया।

- बैंड के सदस्य शेखर ज्योति ने किया चौंकाने वाला खुलासा

शोध — पर्यावरण के लिए अनुकूल बनाई गईं प्लेट्स उपयोग के बाद मिट्टी में हो जाएगी तब्दील

आईआईटी रुड़की ने भूसे से बनाई डिस्पोजल प्लेट्स

मुख्य संवाददाता, देहरादून/रुड़की

अमृत विचार : आईआईटी रुड़की ने गेहूं के भूसे से पर्यावरण के लिए अनुकूल बायोडिग्रेडेबल कंपोस्टेबल प्लेट्स बनाई हैं, जो खानपान के प्रयोग में सुरक्षित है। इन प्लेट्स से भूसा (पराली) जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण व प्लास्टिक डिस्पोजेबल से होने वाले कचरे से निजात मिलेगी। वहीं, किसान इस व्यर्थ भूसे को बेचकर आय भी हासिल कर सकते हैं।

आईआईटी की इनोपैप (इनोवेशन इन पेपर एंड पैकेजिंग लैब) ने पैरासन मशीनरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड औरंगाबाद के सहयोग से गेहूं के भूसे से यह कंपोस्टेबल प्लेट बनाई हैं। कागज प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. विभोर के रस्तोगी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी एक साथ दो गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं फसल अवशेष (पराली) जलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रदूषण की समस्या का समाधान करती है। गेहूं के भूसे को ढाले हुए, जैव-अवक्रमणीय और कंपोस्टेबल वेयर में बदलकर इस तकनीक ने मिट्टी से मिट्टी तक के सिद्धांत को मूर्त किया है। सरल शब्दों में कहें तो धरती से उत्पन्न होकर उपयोग के बाद फिर से धरती में समा जाता है। उन्होंने कहा कि यह शोध दर्शाता है कि कैसे रोजमर्रा की फसल के अवशेषों को उच्च-गुणवत्ता वाले, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों में परिवर्तित किया जा सकता है। यह विज्ञान और इंजीनियरिंग की उस क्षमता को दर्शाता है जो पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित और आर्थिक रूप से व्यवहार्य समाधान प्रदान कर सकती है।

यह पहल स्वच्छ भारत मिशन, आत्मनिर्भर भारत व संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों विशेष रूप से एसडीजी-12 (जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन) तथा एसडीजी-13 (जलवायु कार्रवाई) के भी अनुकूल है। पीएचडी छात्रा जैस्मीन कौर एवं पोस्ट डॉक्टरल शोधकर्ता डॉ. राहुल रंजन ने मोल्डेड टेबलवेयर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बायोडिग्रेडेबल कंपोस्टेबल प्लेट्स के साथ शोधकर्ता।

- सिंगल यूज प्लास्टिक और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषणों से भी मिलेगी निजात

> यह नवाचार समाज की वास्तविक चुनौतियों का समाधान करने के प्रति आईआईटी रुड़की की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह स्वच्छ भारत और मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को मजबूती प्रदान करता है। साथ ही प्रयोगशाला अनुसंधान को व्यावहारिक प्रभाव में बदलने का उदाहरण है।
> – **प्रो. कमल किशोर पंत**, निदेशक आईआईटी रुड़की

भारत में हर वर्ष पैदा होता है 35 करोड़ टन कृषि अपशिष्ट

भारत में हर वर्ष 35 करोड़ टन कृषि अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जिसका बड़ा हिस्सा जला दिया जाता है या बेकार छोड़ दिया जाता है। यह नवाचार न केवल इस पर्यावरणीय हानि को रोकता है बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत प्रदान कर अपशिष्ट को संपदा में बदलने वाले चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल की दिशा में कदम है।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार, 5 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

दिवाली से पहले महंगाई भत्ता देने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों और 16 लाख पेंशनर्स को 1 जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत बढ़ी दर से महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) का भुगतान दिवाली से पूर्व करने की मांग की है। महामंत्री व मीडिया प्रभारी अरुणा शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मांगपत्र मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल और एक्स हैंडल पर भेजा गया है। जेएन तिवारी ने कहा कि डीए के भुगतान से कर्मचारियों को न्यूनतम 540 रुपये से लेकर 1683 रुपये प्रतिमाह तक की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही दिवाली से पहले बोनस भुगतान की मांग भी की गई है। साथ ही संविदा कर्मचारियों को भी इसका लाभ देने और बोनस की न्यूनतम सीमा बढ़ाने की बात कही गई है।

अमिताभ ठाकुर की शिकायत निराधार

अमृत विचार, लखनऊ : लोकायुक्त ने पूर्व आईपीएस और एक्टिविस्ट अमिताभ ठाकुर की शिकायत का निस्तारण करते हुए साफ कर दिया कि आरोप निराधार और तथ्यों से परे हैं। शिकायत में पुल निर्माण में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। जिस वक्त शिकायत हुई, उस दौरान लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पास थी। लोकायुक्त सचिवालय इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि पुल निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था का चयन प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। इसमें लोकायुक्त या किसी अन्य प्रशासनिक इकाई का हस्तक्षेप संभव नहीं है। जांच में पाया गया कि प्रस्तुत प्रकरण में लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं। लोकायुक्त ने मामले को समाप्त करते हुए कहा कि इस तरह के निराधार आरोप प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावित नहीं कर सकते।

विकसित यूपी के लिए मिले 24.5 लाख सुझाव

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश को वर्ष 2047 तक समर्थ और विकसित राज्य बनाने के लिए चल रहे 'समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान' को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। अभियान के पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर अब तक 24.5 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 19 लाख ग्रामीण और 5.5 लाख शहरी क्षेत्र से आए हैं। शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक 7.5 लाख सुझाव, कृषि से 6 लाख, जबकि नगरीय व ग्रामीण विकास से 4 लाख सुझाव मिले हैं। युवाओं और आम नागरिकों ने भी प्रदेश के विकास को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। संभल, महाराजगंज, जौनपुर, सोनभद्र और हरदोई शीर्ष पांच जिलों में शामिल रहे।

स्तनधारी जीवों के संरक्षण को ईको रन

अमृत विचार, लखनऊ : ग्लोबल मैमल बिग डे के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में 5 अक्टूबर रविवार को विशेष ईको रन का आयोजन किया जाएगा। उप्र. ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से आयोजित ईको रन का उद्देश्य सिर्फ दौड़ना नहीं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि स्तनधारी जीव हमारे पर्यावरण और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कई संकट का सामना कर रहे हैं, जिनके संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इसी उद्देश्य के साथ यूपी ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से ईको रन का आयोजन किया जा रहा है।

वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंदिरों में रामायण पाठ और धार्मिक आयोजन के भी निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 सितंबर को श्रावस्ती में वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इसे लेकर शासन ने आदेश जारी किया है कि 7 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में अवकाश रहेगा। सीएम ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया है कि इस दिन मंदिरों पर रामायण पाठ और धार्मिक आयोजन होंगे।

हालांकि पहले भी वाल्मीकि जयंती पर सरकारी अवकाश होता था, लेकिन 2017 में योगी सरकार बनने के बाद कई छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। तर्क था कि राज्य को विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए काम के दिन बढ़ाने होंगे। हालांकि पिछले कुछ महीनों से वाल्मीकि समाज लगातार जयंती पर अवकाश बहाल करने की मांग कर रहा था। संभल, शाहजहांपुर, बरेली जैसे जिलों में ज्ञापन सौंपे गए। 26 सितंबर को डॉ. आंबेडकर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर यह मांग दोहराई। डॉ. निर्मल कहते हैं कि मुख्यमंत्री ने हमारी बात सुनी और तुरंत निर्णय लिया।

यूपी को टेक्सटाइल हब बनाने को तैयार दिग्गज कंपनियां

पीएम मित्र पार्क में मिले 5 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सरकार की औद्योगिक नीति पर निवेशकों ने जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : औद्योगिक नीतियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' मॉडल के चलते यूपी को टेक्सटाइल हब बनाने को दिग्गज कंपनियां तैयार हैं। लखनऊ और हरदोई में बन रहे पीएम मित्र पार्क में अब तक 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। यह परियोजना प्रदेश को भारत का टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग ने अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू साइन किए हैं।

इनमें आदित्य बिरला ग्रुप, अजूल डेनिमकार्ट, टीटी लिमिटेड, एसएवीएम इंक, जियोसिस इंडिया, जीईएसएल स्पिनर्स, ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। आदित्य बिरला ग्रुप 30 एकड़ में स्पिनिंग यूनिट, अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, जबकि टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट स्थापित करेगी। इसी तरह ओखला क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करेगा। इन सभी निवेशों से न केवल प्रदेश में टेक्सटाइल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि वैश्विक निर्यात बाजार में यूपी की स्थिति मजबूत होगी।

एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार का अवसर

कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित हो रहा यह पार्क लखनऊ में 730 एकड़ और हरदोई में 270 एकड़ में फैला होगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित होने और 1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। पार्क के संचालन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एसपीवी का गठन किया गया है, जिसमें 51% हिस्सेदारी राज्य सरकार और 49% भारत सरकार की होगी।

मजबूत कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निवेश

पीएम मित्र पार्क की लोकेशन निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल है। यह लखनऊ एयरपोर्ट से 45 किमी, मलिहाबाद रेलवे स्टेशन से 15 किमी और लखनऊ जंक्शन से 40 किमी दूर है। नेशनल हाईवे (लखनऊ–हरदोई–दिल्ली) मात्र 15 किमी और आउटर रिंग रोड 20 किमी की दूरी पर है। बेहतर कनेक्टिविटी और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते निवेशकों में उत्साह है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि यह परियोजना 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' की भावना को साकार करेगी। इससे औद्योगिक विकास को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने चेताया, फील्ड में निकलें अफसर

सभी प्राधिकरण जारी करेंगे बांड, मेरठ, कानपुर व मथुरा में 1833 करोड़ की 38 परियोजनाएं प्रस्तावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ में आवास एवं शहरी विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आवास एवं शहरी विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि अब विकास प्राधिकरणों को फाइलों में नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर योजनाओं की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि अधिकारी फील्ड में जाएं, जनता की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के अनुरूप विकास का मॉडल तैयार किया जा रहा है। हर योजना का ब्लूप्रिंट स्थानीय सर्वे और अध्ययन के बाद ही तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि फाइलों में योजनाएं नहीं चलतीं, जनता को नतीजा जमीन पर दिखना चाहिए। उन्होंने बताया कि मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र विकास के लिए 1833 करोड़ रुपये की 38 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर प्रस्ताव को क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाए, ताकि जनता को सीधा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि विकास प्राधिकरण केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर भी बनें। उन्होंने सभी प्राधिकरणों को अपने बांड जारी करने के निर्देश दिए, ताकि आय के नए स्रोत बन सकें और जनता का विश्वास सशक्त हो।

मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण स्वीकृति के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि जल संकट को देखते हुए यह व्यवस्था भविष्य की जरूरत है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पीपीपी मॉडल पर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जाए, जिसमें साझा राजस्व के आधार पर भूमि प्राधिकरण उपलब्ध कराए और निवेशक निर्माण व संचालन करें।

खास बातें

- 38 परियोजनाओं के लिए 1833 करोड़ रुपये प्रस्तावित
- लखनऊ में बनेगा 28 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर
- हर विकास प्राधिकरण जारी करेगा अपना बांड
- हर भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था अनिवार्य
- पीपीपी मॉडल पर बनेगा कन्वेंशन सेंटर

बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेता: राठौर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्री बोले, पुलिस ने कार्रवाई कर हर साजिश को किया नाकाम

अमृत विचार : बरेली की स्थिति पर विपक्षी नेताओं के दौरे को लेकर योगी सरकार में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है, पुलिस ने ससमय और संयमित कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को नाकाम किया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य दलों के नेता राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए बरेली का माहौल बिगाड़ना चाहते हैं, लेकिन सरकार ऐसा होने नहीं देगी।

राठौर ने कहा कि सर तन से जुदा जैसे नारे लगाने वालों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई कर हालात संभाले। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों के पास से पेट्रोल बम, असलहा और विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं, जो पुलिस और आम नागरिकों पर हमले की साजिश का हिस्सा थे।

मंत्री ने कहा कि 2010 जैसी अराजकता अब नहीं दोहराई जाएगी। योगी सरकार में कानून और व्यवस्था सर्वोपरि है। जो कानून तोड़ेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

अनियमितता पर कन्नौज सीएमओ की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए निर्देश

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में आरोपों से घिरे डॉक्टरों के खिलाफ जांच होगी, जांच में दोषी पाए जाने के बाद अपेक्षित कार्रवाई भी होगी। इसके लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कन्नौज व चित्रकूट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जगदीशपुर सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक व श्रावस्ती के डॉक्टर के खिलाफ हुई शिकायतों की जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कन्नौज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्वदेश गुप्ता के खिलाफ टेंडर में गड़बड़ी, वित्तीय अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष को शिकायतों की जांच कराने व आरोप पत्र देकर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मालूम हो कि रामपुर की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा डॉ.स्वदेश पर बागपत में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पद पर रहने के दौरान पीसीपीएनडीटी एक्ट का दुरुपयोग करने के आरोप हैं। आरोप हैं कि अल्ट्रासाउंड सेंटरों में अनियमितता को बढ़ावा दिया।

इसके अलावा अमेठी, जगदीशपुर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप तिवारी का स्थानांतरण मुसाफिरखाना सीएचसी पर किया गया था। लेकिन डॉ. प्रदीप ने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। शासकीय आदेश की अवहेलना की। ब्रजेश पाठक ने डॉ. प्रदीप के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के शिकायत पर चित्रकूट के मुख्य चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तबल किया गया है। साथ ही उन पर शासकीय आदेशों का अनुपालन न करना और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के भी आरोप लगे हैं।

प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में तीन वेतन वृद्धि रोकी

श्रावस्ती जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉ. डीके गुप्ता पर महोबा जिला चिकित्सालय में तैनाती से लगातार एनपीए लेते हुए प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप लगे हैं। साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों से साठगांठ करने के आरोप भी थे। शिकायतों की जांच कराई गई। आरोप सही पाए गए। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि डॉ. डीके गुप्ता की तीन वेतन वृद्धियां स्थायी रूप से रोकी जाएं। साथ ही परिनिन्दा का दंड दिया जाए और वसूली ब्याज सहित की जाए।

जीएसटी सुधार को लेकर किए सम्मेलन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेशभर में भाजपा के नेतृत्व में शनिवार को व्यापार जगत को राहत देने के उद्देश्य से घटी जीएसटी दरों का लाभ और व्यापार जगत को मिला उपहार विषय पर शनिवार को प्रदेश की 25 विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन आयोजित हुए। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में व्यापारी, जीएसटी लॉयर, वाणिज्य विशेषज्ञ, होटल और रेस्टोरेंट उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने हाल ही में घटाई गई जीएसटी दरों से होटल, रेस्टोरेंट, दुग्ध उत्पादक और स्टेशनरी कारोबारियों को मिली राहत पर विस्तार से चर्चा की।

राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज को दूसरा, शाहजहांपुर को तीसरा और जौनपुर को मिला चौथा स्थान

अमृत विचार : राजस्व परिषद की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की ओर से जारी सितंबर माह की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व मामलों का निस्तारण राजधानी लखनऊ में किया गया है। वहीं, जनपदीय न्यायालयों के स्तर पर जौनपुर ने एक बार फिर बाजी मारी है।

राजस्व परिषद की रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर माह में पूरे प्रदेश में कुल 3,88,145 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें राजधानी लखनऊ 21,296 मामलों के निस्तारण के साथ पहले स्थान पर रही। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके बाद प्रयागराज में 11,396 मामले, शाहजहांपुर में 9,075, जौनपुर में 8,856 और गोरखपुर में 8,448 मामले निस्तारित किए गए। यह आंकड़े बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी की सख्त मॉनीटरिंग और जवाबदेही प्रणाली ने पूरे प्रदेश में राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार किया है।

भू-राजस्व मामलों में भी जौनपुर अव्वल : अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) जौनपुर ने 50 के मानक के मुकाबले 251 मामलों का निस्तारण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। गाजीपुर के एडीएम ने 30 और मीरजापुर के एडीएम ने 24 मामलों का निस्तारण किया है।

जिला न्यायालयों में जौनपुर, लखीमपुर व बस्ती आगे

बोर्ड ऑफ रेवन्यू की आरसीसीएमएस रिपोर्ट के अनुसार, जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने निर्धारित मानक से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। यहां प्रति माह 250 मामलों के मानक के सापेक्ष 704 मामलों का निस्तारण किया गया, जो 281.60 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसी प्रकार लखीमपुर खीरी 415 मामलों के साथ दूसरे और बस्ती 412 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। फतेहपुर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 मामलों के मानक के सापेक्ष 79 मामलों का निस्तारण किया और 263.33 प्रतिशत की सफलता दर के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने 77 और कुशीनगर ने 67 मामले निस्तारित कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

यूपीएवीपी की ई–नीलामी ने बनाया कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रियल एस्टेट क्षेत्र में 992 संपत्तियों की बिक्री से 1168.43 करोड़ रुपये की संभावित आय

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश और पारदर्शिता का नया दौर शुरू हुआ है। इसी क्रम में विजयदशमी के अवसर पर उप्र. आवास एवं विकास परिषद (यूपीएवीपी) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। 30 सितंबर 2025 को संपन्न हुई मेगा ई-नीलामी में कुल 992 संपत्तियों की बिक्री से 1168.43 करोड़ की संभावित आय का अनुमान लगाया गया है। यह परिषद के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी और सफल ई-नीलामी मानी जा रही है।

यह नीलामी योगी सरकार की ई-गवर्नेंस आधारित पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है, जिसने निवेशकों के बीच विश्वास का नया माहौल बनाया है। परिषद की ओर से इस ई-नीलामी में लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद और कासगंज समेत सात से अधिक प्रमुख शहरों की संपत्तियां शामिल की गईं। इनमें 391 आवासीय और 601 अनावासीय भूखंड, व्यावसायिक प्लॉट्स, आईटी सिटी, संस्थागत भूखंड और ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स सम्मिलित थे।

प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी

ई–नीलामी की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी रखी गई। पंजीकरण 18 सितंबर 2025 से शुरू होकर डिजिटल ऑक्शन पोर्टल के माध्यम से किया गया, जिससे निवेशकों को किसी भी तरह की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ा। ऑनलाइन सिस्टम ने न केवल समय की बचत की, बल्कि पारदर्शिता को भी सुनिश्चित किया। परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नीलामी में देशभर से सैकड़ों निवेशकों ने हिस्सा लिया और प्रतिस्पर्धात्मक बोली लगाकर परिषद की संपत्तियों के लिए रुचि दिखाई।

कैंसर संस्थान में खरीदे जाएंगे आधुनिक उपकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कैंसर संस्थान को 129.06 करोड़ और आयुर्विज्ञान संस्थान को मिले 11 करोड़ रुपये

अमृत विचार : सुल्तानपुर रोड स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इससे कैंसर मरीज को आधुनिक इलाज मिल सकेगा। इसके लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संस्थान में उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए 129.06 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को बताया कि कैंसर संस्थान में प्रदेश भर से रोगी इलाज के लिए आ रहे हैं। रोगियों को बेहतर इलाज मुहैया कराना सरकार का दायित्व है। संस्थान को आधुनिक उपकरणों से लैस करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी तरह प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल व संस्थानों में रोगियों को आधुनिक इलाज मुहैया कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। उपकरण व नई तकनीक से संस्थानों को जोड़ा जा रहा है। उक्त क्रम में ही ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपकरण क्रय के लिए 11.46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

कवायद

नीति आयोग के 11 अफसरों ने संभाली कमान, नवंबर तक रोडमैप तैयार कर नियोजन विभाग को सौंपेंगे

12 सेक्टरों में तैयार होगा विकसित यूपी का ब्लूप्रिंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश को वर्ष 2047 तक 'विकसित राज्य' बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की साझा कवायद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप 'समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश 2047' का विजन डॉक्यूमेंट तैयार कराने में नीति आयोग की टीम सक्रिय रूप से जुट गई है। आयोग ने राज्य के 12 प्रमुख सेक्टरों में विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए अपने 11 प्रोग्राम निदेशकों को नामित कर दिया है, जो नवंबर तक विस्तृत रोडमैप तैयार कर लखनऊ स्थित नियोजन विभाग को सौंपेंगे।

नीति आयोग के इन वरिष्ठ अधिकारियों को यूपी के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य की विकास रणनीति तय करने की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें नीलम पटेल (कृषि व संबद्ध क्षेत्र व पशुधन संरक्षण), इश्तियाक अहमद (औद्योगिक विकास), देबजानी घोष व युगल किशोर जोशी (आईटी एवं इमर्जिंग सेक्टर), अन्ना राय (नगर व ग्राम्य विकास), राजीव सिंह ठाकुर (अवस्थापना विकास), डॉ. अंशु भारद्वाज (संतुलित विकास), के.एस. रेजीमोन (समाज कल्याण), राजीव कुमार सेन (स्वास्थ्य), डॉ. सोनिया पंत (शिक्षा व कौशल विकास) तथा मेजर जनरल के. नारायनन (सुरक्षा व सुशासन) शामिल हैं।

डिलाइट ने भी सेक्टरवार नियुक्त किए विशेषज्ञ

समानांतर रूप से, यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहयोग कर रही संस्था 'डिलाइट' ने भी सेक्टरवार अपने विशेषज्ञों को नियुक्त किया है। इनमें श्रीनिवास कुच्चिभोतला, हरीश चंद्रा, अंजनी कुमार, अनमोल पुरी, देबाशीष विस्वास, सुमित मिश्रा, अनीस मंडल, स्वाती अग्रवाल, विक्रम आनंद, कमलेश व्यास और कार्तिक अप्पादुरई शामिल हैं। ये विशेषज्ञ नीति आयोग और राज्य सरकार की टीम के साथ मिलकर साझा कार्ययोजना पर काम करेंगे।

राज्य के नियोजन विभाग को इस पूरी प्रक्रिया का नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग ने अपने उप निदेशक, संयुक्त निदेशक और शोध अधिकारियों की सेक्टरवार टीम गठित कर दी है। ये अधिकारी नीति आयोग और डिलाइट के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर हर सेक्टर का विश्लेषण, लक्ष्य निर्धारण और कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इस विजन डॉक्यूमेंट में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, रोजगार, बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और सुशासन जैसे सभी क्षेत्रों में ठोस, लागू करने योग्य नीति खाका शामिल हो।

60 लोगों संग ट्रेन से दिल्ली पहुंचे नंदी

वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कॉन्क्लेव में होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' प्रयागराज और विभिन्न जनपदों के 60 सदस्यों के साथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे, जहां वे एक होटल में आयोजित वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कान्क्लेव में शामिल होंगे। यह कान्क्लेव समाज के निर्बल वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में प्रयागराज के 11 परिवारों को आधुनिक ठेले प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे चाट, चाय-नाश्ता और लई-चना जैसे छोटे व्यापार कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रयागराज के मीरापुर, नैनी, अतरसुईया, सिविल लाइंस और बहादुरगंज सहित कई क्षेत्रों के परिवार इसमें शामिल हैं। मंत्री शुक्रवार रात हमसफर एक्सप्रेस से सभी सदस्यों के साथ दिल्ली रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि शामिल 60 लोगों में सात परिवार ऐसे भी हैं, जिन्हें मंत्री द्वारा आजीवन दस हजार रुपये मासिक आर्थिक सहायता दी जा रही है। ये वे परिवार हैं, जिन्होंने अपनों को दुर्घटनाओं या हिंसक घटनाओं में खोया है।

हमसफर एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना होते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'।

न्यूज ब्रीफ

51 कुण्डीय महायज्ञ में शामिल होंगे कई राज्यों के सीएम

अयोध्या, अमृत विचार : भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या एक बार फिर ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। आगामी 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक श्रीरामहर्षण मैथिली सख्य पीठ धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट एवं श्रीरामहर्षणम चारुशीला मंदिर के द्वारा 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ, 51 रामार्चा पूजन एवं राम नाम जप अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश विदेशों के श्रद्धालुओं के साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वल्लभाचार्य महाराज ने बताया कि राम नाम जप के रजत जयंती समारोह के रूप में यह कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

अयोध्या धाम स्टेशन पर प्रतीक्षालय का उद्घाटन

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के अयोध्या धाम स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए द्वितीय तल पर निर्मित वातानुकूलित प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया गया। यह नवीन वातानुकूलित प्रतीक्षालय यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्वच्छ एवं आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराएगा। प्रतीक्षालय में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि स्टेशन पर यह नई सुविधा जोड़ी गई है। इससे विशेष रूप से दूर-दराज़ से आने वाले यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी।

अध्यक्ष पद पर पवन, सुनील मंत्री मनोनीत

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम चिकित्सालय में दो अक्टूबर को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें सर्वसम्मति से संरक्षक रामसागर, अध्यक्ष पवन कुमार व मंत्री सुनील पांडे मनोनीत किए गए। यह चुनाव शाखा के जिला अध्यक्ष रामबली गुप्ता, महामंत्री अभय दुबे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी की मौजूदगी में हुआ। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश तिवारी, उपाध्यक्ष अमित चौधरी, उप मंत्री पुनीत मौर्य, कोषाध्यक्ष तुलसीराम, ऑडिटर बृजेश श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री सूबेदार, संगठन मंत्री देशराज सिंह को मनोनीत किया गया। इस दौरान अरविंद दुबे, सुनील दुबे, राकेश यादव, धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

काली पट्टी बांध कर किया शिक्षण कार्य

अयोध्या, अमृत विचार : टीईटी के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शनिवार को भी काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया गया। जिला अध्यक्ष अवधेश यादव और मंत्री प्रेम कुमार वर्मा ने बताया कि 15 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री , सर्वोच्च न्यायालय, मानव संसाधन विकास मंत्री एवं मुख्यमंत्री को शिक्षकों के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन भेजा जाएगा। आंदोलन करने वालों में कोषाध्यक्ष फूलचंद सरोज, डॉ. मनुजेश यादव, अजय वर्मा, डॉ. मुकेश आनंद, शशि यादव आदि शामिल रहे।

14 तक करें प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पोर्टल को 14 अक्टूबर तक खोल दिया गया है। क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि जो परिवार अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे शीघ्र अपना सर्वे कराकर योजना का लाभ उठाएँ। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर गरीब, वंचित और पात्र परिवार को पक्का मकान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया आवेदन करने के लिए ग्रामीण नागरिक अपने ग्राम सचिव, खंड विकास अधिकारी या संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

मनुष्य की सेवा ही नारायण सेवा : विधायक

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : मनुष्य की सेवा ही नारायण की सच्ची सेवा है। इसी भाव से हम सब को मनुष्य की सेवा करनी चाहिए। यह बात विधायक रामचंद्र यादव ने थाना पटरंगा और मवई की शनिवार को निकली मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान कही। विधायक ने रानीमऊ में भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। चेयरमैन माँ कामाख्या शीतला प्रसाद शुक्ला, डॉ. ज्ञान , चेयरमैन गन्ना समिति निर्मल शर्मा, प्रधान राम बरन चौहान, अजय शुक्ला, गन्ना डायरेक्टर राम प्रेस यादव, मनमोहन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, नहीं खुला टाइप व स्टांप वेंडर की दुकानों का ताला

अधिवक्ता आलोक सिंह पर जानलेवा हमले का मामला, सब रजिस्ट्रार दफ्तर में भी कामकाज रहा ठप

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : साथी पर जानलेवा हमला करने के विरोध में अधिवक्ता शनिवार को पेन डाउन हड़ताल पर रहे। पूरी कचहरी में स्टांप वेंडर और टाइपराइटरों के दुकानों के ताले तक नहीं खुले। सब रजिस्ट्रार दफ्तर में एक भी दस्तावेज पंजीकृत नहीं हुआ। इससे राजस्व पर भी खासा असर पड़ा है। वहीं, कचहरी में घूम-घूम कर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के विरोध में नारे भी लगाए। रविवार की शाम तक गिरफ्तारी और कोतवाल का निलंबन न होने पर छह अक्टूबर को अयोध्या कोतवाली का घेराव करके प्रदर्शन करने की भी घोषणा की गई।

अधिवक्ता आलोक सिंह पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन मोहित पांडेय नामक युवक ने फायरिंग की थी,जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोप है कि पुलिस ने पक्षपात करते हुए केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी की अन्य अभी खुलेआम घूम रहे हैं। इसी मामले को लेकर अधिवक्ता आंदोलित हैं। शनिवार की सुबह संघ अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह के नेतृत्व में बार एसोसिएशन की बैठक की गई। इसमें अधिवक्ताओं ने पुलिस के कृत्य और कोतवाल मनोज शर्मा की कठोर शब्दों में निंदा की। इसके बाद अध्यक्ष की अगुवाई में हजारों अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संघ से निकलकर जिला जज न्यायालय होते हुए जिलाधिकारी न्यायालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुख्य राजस्व अधिकारी न्यायालय और बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी न्यायालय, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट, उपसंचालक चकबंदी न्यायालय तक घूम घूम कर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ता इस दौरान कोतवाल मनोज शर्मा और पुलिस प्रशासन विरोधी नारे भी लगा रहे थे। अधिवक्ताओं की मांग है कि अयोध्या कोतवाल को तत्काल निलंबित किया जाए और हमलावर आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की जाए।

प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने फिर हंगामा खेज बैठक की और छह अक्टूबर को अयोध्या कोतवाली घेरने की रूपरेखा तय हुई। संघ अध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं को 11 बजे तक कचहरी में पहुंचने और आंदोलन में शिरकत करने का आह्वान किया। कहा कि सारे अधिवक्ता अपने गणवेश में रहेंगे 12 बजे से अधिवक्ता अपने वाहनों से अयोध्या कोतवाली के लिए कूच करेंगे। बताया कि सभी अधिवक्ता रामपथ के रास्ते अयोध्या कोतवाली पहुंचेंगे। वहां ढाई बजे तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इसके बाद भी मांग पूरी न हुई तो अगली रणनीति के लिए फिर बैठक बुलाई जाएगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में राज कपूर सिंह, शैलेंद्र जायसवाल, दिनेश सिंह, रिंकू सिंह, विजय बहादुर सिंह समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

साथी पर जानलेवा हमला करने के विरोध में कचहरी में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

आरोपी मोहित दो भाई समेत पांच नामजद, अज्ञात पर भी केस

अयोध्या, अमृत विचार : भाजपा नेता व अधिवक्ता आलोक सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में उनके भाई बृजेश कुमार सिंह निवासी रामघाट अयोध्या की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहित पांडेय, उसके दो भाइयों समेत पांच नामजद व दो-तीन अज्ञात पर केस दर्ज किया है। नामजद में एक अयोध्या के प्रतिष्ठित व्यवसायी व भाजपा नेता भी है। उनका आलोक से जमीन विवाद चल रहा है।अयोध्या कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित के बड़े भाई बृजेश ने बताया कि दो अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रात करीब 8 :40 बजे मोहित पांडेय, धीरज पांडेय, धर्मवीर पांडेय निवासी लवकुश नगर, सूरज निषाद निवासी रामघाट हाल्ट समेत दो-तीन अज्ञात लोगों ने मिलकर उनके भाई आलोक सिंह पर जानलेवा हमला किया। मोहित व धर्मवीर ने पिस्टल व तमंचा से उसके ऊपर फायर किया। घटना को वहां मौजूद विजय सिंह व शिवानंदन सिंह आदि ने देखा। आरोप लगाया कि अनूप गुप्ता निवासी दंतधावन कुंड ने साजिश रचकर उनके भाई की हत्या कराने का प्रयास किया। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद व दो-तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना शुरू कर दी गई है।

कल अयोध्या कोतवाली का घेराव करने का हुआ ऐलान

अनूप से चल रहा है भूमि विवाद

आरोपी अनूप शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व भाजपा के कार्यकर्ता भी है। बताया जा रहा है कि वह बूथ नंबर चार के पास मंगलम होटल बनवा रहे हैं। कई साल पहले जमीन को लेकर उनका प्रॉपर्टी डीलर आलोक सिंह से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने उक्त जमीन पर न्यायालय से स्टे ले लिया था, जिस पर अनूप ने उच्च न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया, जिस पर स्टे को खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने होटल निर्माण शुरू करा दिया था। इसके करीब चार वर्ष आलोक ने दोबारा उक्त जमीन पर स्टे ले लिया, जिसे भी बड़ी अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद से दोनों में तनातनी बढ़ गई थी। बताया जाता है कि घटना के समय अनूप घटनास्थल के आसपास मौजूद भी नहीं थे।

प्रधानाचार्य ने छात्र को लाठी से पीटा, केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय।

- पीड़ित कक्षा 11 का छात्र, करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप

अमृत विचार : एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य ने कक्षा-11 के छात्र को लाठियों से पीटा। इसके तीन दिन बाद स्कूल जाने पर छात्र को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि स्कूल से तुम्हारा नाम कांट दूंगा, करियर बर्बाद कर दूंगा। छात्र की शिकायत पर थाना पूराकलंदर पुलिस ने आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित छात्र अभिनव तिवारी पुत्र सतगुरुशरण निवासी ग्राम खैपुर थाना तारुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एमजेएस एकेडमी नंदीग्राम (भरतकुंड) में कक्षा 11 के सेक्सन-सी का छात्र है। वह 29 सितंबर को विद्यालय में अवकाश होने के बाद एनसीसी टीम द्वारा बुलाने पर गया था। जब वह विद्यालय पहुंचा तो वहां पर मौजूद प्रधानाचार्या रजनीश सिंह ने उसे अपने पास बुलाया और कहा कि तुम विद्यालय क्यों आए हो, तब मैंने बताया कि सर मैं एनसीसी का छात्र हैं, इसलिए आया। यह सुनकर प्रधानाचार्य ने कहा कि जब हमने तुम्हें रोक रखा था कि तुम एनसीसी मत करो तब तुमने मुझसे पूछे बगैर कैसे अपना नाम लिखा लिया। यह कहते हुए उन्होंने मेरा बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया तथा लाठी से मारापीटा। इससे उसके दाहिने पैर व कंधे पर चोट आई व नाक से खून गिरने लगा। इसके बाद उसने मेरे पिता को बुलाकर उनके साथ जिला अस्पताल भेजवा दिया। तीन अक्टूबर को सुबह जब स्कूल गया तो प्रधानाचार्य ने उसे गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी व कहा कि स्कूल से तुम्हारा नाम काटकर जीवन बर्बाद कर देंगे। इस संदर्भ में थाना पूराकलंदर प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

रुदौली के अनिल और विनोद लखनऊ के चार अरबपतियों में हुए शामिल

मवई,अयोध्या। अमृत विचार : रुदौली विधानसभा क्षेत्र के उद्योगपति अनिल सिंह और उनके भाई विनोद सिंह को लखनऊ के चार अरबपतियों की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि से रुदौली क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एपको इंफ्राटेक परिवार से जुड़े अनिल सिंह और विनोद सिंह ने अपने परिश्रम और दूरदर्शी नेतृत्व से व्यापार जगत में पहचान बनाई है। उनकी कंपनी 'एपको इंफ्राटेक' ने प्रदेश और देश भर में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में कई बड़े प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जिससे प्रदेश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रुदौली क्षेत्र के लोगों ने इस खबर पर उत्साह व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अनिल सिंह और विनोद सिंह की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने रुदौली की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योगपति विनोद सिंह (फाइल फोटो)

गोलीकांड में व्यापारी एकजुट आलोक पर लगाए आरोप

अयोध्या कार्यालय

आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार : गोलीकांड में घायल आलोक सिंह के भाई बृजेश की तरफ से व्यापारी अनूप गुप्ता पर एफआईआर कराने का मामला गरमा गया है। अयोध्या धाम व्यापार मंडल ने विरोध जताया है।

शनिवार को एक होटल में व्यापार मंडल के द्वारा इस घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने के साथ व्यापारी के नाम गलत एफ़आईआर दर्ज होने पर व्यापारियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी कि यदि दो दिन के अंदर व्यापारी को राहत नहीं दिया गया तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि धन उगाही के लिए व्यापारी को फंसाया जा रहा है। इस घटना से व्यापारी का कोई लेना-देना नहीं है। इस घटना के दोषी हो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, लेकिन इसमें किसी भी बेगुनाह को न फंसाया जाए।

वहीं इस गोली कांड की घटना में आरोपी व्यापारी अनूप गुप्ता ने भी अपनी सफाई देते हुए पिछले कई वर्षों से जबरन जमीन हड़पने और फिरौती की रकम मांगे जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान हमारी मौजूदगी श्रृंगारघाट में रही है। इस घटना से मेरा कोई वास्ता नहीं है, लेकिन साजिश के तहत इसमें मेरा नाम जोड़ा जा रहा है। मेरी हाईवे पर एक जमीन है, जिसको लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद उत्पन्न करने की साजिश कर रहे थे।

सीएचसी अधीक्षक को धमकी, दी तहरीर

सोहावल अयोध्या। अमृत विचार : सीएचसी में शुक्रवार को हुए घटनाक्रम के बाद रुदौली सीएचसी की अधीक्षक ने रौनाही थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई भी अनहोनी होती है तो इसके लिए आरोपी ही जिम्मेदार होंगे। सीएमओ के निर्देश पर रुदौली सीएचसी अधीक्षक डॉ. फातिमा हसन सोहावल अस्पताल में भर्ती प्रसव पीड़िता निशा पत्नी विकास अरथर, कोमल पत्नी संजू इब्राहिमपुर दिवली व शीला पत्नी सिद्धार्थ करेरु का सीजर करने के लिए पहुंची थीं। आरोप है कि सीजर से पहले तहरीर में आरोपी तीन आशाओं ने उन्हें घेर लिया और धमकी दी। महिला डॉक्टर के ऑपरेशन थिएटर में जाते ही बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। महिला डॉक्टर ने एसडीएम सोहावल, सीएमओ और डीएम को फोन कर घटना से अवगत कराया। प्रशासन हरकत में आया और पुलिस बल भेजकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

प्रेमानंद के वचनों से प्रभावित हो दो युवकों ने अपनाया सनातन धर्म

बीकापुर/मसौधा, अयोध्या।

अमृत विचार : संत प्रेमानंद महाराज के वचन सुनकर अयोध्या के दो गैर संप्रदाय के युवकों ने सनातन धर्म अपना लिया। अरशद सिद्दीक़ी निवासी ग्राम शेखपुरा रौनाही तहसील सोहावल सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उनका नाम अब राकेश मौर्या व दूसरे युवक मोहम्मद उस्मान निवासी गौहनिया पोस्ट मानापुर तहसील सोहावल को अब मनीष के नाम से जाना जाएगा।

शनिवार को नंदीग्राम भरत कुंड में संत परमात्मा दास, सूर्यकांत पांडेय के नेतृत्व में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के संरक्षक कृपा निधान तिवारी की उपस्थिति में दोनों नौजवानों को वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते गंगा, यमुना, सरयू जल व मधु, दूध, गौमूत्र आदि से स्नान ध्यान करवाकर जनेऊ पहनाकर पंचगव्य आदि का सेवन करने के साथ साधु भेष में भरत हनुमान मिलन मंदिर में दर्शन पूजन करते हुए सनातन धर्म को स्वीकार कराया गया। सनातन अपनाने वाले राकेश मौर्या ने बताया कि 14 वर्षों से सनातन धर्म अपनाना चाह रहा था। लेकिन शनिवार को ईश्वर की कृपा से कई जगह भटकते रहने के बाद भरत तपस्थली पर हिन्दू धर्म का चोला आत्मा से ग्रहण करने का अवसर मिला। दोनों युवकों ने बताया कि उन्हें प्रेमानंद जी महाराज के आशीर्वचनों से सनातन धर्म अपनाने की प्रेरणा मिली। कहा कि अब वह अपने पुराने घर वापस आ गए हैं। इस अवसर पर विहिप के जिला मंत्री लाल जी शर्मा, प्रभाकर सिंह, आलोक सिंह, सभाजीत सिंह और प्रधान रंजीत सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं, संत परमात्मा दास ने बताया कि इस संदर्भ में जिलाधिकारी को लिखित सूचना दी गई है।

भरतकुंड स्थित मंदिर में सनातन धर्म अपनाते गैर संप्रदाय के युवक।

बच्चे का अकड़ा शरीर, स्टाफ नर्स को नहीं आई 'ममता'

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड से दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां भर्ती बच्चे तड़पते रहे, लेकिन स्टाफ नर्स झांकने तक नहीं आईं। वीगो से बच्चे का हाथ सूज आया। खून एकत्र होकर बैक होने की स्थिति में रहा। शरीर अकड़ रहा था, लेकिन आरोप है कि स्टाफ नर्स ममता मिश्रा का दिल नहीं पसीजा। परिजन बुलाने गए तो उन्होंने बैठने को कहा। इसके बाद बोल दिया कि दिखाना है तो कहीं और चली जाओ, जो करना है कर लो...हम नहीं देखेंगे। इसके बाद परिवारीजनों ने हंगामा काटा।

जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड एक बार फिर विवादों में आ गया है। आरोप वही है जो कुछ माह पहले एक नर्सिंग अफसर पर लगा था। अब ताजा मामला शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद का है। रुदौली ब्लॉक से आईं सुनीता गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चे को दो अक्टूबर को भर्ती कराया था। उसे बुखार था व शरीर अकड़ रहा था। आरोप है कि बच्चे की बिगड़ती तबियत को देखकर उन्होंने स्टाफ नर्स ममता को बुलाया। बकौल सुनीता ममता ने बोला कि अपने बच्चे को लेकर जाकर बेड पर बैठों। वीगो लगने से खून इकट्ठा हो गया था। वह वापस जा रहा था। हाथ में भी सूजन आ गई थी। बुखार के लिए बोला तो कहा, बाहर जाकर दूसरे डॉक्टर को दिखा दो। हम नहीं देखेंगे। कुचेरा बाजार से आईं रोशनी ने बताया कि मेरा बच्चा चार दिन से भर्ती है। खून की उल्टी हो रही थी। वीगो लगा था। हमने सात घंटे पहले डॉक्टर साहिबा ममता मिश्रा को बुलाया था, लेकिन सुनी नहीं। फिर अपने हाथ से ही हमने निकाल लिया। अस्पताल में बड़ी लापरवाही हैं।

आरोप लगाते हुए बीमार बच्चे की मां।

दोपहर में डाइट को लेकर फूटा आक्रोश

शनिवार की दोपहर बच्चा वार्ड में एक बार फिर हंगामा हो गया। अब मामला भोजन को लेकर था। यहां भोजन की ट्रॉली आई। आरोप है कि नर्स ने बेड नंबर आठ पर भर्ती बच्चे के तीमारदार की डाइट ही नहीं भेजी थी। उसने भोजन मांगा तो अपमान झेलना पड़ा, जिसके बाद अन्य तीमारदारों ने हंगामा किया।

> बच्चा वार्ड में मरीजों के साथ लापरवाही की जानकारी मिली है। आरोपी स्टाफ नर्स ममता मिश्रा की ड्यूटी ऑर्थो वार्ड में लगा दी गई है। मरीजों को पूरा इलाज मिलेगा। तीमारदार को डाइट न मिलने के मामले में जांच कराई जाएगी। – डॉ. राजेश चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

सफाई व्यवस्था के लिए एक हजार कर्मी व छह बड़ी मशीनें

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनगरी में नौवें दीपोत्सव में श्रद्धालु व पर्यटकों को स्वच्छता में दक्षता दिखाने के लिए नगर निगम सफाई कर्मियों की बड़ी फौज उतारने जा रहा है। एक हजार सफाई कर्मियों को अयोध्या धाम में लगाया जाएगा। इसके अलावा छह बड़ी मशीनरी का भी उपयोग करेगा। अपर नगर आयुक्त भारत कुमार ने बताया कि आयोजन नगरनिगम के लियेअत्यंत महत्वपूर्ण है। अकेले अयोध्या धाम में ही कई जगहों पर वाटर कियोस्क लगाए गए हैं। सड़कों की मरम्मत भी की जा रही है। इसके अलावा दीपोत्सव के बाद सफाई व्यवस्था की योजना बनाई जा रही है। घाटों पर चेंजिंग रूम रहेंगे। जरूरत के हिसाब से अस्थायी शौचालय लगाए जाएंगे, 510 बॉयोटॉयलेट लगाए गए हैं।

- दीपोत्सव पर बड़ी तैयारी के साथ उतरेगा नगर निगम

समाचार पत्र वितरक लक्ष्मन यादव सड़क दुर्घटना में घायल

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली रुदौली अंतर्गत शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में समाचार पत्र वितरक लक्ष्मन यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रुदौली नगर के मुख्य अभिकर्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे बाराबंकी टिकैतनगर के बरई निवासी समाचार पत्र वितरक लक्ष्मन यादव बरई और नियामतगंज में अखबार वितरित करने करने के लिये अपनी बाइक से जा रहे थे। रुदौली डिग्री कॉलेज के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मन को राहगीरों ने सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं रुदौली के अभिकर्ता और सभी वितरक भाइयों ने लक्ष्मन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मां कामाख्या धाम में प्रार्थना की है।

लक्ष्मन यादव

पॉवर कॉर्पोरेशन

जिले में 6 .35 लाख उपभोक्ता, दो लाख पर 200 करोड़ की बकायेदारी

10 डिवीजन में 12-12 हजार उपभोक्ताओं पर बनेंगे क्लस्टर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पॉवर कॉर्पोरेशन अब बकायेदारों से वसूली के लिए नया प्रयोग करने जा रहा है। चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर बकायेदारों को चिह्नित करने के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे। इसके बाद विभाग की टीमें उपभोक्ताओं के घर जाकर बकाया बिल जमा करने का दबाव बनाएंगी। जिले में विभाग का 200 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों का हिस्सा सबसे अधिक है। इसमें डिवीजन के एसडीओ प्रभारी होंगे। हर क्लस्टर में दो - दो वसूली टीमें होगी। आवश्यकता होने पर पुलिस की मदद ली जाएगी हालांकि यह संबंधित क्षेत्र और उपभोक्ता की परिस्थितियों पर निर्भर है।

जिले में कुल 6 .35 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से करीब दो लाख पर बकाया है। विभाग के तीन सर्किल में 10 डिवीजन हैं, जिनमें छह ग्रामीण और चार शहरी क्षेत्र में हैं। बकायेदारों पर दबाव बनाने के लिए विभाग पहले चेतावनी देता रहा और कनेक्शन काटने की कार्रवाई करता रहा। एकमुश्त बकाया जमा करने की योजना भी लागू की गई, लेकिन इसका अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। अब विभाग प्रत्येक डिवीजन में 12-15 हजार बकायेदारों के क्लस्टर बनाकर उनकी सूची तैयार करेगा। इसके बाद टीमें उनके घर जाकर बिल जमा करने को कहेंगी, अन्यथा कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जाएगी।

> सभी डिवीजनों में क्लस्टर बनाकर बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह कदम विभाग के राजस्व में सुधार लाने और बकाया राशि की वसूली में मददगार साबित होगा। –बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।

ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप उपभोक्ताओं का बकाया भी बड़ा मुद्दा है। बिल माफी के बाद भी पुराना बकाया बरकरार है। वसूली के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन ने जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी लिया, लेकिन सफलता सीमित रही। विभाग राजस्व बढ़ाने के लिए धीरे-धीरे प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा रहा है, जिससे अग्रिम भुगतान सुनिश्चित हो सके। अब तक 1.50 लाख उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। बताया गया है कि शहरी क्षेत्र में तो सख्ती हो जा रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी अभियान नहीं चल पा रहे हैं इसलिए छोटे-छोटे कलस्टर का प्रयोग किया जा रहा है।

व्यायाम स्वस्थ रहने का मूल आधार

पूरा बाजार, अयोध्या

अमृत विचार : व्यायाम ही स्वस्थ रहने का मूल आधार है। स्वस्थ व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है। यह बातें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहीं। वह शनिवार को ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह द्वारा मड़ना गांव में स्थापित निशुल्क व्यायामशाला का शुभारंभ कर रहे थे।

विधायक ने शिवेंद्र के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए यह अनमोल तोहफा साबित होगा। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चे धनाभाव व समयाभाव के कारण शहरी क्षेत्र में स्थित व्यायाम शाला में नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण अंचल में इस व्यायामशाला से उन्हे लाभ मिलेगा। शिवेंद्र ने बताया कि उन्होंने अपने निजी संसाधनों से लगभग 25 लाख खर्च कर इस निशुल्क आधुनिक व्यायाम शाला का निर्माण कराया है। इसका प्रयोग कर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं देश व प्रदेश में अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकेंगी। इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार अनुराग सिंह, प्रधान ओम प्रकाश यादव, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

फीता काटकर व्यायाम शाला का उद्घाटन करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह।

- नगर विधायक वेद प्रकाश, ब्लॉक प्रमुख अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने ग्राम मडना में स्थापित की नि:शुल्क व्यायामशाला

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार,5 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

प्रधानमंत्री को भेजेंगे परिवार के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन : नीलमणि

अयोध्या। टीईटी को लेकर अब उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर शिक्षक अपने परिवार के सदस्यों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री भारत सरकार को भेजेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने बताया कि टीईटी को लेकर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा कार्य स्थायित्व एवं गरिमा पर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में शिक्षक परिवार बहुत ही व्यथित हैं। इस मनोदशा से अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री से प्रकरण में हस्तक्षेप की मांग करने के लिए यह ज्ञापन भेजा जाएगा। जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह व जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने सभी शिक्षकों से प्रधानमंत्री को ज्ञापन पंजीकृत डाक से भेजने की अपील की है।

पौधारोपण कर मनाया स्वर्ण जयंती वर्ष

मवई, अयोध्या। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नेवरा शाखा में बैंक की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शाखा प्रबंधक उत्कर्ष गुप्ता, क्लर्क अमित कुमार, सुजीत मद्देशिया के नेतृत्व में परिसर में कुल पांच पौधे लगाए गए। पूर्व प्रधान बधेड़ी सरवन यादव ने भी हिस्सा लिया।

श्रीसीताराम घाट का विधायक ने किया लोकार्पण

गोसाईगंज, अयोध्या। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने शनिवार को नगर पंचायत के पौराणिक श्री सीताराम घाट का लोकार्पण किया। शरद पूर्णिमा पर नगर क्षेत्र की सैकड़ों छोटी-बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन यहीं किया जाएगा। यह पौराणिक घाट छठ पूजा, दीपोत्सव और अन्य धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाता है। लोकार्पण के उपरांत विधायक ने महादेव घाट का भी निरीक्षण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता व प्रशांत गुप्ता सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कॉलोनी में जलभराव बना संकट

रुदौली, अयोध्या। नगर पालिका परिषद की कृष्णा नगर कॉलोनी के निवासी मुख्य मार्ग पर हुए जल भराव से परेशान हैं। नवनीत रस्तोगी, संतोष तिवारी व सुरेंद्र मिश्रा ने कहा कि मार्ग और नाली निर्माण की मांग कई बार की गई है। जल निकासी न होने से समस्या बदतर है। ईओ प्रेमनाथ ने कहा कि नई कॉलोनी का विकास प्लाटिंग करने वालों ने नहीं किया है। जलभराव की जानकारी मिली है उसे दूर कराया जाएगा।

अवध विवि के 30वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों पर होगी पदक वर्षा

कुलपति ने की तैयारी बैठक, 170 शोध छात्रों को प्रदान की जाएगी उपाधि

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 13 अक्टूबर को होने वाले 30 वें दीक्षांत समारोह में इस बार अवध विश्वविद्यालय द्वारा कुलाधिपति और कुलपति दोनों स्वर्ण पदक में वृद्धि की गई है। इसे लेकर शनिवार को कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तैयारी बैठक भी हुई। इस बार कुल 123 स्वर्ण पदक दिए जायेंगे। जिसमें कुलाधिपति स्वर्ण पदक 84 और कुलपति स्वर्ण पदक 39 शामिल हैं। इसी को लेकर कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई। पदकों में छात्रों की सूची का अनुमोदन परीक्षा समिति द्वारा सर्व सम्मति से किया गया। अन्य निर्णय में 170 शोधरत छात्र जिनके शोध प्रबंध का मूल्यांकन एवं मौखिकी की परीक्षा हो चुकी है, उन्हें पीएचडी प्रदान करने के लिए संस्तुति प्रदान की गई। परीक्षा समिति के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में नॉन एनईपी पाठ्यक्रमों की छूटी हुई प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षा संपन्न कराए जाने का निर्णय सर्वसम्मत से पारित किया गया।

परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह व उपकुलसचिव अजय कुमार गौतम ने बताया कि यदि किसी पाठ्यक्रम में मेधावियों के अंक समान हैं तो उस स्थिति में दोनों छात्रों को अलग-अलग पदक प्रदान किया जाएगा। इसी कारण पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। कुलपति स्वर्ण पदक के क्रम में 32 स्वर्ण पदक दिया जाता रहा है इस बार उसकी संख्या 39 हो गई है। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. एस के रायजादा, प्रो. रमेश चंद्र पांडेय, प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र, उप कुलसचिव अजय कुमार गौतम आदि शामिल रहे।

अवध विवि में दीक्षान्त समारोह की तैयारी को लेकर बैठक करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह। अमृत विचार

कृषि विवि में आज 28 होनहारों को स्वर्ण पदक देंगी राज्यपाल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का 27वां दीक्षांत समारोह आज रविवार को स्वर्ण जयंती मैदान में समारोह के साथ मनाया जाएगा। राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल समारोह की अध्यक्षता करेंगी और 28 मेधावियों को स्वर्ण पदक देंगी, 735 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान किया जाएगा। दीक्षा समारोह की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, लीमा, पेरू के महानिदेशक डॉ. साइमन हेक मुख्यअतिथि रहेंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख हैं। दीक्षा समारोह का शनिवार को पूर्वाभ्यास किया गया। किसान भवन से शैक्षणिक शोभायात्रा निकली जो समारोह स्थल स्वर्ण जयंती मैदान पहुंची। इसके बाद जल भरो कार्यक्रम का रिहर्सल किया गया और छात्राओं ने कुलगीत एवं राष्ट्रगीत की प्रस्तुति दी। पूर्वाभ्यास के दौरान उपाधि वितरण से लेकर स्वर्ण पदक बांटने तक का पूर्वाभ्यास किया गया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अपने प्रतिवेदन को पढ़ा। संकायाध्यक्षों ने उपाधि के लिए छात्रों को उपाधि प्राप्ति की शपथ दिलाई।

दीक्षांत समारोह का होगा लाइव प्रसारण

कृषि विवि में होने वाले 27वें दीक्षांत समारोह का विश्वविद्यालय की साइट पर यूट्यूब के माध्यम से लाइव प्रसारण होगा। घर बैठे लोग समारोह के दौरान हो रहे क्षण-प्रतिक्षण कार्यक्रम को देख सकेंगे।

सुबह 11 बजे से शुरू होगा समारोह, एक घंटे पहले ग्रहण करना होगा स्थान

दीक्षांत समारोह की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे विश्वविद्यालय के इंजीनियर ओमप्रकाश ने बताया कि सुबह 11 बजे से समारोह का शुभारंभ होगा। सभी आमंत्रित आगंतुकों को हर हाल में 10 बजे तक स्वर्ण जयंती मैदान में स्थान ग्रहण करना होगा। सभी को अपने साथ एक परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। समारोह में पहुंचने वाले लोगों को अपने वाहन कुलपति आवास मुख्य गेट के पूरब की तरफ गंगा तथा यमुना छात्रावास की तरफ पार्क करना होगा। वीआईपी तथा वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग कृषि महाविद्यालय परिसर तथा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय की तरफ किया जाएगा।

चित्रकला और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विकासखंड मसौधा के ग्राम सचिवालय टोनिया के भवन में भाषण कहानी, चित्रकला, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को कला व गणित पर विशेष ध्यान देना चाहिए।कार्यक्रम में टोनिया के प्रधान काशीराम रावत, सहित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोनिया, प्राथमिक व पूर्वमाध्यमिक विद्यालय बिहारीपुर, प्राथमिक विद्यालय चौधरी का पुरवा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जन सहयोगी तथा सेठ द्वारिका दास मेमोरियल स्कूल मसौधा के शिक्षक और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने प्रततिभाग किया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र के संयोजन में संपन्न हुआ।

सपा जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव।

शिक्षकों को देनी पड़ रही है अग्नि परीक्षा : पारसनाथ

अयोध्या, अमृत विचार : गुलाबबाड़ी स्थित सपा कार्यालय पर शनिवार को जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार में शिक्षकों को मां सीता जैसी अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। सपा शिक्षकों के साथ है और उनकी मांगों का समर्थन करती है। पूर्व मंत्री तेज नारायन ने कहा भाजपा सरकार में जुल्म, अत्याचार, लूट, डकैती, महिला अपराध चरम पर है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा का सफ़ाया कर देगी। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी लौटन राम निषाद ने संगठन के विस्तार व मजबूती पर विस्तार पर चर्चा की। संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। बैठक को हाजी फिरोज खान गब्बर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राम अचल यादव, छोटे लाल यादव, बलराम मौर्य समेत अन्य ने संबोधित किया।

चेयरमैन ने किया 3 सड़कों का शिलान्यास

पूराबाजार, अयोध्या।

अमृत विचार: भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मो. राशिद ने शनिवार को दो सड़कों का शिलान्यास किया और एक सड़क का उद्घाटन किया। सड़क के बनन से लोगों को आवागमन में बेहद सुविधा हुई।

उन्होंने मीराजैना में इम्तियाज हुसैन के मकान से बच्चा हुसैन के मकान तक 3:30 सौ मीटर सीसी सड़क का उद्घाटन किया। मीराजैना संपर्क मार्ग से ईदगाह तक 125 मीटर सीसी मार्ग का शिलान्यास किया। जीवपुर में सुनीता के क्षेत्र से मुन्नी लाल के मकान तक 385 मीटर सीसी मार्ग का शिलान्यास किया। चेयरमैन मो. राशिद ने कहा कि जीवपुर को नया बाईपास मिल गया है, जो प्रयागराज रोड से जीवपुर के बीच आबादी में मिलेगा। सभासद अलकचंद गुप्ता, राजीव गुप्ता, रामकृष्ण पांडेय, पूर्व प्रधान अश्वनी तिवारी, राम दर्शन निषाद, मोनू निषाद, दीपक निषाद, राजू कुरैशी, अशोक तिवारी, अनवर हुसैन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के सीसी मार्ग का उद्घाटन करते चेयरमेन मो. राशिद।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा खंभा बना खतरे का सबब

रुदौली, अयोध्या।

अमृत विचार: राष्ट्रीय राजमार्ग भेलसर चौराहा पर बने फ्लाईओवर के ढलान पर लगे हाईमास्ट का खंभा किसी वाहन की टक्कर से कई दिन पूर्व टूटकर गिर गया और खंभे के साथ लगी केबल भी नीचे खुल गई, जिससे मार्ग पर चलने वाले राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है।

बारिश के समय यही स्थान परिवहन निगम की बसों के रुकने और यात्रियों के खड़े होने की सुरक्षित जगह है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। तौफ़ीक अहमद ने कहा कि जब फ्लाईओवर पर लगे खंभों पर लाइटें जल रही है तो विभाग को जब पोल गिरा था तो उसी समय दुरुस्त कर देना चाहिए था। आलाधिकारियों से जल्द से जल्द खंभे की मरम्मत कराई जाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

प्रतीकात्मक

- भेलसर चौराहा पर बने फ्लाईओवर के ढलान लगा है खंभा

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय पर कराएं निस्तारण : डीएम

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर की उपस्थिति में तहसील सदर के सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे गंभीरता व संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान ग्राम डाभासेमर तहसील सदर के शिकायतकर्ता ने स्थलीय आख्या काफी समय से न देने की शिकायत की गयी है, जिसमें जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत अरवत विकासखण्ड मयाबाजार ने आरआरसी सेंटर निर्माण हेतु शिकायत की है, जिस पर एसडीएम सदर को जांच सौंपी गई। ग्राम पंचायत शिवदासपुर डाभासेमर के शिकायतकर्ता ने नाली/नापदान का पानी रोके जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को जांच करने के निर्देश दिये। एक अन्य प्रकरण ग्राम पंचायत सरायसागर विकासखण्ड मयाबाजार के शिकायतकर्ता ने सूखे इमली के पेड़ को काटने की शिकायत की है जिस पर जिलाधिकारी ने डीएफओ को पेड़ कटवाने हेतु आदेशित किया।

वहीं, रुदौली तहसील में 76 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से तीन शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बीकापुर तहसील में 70 शिकायतें आई, जिनमें 10 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सोहावल में मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ गजेंद्र की मौजूदगी में 129 शिकायतें आई जिसमें से मात्र 6 शिकायत का निस्तारण किया जा सका। तहसील दिवस में मुख्यतः राजस्व, भूमि विवाद, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए।

सदर तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ .गौरव ग्रोवर।

- समाधान दिवस, नगर विधायक डीएम व एसएसपी ने तहसील सदर में सुनीं शिकायतें

राम और भरत के मिलाप पर सजल हुए श्रद्धालुओं के नयन

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : श्री राम लीला समिति ख्वाजाहाल रुदौली के तत्वाधान में 136वीं ऐतिहासिक भरत मिलाप यात्रा निकाली गई। जिसमें 20 भव्य झांकियां एवं कला और संस्कृत का संगम दिखाई दिया। भरत मिलाप में राम और भरत का मिलन देख जहां श्रद्धालुओं के नेत्र सजल हो उठे वहीं ऑपरेशन सिंदूर और शिवाजी महाराज पर निकली झांकी ने लोगों को मोह लिया।

श्री राम लीला मैदान से प्रारंभ हुई शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हनुमान किला चौराहे पर विधायक रामचंद्र यादव ने श्री राम की आरती उतारी। मोहल्ला कोठी में अनुराग अग्रवाल ने, नवाबबाजार में पूर्व भाजपा अध्यक्ष शेखर गुप्ता ने, टेढ़ी बाजार में सभासद आशीष दाऊ ने और नये गंज मोहल्ले में सभासद उमाशंकर कसौधन सहित कई स्थान पर प्रभु की आरती उतारी गई। शोभायात्रा में रामलीला समिति के मृदुल मनोहर अग्रवाल, कमलेश मिश्रा, लक्ष्मीपति अग्रवाल, आलोक गर्ग, राजेश बंसल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रुदौली की रामलीला में हुए भरत मिलाप में रथ पर विराजमान राम लक्ष्मण और सीता के रुप धरे कलाकार।

भरत मिलाप को राम रथ लेकर जाते श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल।

जय श्री राम के उद्घोष से नगर गुंजायमान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : श्री राम जानकी एवं रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 130वां भरत मिलन समारोह का आयोजन नगर के ऐतिहासिक चौक घंटाघर पर हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। इस मौके पर निकली शोभायात्रा में भक्तों के "जय श्री राम" के उद्घोष से नगर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम की भव्य आरती से हुई। जिसे इंडियन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष व समाजसेवी आशीष अग्रवाल ने संपन्न किया। इसके बाद भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, घनश्याम अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, गौरव मदनी एवं रवींद्र सरनी आदि ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं राम भक्तों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि यह भरत मिलन समारोह नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक रहा।

प्रदेशीय विद्यालयीय योगासन में शिवानी, अनन्या व सोनाली ने जीता स्वर्ण पदक

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयोजन में जीआईसी में आयोजित प्रदेशीय विद्यालयीय प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शिवानी, अनन्या व सोनाली ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में पायल ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की योग प्रतिभा से दर्शक अचंभित व प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।

योगासन प्रतियोगिता में शनिवार को हुई स्पर्धा में कांटे का मुकाबला रहा। परंपरागत स्पर्धा के अंडर-17 वर्ग में वाराणसी की शिवानी 67 अंकों के साथ प्रथम, कानपुर की सृष्टि 57.5 अंक द्वितीय व आगरा की सभ्यता 56.3 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-17 वर्ग में वाराणसी की अन्या सिंह 64.35 अंक प्रथम, मुरादाबाद की रोनी 61 अंक द्वितीय व देवीपाटन की माही 60.2 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-14 वर्ग में लखनऊ की सोनाली 65.6 अंक प्रथम, आगरा की रिद्धिमा गुप्ता 63.25 अंक द्वितीय व बस्ती की सावित्री 63 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त स्थान पर रहीं। कलात्मक योग स्पर्धा के अंतर्गत अंडर- 19 वर्ग में लखनऊ की पायल ने 105.52 अंको के साथ प्रथम, आजमगढ़ की पहल ने 96.87 अंकों के साथ द्वितीय व वाराणसी की दुर्गेश पाठक ने 85.10 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन के निर्णायक सहित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान की देखरेख में प्रतियोगिता संचालित की जा रही है। आयोजन सचिव प्रधानाचार्य जीआईसी ओंकारनाथ ने बताया कि बालक वर्ग की प्रतियोगिता रविवार से शुरू होगी। मंडलीय क्रीड़ा सचिव धर्मेन्द्र सिंह, जिला सचिव अभिषेक सिंह, जयेन्द्र पाठक, विजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

- कलात्मक स्पर्धा में पायल का स्वर्ण पदक पर कब्जा

आस्था अयोध्या सरयू तट पर शनिवार को भी जारी रहा मां की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर, गोसाईगंज, बीकापुर के कुछ इलाकों में शरद पूर्णिमा को होगा विसर्जन

गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाल नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर जारी है। अयोध्या के सरयू तट पर शुक्रवार व शनिवार देर रात तक 150 से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं शनिवार की देर शाम से मया, पूरा, दर्शननगर, अचारी का सगरा समेत करीब 15 से 20 गांवों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू तट पर किया गया। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में देवी गीतों पर थिरकते मां के भक्त आकर्षण का केंद्र रहे। विसर्जन का क्रम शरद पूर्णिमा तक जारी रहेगा।

भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरत कुंड के ऐतिहासिक कैकेई सरोवर में शुक्रवार रात तक करीब 256 प्रतिमाएं विसर्जित की गई। थाना प्रभारी संजीव सिंह टीम के साथ मौजूद रहे। बीकापुर तहसील क्षेत्र में 440 प्रतिमाओं की स्थापना हुई थी। जिसमें दशमी को क्षेत्र की 348 मूर्तियों का विसर्जन हुआ। बाकी मूर्तियों का विसर्जन शरद पूर्णिमा को होगी। सीओ बीकापुर पियूष ने बताया कि बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में कुल 181 मूर्तियों की स्थापना हुई थी। जिसमें 157 मूर्तियों का, तारुन थाना क्षेत्र में स्थापित 138 मूर्तियों में 114, हैदरगंज थाना क्षेत्र में स्थापित 121 मूर्तियों में 77 मूर्तियों का विसर्जन विजयदशमी को किया गया। बताया कि अभी 92 प्रतिमाओं का विसर्जन शेष है। इनका विसर्जन शरद पूर्णिमा तिथि पर होगा।

रुदौली क्षेत्र में विधायक रामचंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति तहसील रुदौली के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, महामंत्री दुर्गेश श्रीवास्तव समेत अन्य की अगुवाई में 500 मूर्तियों का विसर्जन दशहरा पर्व पर रीछ घाट, मां कामाख्या घाट, कैथी घाट व अमौनी घाट पर किया गया। एसडीएम विकास धर दुबे ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को 500 प्रतिमा का विसर्जन किया गया। थाना क्षेत्र हैदरगंज के विभिन्न गांवों में स्थापित 77 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा पर्व पर हुआ। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा बिसुही नदी तट पर पहुंची। मवई ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पैगंबर नगर, बसौढी में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन रामसनेही घाट मंदिर के पास कल्याणी घाट पर हुआ। भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी।

रुदौली में निकली शोभयात्रा में शामिल विधायक रामचंद्र यादव एवं मां दुर्गा की प्रतिमा को भरतकुंड में विसर्जन के लिए ले जाते भक्त।

हनुमान गढ़ी पर हुआ भरत मिलाप का कार्यक्रम। अमृत विचार

रामकोट के प्रवेश द्वार पर हुआ भरत मिलाप

अयोध्या, अमृत विचार : 14 वर्ष वनवास काल में विधर्मी रावण का वध करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, भाई लक्ष्मण और जनकनंदिनी सीता के साथ वापस अयोध्या पहुंचे। अयोध्या वासियों ने उल्लास के साथ उनका स्वागत किया। अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। दशहरे के दूसरे दिन भगवदाचार्य स्मारक सदन रामलीला समिति के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के तहत रामकोट के प्रवेश द्वार पर भरत मिलाप का कार्यक्रम हुआ। संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, महंत हेमंत दास, महंत अवधेश दास, महंत जनमेजय शरण के साथ नंदलाल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सुरेश गुप्ता, ध्रुव मोदनवाल, सुरेंद्र मोदनवाल, गोपाल मोदनवाल, पंकज गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में अयोध्या वासी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

दशहरा मेले में पिटाई से युवक गंभीर

जैदपुर, बाराबंकी : अमृत विचार। जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दशहरा मेला देखने गए एक युवक पर दबंगों ने भीड़ का फायदा उठाकर हमला कर दिया। तहरीर के अनुसार ग्राम पहाड़ीपुरवा, मजरे कोला गहबड़ी निवासी सतीश कुमार पुत्र सहजराम 2 अक्टूबर को बरैय्या चौराहा स्थित दशहरा मेले में घूमने गए थे। उसी दौरान गढ़ चण्डनपुरवा निवासी शनि एवं प्रदुम्न पुत्र झब्बूलाल, विश्राम पुत्र मोतीचन्द्र, गोलू पुत्र कल्लू, आशीष पुत्र बासुदेव, राजन पुत्र शेरू, ज्ञानचन्द्र पुत्र बारत तथा नन्दकिशोर के बेटे समेत कई लोगों ने मिलकर बेल्ट, लाठी और डंडों से उन पर हमला कर दिया। सतीश कुमार ने बताया कि पिटाई के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। वहीं विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेलवे लाइन किनारे मिला वृद्ध का शव

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार। शनिवार सुबह घर से निकले वृद्ध का शव गांव से करीब 4 किमी दूर रेलवे पटरी के किनारे बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी 80 वर्षीय वृद्ध ओमप्रकाश गुप्ता शनिवार की सुबह साइकिल से घर से निकले थे। उनका शव ग्राम करमुल्लापुर के निकट लखनऊ अयोध्या रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। मृतक ब्याज पर पैसे देने का काम करता था। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश गुप्ता शनिवार की सुबह वसूली के लिए निकले थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

चेहरे की पहचान के बाद ही बच्चों को मिलेगा भोजन

जिले के 2381 आंगनबाड़ी केंद्रों के 2.23 लाख बच्चों पर लागू होगी व्यवस्था, सीडीपीओ को दिये निर्देश

अयोध्या कार्यालय



शासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के चेहरे की पहचान (फेस रिकॉग्निशन) की व्यवस्था लागू करने के निर्देश मिले हैं। इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। सभी सीडीपीओ को निर्देश दे दिये गये हैं। अभी एक माह का समय लगेगा। **-अजय कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी।**

अमृत विचार : बेसिक और माध्यमिक विभाग की तर्ज पर अब आंगनबाड़ी केंद्रों के नौनिहालों के बच्चों की भी हाजिरी व्यवस्था में बड़ा बदलाव कर दिया गया है। अब आंगनबाड़ी केंद्रों में खेलने-कूदने और प्रारम्भिक ज्ञान हासिल करने वाले बच्चों के भी चेहरे की पहचान (फेस रिकॉग्निशन) होगी। उसके बाद ही उन्हें गर्म पका पकाया भोजन दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए यह हैरान कर देने वाला आदेश है, वजह छोटे बच्चों के चेहरे की पहचान मुश्किल भरा हो सकता है। यहां छह माह से छह वर्ष के बच्चे होते हैं। जिले में इस व्यवस्था के दायरे में 11 ब्लॉकों के 2381 आंगनबाड़ी केंद्रों के 2.23 बच्चे आयेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से सभी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) को निर्देश दिए गए हैं।

नई व्यवस्था पोषण घोटालों पर अंकुश लगाने और केवल पात्र लाभार्थियों को लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू हो रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से मिशन सक्षम आंगनबाड़ी, पोषण 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं में लगातार घपले की सूचनाओं के बाद सभी जिलों में तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था दी जा रही है। हालांकि अभी चेहरे की पहचान के लिए 2381 आंगनबाड़ी केंद्रों पर एफआरएस सिस्टम डेवलप किया जाना है। इसके लिए बच्चों का पूरा ब्यौरा सिस्टम के सॉफ्टवेयर और पोर्टल पर दर्ज किया जाना है। एनआईसी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक सप्ताह में सॉफ्टवेयर तैयार करना है।

इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्मार्ट टीवी, आरओ सिस्टम और बच्चों के लिए बाल-सुलभ फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है। बताया जाता है कि संभव अभियान के तहत पांच वर्षों में डेढ़ लाख बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और 12 लाख बच्चों को उपचार प्रदान किया जा चुका है। बाल विकास परियोजना कार्यालय के अनुसार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा जिले में विशेष रुचि ली जा रही है।

हादसे में बहन के घर जा रहे युवक की मौत, साथी घायल

संवाददात, फतेहपुर (बाराबंकी)

अमृत विचार : शनिवार को बहन के घर ग्यारहवीं शरीफ की मिठाई लेकर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा युवक घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही बहन के घर कोहराम मच गया।

जानकारी के मुताबिक मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा सआदतगंज निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद तलहा पुत्र इशरत अली शनिवार को अपने साथी अब्दुल सफी के साथ सीतापुर जनपद के महमूदाबाद में रहने वाली बहन के घर ग्यारहवीं शरीफ की मिठाई देने बाइक से जा रहे थे। कस्बा फतेहपुर में मस्तान रोड पर उनकी बाइक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंफर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल तलहा को सीएचसी फतेहपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार अब्दुल सफी आंशिक रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के तीन पुत्र अदनान, जिशान और फौजान हैं। पत्नी शफिकुन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भरतकुंड के कैकेयी सरोवर में मृत मिली मछलियां

मसौधा, अयोध्या

- ऑक्सीजन की कमी से हुई मौत, नहीं मिला कोई रासायनिक पदार्थ : एसडीएम

अमृत विचार : भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम के पौराणिक सरोवर में शनिवार सुबह बड़ी संख्या में मछलियां मृत होकर उतराती दिखीं। इसको लेकर स्थानीय लोगों व संतों में आक्रोश है। उनका कहना है कि गंदगी से विषैले हुए पानी से सरोवर में मछलियों की मौत हुई है। वहीं, सूचना मिलने पर एसडीएम सोहावल सविता राजपूत ने सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही दूषित पानी को निकालने के लिए जेसीबी मशीन बुलवाकर नाला खुलवाया और जल निकासी का कार्य शुरू कराया।

नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के सभासद प्रेम बाबू मौर्य ने बताया कि कई साल से इस पौराणिक सरोवर की सफाई नहीं हुई। सरोवर के उगे कमल के पौधों के चौड़े पत्ते भी पानी की ऊपरी सतह पर फैल गए हैं। जिसके चलते पानी में नीचे ऑक्सीजन नहीं पहुंच पा रही है। एसडीएम ने बताया कि सरोवर में मछलियों की संख्या अतिरिक्त हो गई थी, इसके कारण वहां ऑक्सीजन की कमी हो गई थी। उनका कहना है कि आसमान में बादल होने के कारण सूर्य की पर्याप्त रोशनी सरोवर के सतह तक नहीं पहुंच सकी, जिस कारण ऑक्सीजन की कमी हो गई थी। इसी के चलते मछलियों की मौत हुई है। सरोवर की सफाई करा चूने का छिड़काव करा दिया गया है। जांच में सरोवर में किसी प्रकार का रासायनिक पदार्थ नहीं पाया गया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य सुषमा ने भी इसकी पुष्टि की है।

दिनदहाड़े छात्रा के अपहरण का प्रयास, आटो चालक दबोचा गया

फतेहपुर, बाराबंकी। शनिवार दोपहर एक पीजी कालेज की नाबालिग छात्रा का आटो चालक व उसके साथियों ने जबरन अपहरण की कोशिश की। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मुख्य आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके चार साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के एक कालेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रोजाना साइकिल से कॉलेज आती-जाती है। 4 दिन पूर्व उसकी साइकिल पंक्चर हो गई थी, तभी एक आटो चालक ने मदद के बहाने छात्रा को घर छोड़ा दिया। इसके बाद से आरोपी लगातार छात्रा का पीछा कर उससे बातचीत का दबाव बनाने लगा। शनिवार दोपहर आरोपी युवक आटो पर अपने चार साथियों के साथ छात्रा को उनके साथ देवा चलने की बात कहने लगा। छात्रा के इंकार करने पर वह जबरन उसे रेलवे मालगोदाम के पास झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। छात्रा को परेशान देखकर लोगों ने तत्काल हिंदू संगठनों को सूचना दी। हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मुख्य आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान नालापार दक्षिणी वार्ड निवासी अमान के रूप में हुई है। सीओ जगतराम कन्नौजिया ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है। उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

अयोध्या की बेटी रुपम ने रूस में लहराया परचम

अयोध्या कार्यालय

- बौद्धिक मंच पर दिखाई प्रतिभा, 29 से 2 अक्टूबर तक रूस के सोची में हुआ अधिवेशन

रुपम मिश्रा।

अमृत विचार : राममंदिर निर्माण से वैश्विक पटल पर छाई अयोध्या की एक बेटी रुपम मिश्रा ने रूस में न केवल देश का प्रतिनिधित्व किया बल्कि दुनिया के सबसे बड़े बौद्धिक मंच कहे जाने वाले रूस के सोची के वाल्दाई डिस्कशन क्लब के अंतर्राष्ट्रीय महाअधिवेशन में अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। क्लब के इस 22वें महा अधिवेशन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत 42 देशों के 140 प्रतिभागियों की मौजूदगी रही। खास बात यह रही कि रुपम मिश्रा महाधिवेशन का सबसे युवा चेहरा थीं।

नगर की प्रतिष्ठित कॉलोनी शक्ति विहार निवासी सेवानिवृत्त एके मिश्र की पुत्री रुपम की शुरुआती पढ़ाई जेबीए अकादमी से रही और उसके बाद उन्होंने दिल्ली जेएनयू से स्नातक और परास्नातक किया। वर्तमान में पीएचडी कर रहीं रुपम मुंबई में एक निजी कंपनी में सेवारत हैं। उनके पिता शक्ति विहार रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एके मिश्र ने शनिवार को यहां बताया कि रूस का वाल्दाई डिस्कशन क्लब दुनिया का एक बड़ा बौद्धिक मंच है। जहां हर साल रूस के राष्ट्रपति समेत एशिया, यूरोप, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नेता और विद्वान वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार भारत के लिए गर्व का क्षण रहा, जब बेटी युवा भारतीय प्रतिनिधि के रूप में इस मंच पर 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शामिल हुईं। कहा कि वाल्दाई डिस्कशन क्लब की 22 वीं बैठक हुई,जिसका शीर्षक बहुकेंद्रित विश्व उपयोग के लिए निर्देश रहा। इसमें भारत की ओर से छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिभाग किया। जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस ,आईएफएस अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त आर्मी के अधिकारियों के साथ सीनियर रिसर्च फेलो सेंटर फॉर रसियन एंड सेंटल स्टडीज जवाहर लाल यूनिवर्सिटी दिल्ली की वाल्दाई डिस्कसन क्लब की एक्सपर्ट रुपम मिश्रा ने भी प्रतिभाग किया। रुपम शुक्रवार को मुंबई लौटीं हैं और शीघ्र ही अपने गृह जनपद अयोध्या आयेंगी।

अपर जिला जज ने वृद्धों को किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करते अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता।

अमृत विचार। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक के निर्देशानुसार शनिवार को वृद्धाश्रम अकबरपुर में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों के उनके अधिकार, उनके संरक्षण के लिए निर्मित कानून और योजनाओं के सम्बन्ध में अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ सहायक समाज कल्याण विभाग मशकूर इलाही, लिपिक प्रदीप कुमार और वृद्धाश्रम के वृद्धजनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रगति के प्रेरक हैं।

भरण-पोषण के लिए कर सकते हैं आवेदन : अपर जिला जज ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं वह अपने वयस्क बच्चों, ऐसे संबंधितों से भरण पोषण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिनका उनकी सम्पत्ति पर स्वामित्व है, जो कि उनकी सम्पत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं। वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का है वह अपने संबन्धितों से भी भरणपोषण की मांग कर सकता है।

शादी का झांसा दे किशोरी से दुष्कर्म

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस से शिकायत की कि कि शुक्रवार को उसकी 16 वर्षीया पुत्री को फरीदपुर जलालपुर गांव निवासी गोविंद शादी का झांसा देकर खेत में ले गया और उससे दुकर्म किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी है।

नपं अध्यक्ष के खिलाफ भाजपाइयों ने खोला मोर्चा

संवाददाता, जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

नपं अध्यक्ष की अभद्र टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन देते भाजपा नेता व भूमि विकास बैंक के निदेशक यमुना प्रसाद चतुर्वेदी और पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय व अन्य।

अमृत विचार : नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के अध्यक्ष विनोद प्रजापति और भाजपा जिलाध्यक्ष का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके समर्थकों को भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा सदन से बाहर निकालने, नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भाजपा जिलाध्यक्ष के बैठने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। इसके विरोध में बीते शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन किया गया था।

वहीं दूसरी तरफ भाजपाइयों ने शनिवार को एसडीएम सुभाष सिंह और सीओ को ज्ञापन देकर नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति और उनके समर्थकों पर भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और गलत आरोप लगाने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के चेयरमैन विनोद प्रजापति द्वारा विगत चार दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी पर आरोप लगाया जा रहा है। भाजपाइयों का कहना है कि अभद्र टिप्पणी कर भाजपा जिलाध्यक्ष व पार्टी की छवि को धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है। भाजपाइयों ने ज्ञापन में कहा है कि विनोद प्रजापति के सहयोगी उमेश वर्मा ग्राम अल्लीपुर वर्जी प्रधान वर्मा के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर लगातार भाजपा जिलाध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। ज्ञापन देते समय भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक निदेशक यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय, पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया, श्यामनाथ शुक्ला, अमित गिरी, विनय पांडेय, नीरज सोनी, अरविंद उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह और कन्हैया सिंह, विशाल सिंह, आनंद जायसवाल व भगवान पांडेय सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

चिकित्साधिकारी को जान से मारने की धमकी

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : सीएचसी के चिकित्साधिकारी को फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चिकित्साधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते एक अक्टूबर की सुबह उनके मोबाइल पर एक नंबर से लगातार कॉल आई। कॉल बैक करने पर फोन उठाने वाले ने अपना नाम लाल मोहम्मद बताया। उसने कहा कि डॉक्टर ने उसके भाई का मेडिकल किया था और उसके खिलाफ गवाही दी है। उन्होंने जब मामले की जानकारी मांगी तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

विसर्जन स्थलों पर रखी जाए निगरानी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

राजघाट विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और एसपी।

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र पर जनपद में मां दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन कार्य को सकुशल और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील टांडा स्थित राजघाट विसर्जन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां चल रहे प्रतिमा विसर्जन कार्यों को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्ण सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में शिथिलता न हो। सभी अधिकारी और कर्मचारी सजगता के साथ कार्य करें और विसर्जन कार्यक्रम निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने जल पुलिस, गोताखोर दल, चिकित्सा दल सहित सभी संबंधित विभागों की तैनाती की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि प्रतिमा-विसर्जन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा भीड़-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सपा की बैठक में एसआईआर पर चर्चा

आजमगढ़, अमृत विचार : सपा की बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें एसआईआर को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विधानसभाओं के विधायकों को इसका प्रभारी बनाया गया। सभी विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष सह प्रभारी होंगे। विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि अंबेडकर साहब के द्वारा दिए गए अधिकार की सुरक्षा समाजवादी पार्टी ही कर सकती है। बैठक को विधायक आलमबदी आजमी, विधायक डा. संग्राम यादव, नफीस अहमद, बेचई सरोज, अखिलेश यादव, कमलाकांत राजभर ने संबोधित किया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सोते नजर आए बीडीओ जहांगीरगंज सतीश सिंह।

संपूर्ण समाधान दिवस में सोते रहे बीडीओ

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को आलापुर तहसील के वसुंधरा सिंह सभागार में जिम्मेदार अधिकारी कुर्सी पर बैठकर खर्राटे लेते दिखे। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। आलापुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतों के निस्तारण के समय बीडीओ जहांगीरगंज सतीश सिंह आंखें मूंदे खर्राटे भरते नजर आए। पास में बैठे रामनगर के बीडीओ जगन्नाथ चौधरी मोबाइल में व्यस्त दिखाई दिए। तहसील दिवस में एएसपी पूर्वी श्यामदेव, एसडीएम सुभाष सिंह धामी और सीओ समस्याएं सुन रहे थे, लेकिन बीडीओ सतीश सिंह की हरकत लोगों को हतप्रभ कर गई।

चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जनपद में एक मोबाइल दुकान में हुई लाखों की चोरी का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दुकान का एक पूर्व कर्मचारी भी शामिल है। चोरी के माल को खपाने के लिए आरोपी ने खुद की मोबाइल दुकान खोल ली थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 20 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ऋषभ गोस्वामी और रंजन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 कीपैड और सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित मोबाइल कवर, बैटरी, चार्जर, यूएसबी केबल और अन्य एक्सेसरीज बरामद की है।

संपूर्ण समाधान दिवस | **सीडीओ और एसपी ने जलालपुर तहसील में सुनीं शिकायतों, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश**

316 शिकायतों में से 32 का किया गया निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

जलालपुर तहसील में लोगों की शिकायतें सुनते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर।

अमृत विचार : जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 316 शिकायतें आईं जिसमें से मौके पर 32 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।

जलालपुर तहसील में एसपी अभिजित आर. शंकर और सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को सुना और कई शिकायतों का निस्तारण कराया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जलालपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ और एसपी के समक्ष कुल 135 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आलापुर तहसील में 51 प्राथना पत्र आए। सात का निस्तारण किया गया। टांडा में एसडीएम और सीओ के समक्ष 31 शिकायतें आईं जिनमें से चार का निस्तारण किया गया। अकबरपुर तहसील में 56 मामले आए, जिनमें से 6 का निस्तारण किया गया। भीटी तहसील में एसडीएम और सीओ के समक्ष कुल 43 मामले आए जिनमें से 6 का निस्तारण किया गया।

शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता

अधिकारियों द्वारा संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। सीडीओ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य की समस्याओं का निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

ट्रैक्टर चालक व डीजे संचालक पर केस

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जलालपुर पुलिस ने मूर्ति विसर्जन जुलूस में तेज आवाज में डीजे बजाने पर ट्रैक्टर चालक और डीजे संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक शैलेन्द्र चौधरी भ्रमण कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि जीजीआईसी चौराहे पर एक मॉडिफाइड डीजे ट्रैक्टर तेज आवाज में ध्वनि प्रदूषण फैलाते हुए जा रहा है। पुलिस ने जांच में पाया कि ट्रैक्टर चालक संतोष वर्मा है। वहीं डीजे संचालक रवि तिवारी है। डीजे संचालक ने नियमों की अनदेखी की। इस पर पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और ध्वनि प्रदूषण निवारण की धारा में मुकदमा दर्ज कर डीजे को सीज कर कार्रवाई की।

एसडीएम कार्यालय से न्यायिक दस्तावेज गायब

आजमगढ़, अमृत विचार : आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गहजी गांव निवासी दयाशंकर चौबे ने बताया कि 1980 में पिता शंभू चौबे ने बस्तीभुजबल बाजार में दो विस्वा जमीन का बैनामा कराया था। तीन साल पहले पिता की मौत के बाद खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए दयाशंकर चौबे से लेखपाल द्वारा दस्तावेज की प्रमाणित प्रति मांगी गई जो नहीं मिली। उधर उक्त जमीन पर बने निर्माण को तोड़कर जमीन को अपना बताकर निर्माण कुछ लोगों ने कार्य शुरू कर दिया। जब दयाशंकर को डीएम व एसडीएम के यहां से मदद नहीं मिली उल्टे थाने पर शिकायत करने पर शांति भंग चालान कर दिया गया। पीड़ित ने आरटीआई के तहत रिकॉर्ड मांगा। राजस्व अभिलेखागार द्वारा सूचना में उक्त पत्रावली एसडीएम कार्यालय को 8 जुलाई 2002 को प्रेषित है। जब यही सूचना तहसील कार्यालय से मांगी तो 24 जनवरी 2025 को सूचना दी कि पत्रावली 2001 से 2002 तक 18 जनवरी 2010 को अभिलेखागार भेजी गई। उक्त पत्रावली न तो एसडीएम दफ्तर है न अभिलेखागार में है। पीड़ित तीन साल से भटक रहा है। उसने इसकी शिकायत अपर मुख्य सचिव राजस्व से भी की है।

न्यूज ब्रीफ

बालिकाओं को किया गया जागरूक

गोसाईगंज, सुलतानपुर: मिशन शक्ति अभियान के तहत जासापारा स्थित श्रीमती केवला देवी बालिका शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मिशन शक्ति प्रभारी अखिलेश सिंह व पुलिस टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि की जानकारी दी। साथ ही कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं से अवगत कराते हुए बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

लंभुआ, सुलतानपुर: सबसुखपुर जमसुरी गांव की ललिता देवी ने पति अंकित पांडे व ससुरालजनों पर दहेज न मिलने पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि गाड़ी व पांच लाख रुपये की मांग न पूरी करने पर मारपीट की गई और पति ने साथ छोड़ दिया।

शस्त्र पूजन आज

सुलतानपुर, अमृत विचार: राजपूताना शौर्य फाउंडेशन आर्यावर्त द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम रविवार को शहर के गंगा मैरिज लॉन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश संचालक मंडल के सदस्य एवं जिला संरक्षक एडवोकेट अरविंद सिंह राजा ने दी। बताया कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पारंपरिक रीति-रिवाजों से शस्त्र पूजन करेंगे।

सेलेक्टर बनीं अनुपम

सुलतानपुर, अमृत विचार: उत्तर-प्रदेश की हैंडबाल राज्य प्रतियोगिता अंडर 14,17,19 बालक, बालिका आगरा में संपन्न होनी है। खिलाड़ियों के चयन के लिए दूबेपुर विकास खंड के प्रथमिक विद्यालय पाल्हीपुर की सहायक अध्यापिका अनुपम शुक्ला को सेलेक्टर बनाया गया है।

कार का टायर बदल रहे पति को वाहन ने रौंदा, मौत, पत्नी घायल

सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल को भेजा सीएचसी, पुलिस को दी सूचना

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः शुक्रवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा हो गया। गाड़ी का टायर बदल रहे पति को अज्ञात वाहन रौंदते हुए चला गया वहीं टार्च दिखा रही पत्नी भी गंभीर रूप से चोटिल हो गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल को सीएचसी भेजा, वहीं मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

बिहार के विजयनगर निवासी गुल्लू जायसवाल अपनी पत्नी रिंकी देवी के साथ कार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते शुक्रवार की शाम लखनऊ से बिहार जा रहा था। जैसे ही उसकी कार हलियापुर थाना क्षेत्र के 88 माइल स्टोन पर रात्रि 11 बजे पहुंची तभी कार का दाहिना टायर पंचर हो गया। जिस पर गुल्लू ने अपनी कार पीली पट्टी में खड़ी कर टायर खोल रहा था उसकी पत्नी रिंकी देवी मोबाइल से टार्च दिखा रही थी। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए गुल्लू को सौ मीटर तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रिंकी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायल रिंकी देवी को सीएचसी कुमारगंज भेजा, जहां से मौजूद चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची हलियापुर पुलिस ने गुल्लू के शव को कब्जे में ले लिया है। हलियापुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक तरुण पटेल ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है। उनके आने के बाद ही शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गयी जान

कूरेभार, सुलतानपुर: शनिवार की सुबह छह बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवाई हलियापुर मार्ग पर फुलौना बजार के समीप बरौला गांव के पास सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक स्थानीय घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक बरौला गांव के समीप फुलौना की ओर से आ रहे बाइक सवार को कूरेभार की तरफ से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्थानीय निवासी ऊदल जो सुबह टहलने निकले थे चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को सीएचसी कूरेभार भेजा। मृतक की पहचान सुरजीत कुमार (20 वर्ष) निषाद पुत्र संतराम निषाद निवासी खालिसपुर दुर्गा छीटेपट्टी, दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि युवक एक फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए युवक के परिजनों को सूचित कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अधिवक्ताओं की एकजुटता न्याय व्यवस्था की मजबूती का प्रतीकः जय नारायण

सुलतानपुर, अमृत विचारः बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के माननीय सदस्य जय नारायण पांडेय एडवोकेट ने बार एसोसिएशन सुलतानपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव दिनेश कुमार दूबे एडवोकेट सहित सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। श्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं की एकजुटता न्याय व्यवस्था की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और न्यायिक कार्यों में सहयोग की दिशा में अहम निभाएगी। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। नवगठित कार्यकारिणी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

महिलाओं को जागरूक करतीं एआरटीओ प्रशासन अल्का शुक्ला। अमृत विचार

100 महिलाओं को मिलेगा ड्राइविंग प्रशिक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचार: सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा 'ड्राइविंग माय ड्रीम्स' मेगा इवेंट तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सैनिक मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में समुलेटर मशीन के माध्यम से 48 महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया। सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) ने उपस्थित महिलाओं को मोटर ड्राइविंग से संबंधित जानकारी दी। 25 महिलाओं का ड्राइविंग लाइसेंस हेतु पंजीकरण भी कराया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलका शुक्ला ने महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में पंकज, रेवती रमण तिवारी, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, महेश सिंह, संतोष पाल, प्रवीन सहित सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

सनातन पर अमर्यादित टिप्पणी से सुलगी सियासत

करौंदीकला, सुलतानपुर

अमृत विचारः करौंदीकला क्षेत्र के अमरेमऊ गांव में आयोजित अशोक विजय दशमी कार्यक्रम के दौरान मंच पर दिए गए एक विवादित बयान से राजनीतिक घमासान खड़ा हो गया। बौद्ध विहार मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक राजेश गौतम, पूर्व विधायक भगेलू राम सहित कई लोग मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान मोस्ट पार्टी के मुखिया व एमजीएस इंटर कॉलेज के शिक्षक श्यामलाल निषाद ने मंच से भगवा और सनातन धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी कर डाली। उन्होंने भगवा को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करने के साथ ही हिन्दू धर्म और आस्था पर आपत्तिजनक बातें कही। उनका यह बयान वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। बयान का विरोध करते हुए भाजपा से स्थानीय विधायक राजेश गौतम ने मंच से ही प्रतिक्रिया दी और कहा कि "गर्व से कहो हम हिन्दू हैं, हमारी संस्कृति से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।" इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों में विवाद बढ़ते-बढ़ते हाथापाई की स्थिति बन गई। शनिवार की शाम सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हिन्दू संगठनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस मौके पर विवेकानंद उपाध्याय डब्बू, प्रधान मनोज तिवारी, चंद्रभान उपाध्याय, गौरव सिंह, छोटे मिश्र, संजय उपाध्याय, संजय सिंह, सुनील सिंह, लालजी पांडेय, अशोक उपाध्याय, गणेश, बुद्धू पांडेय, दयाराम उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

थाने पहुंचकर हिंदू संगठन के लोगों ने आरोपियों पर केस दर्ज करने की मांग की। अमृत विचार

अंबेडकरनगर में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में सुलतानपुर विजेता

सुलतानपुर, अमृत विचारः जिले से चयनित सब जूनियर क्रिकेट के खिलाड़ियों की टीम ने अंबेडकर नगर में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैचों में एक तरफा जीत दर्ज की। पहला मैच अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर के बीच खेला गया जिसमें सुल्तानपुर ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर 62 रन बनाए जवाब में अंबेडकर नगर की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य पूरा न कर सकी और उसके खिलाड़ी 53 के स्कोर पर ऑल आउट हो गए। मैन ऑफ द मैच अमित मिश्रा रहे जिन्होंने तीन विकेट लिया था।फाइनल प्रतियोगिता सुलतानपुर और बाराबंकी के बीच खेला गया जिसमें सुलतानपुर ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 103 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी बाराबंकी की टीम महज 37 रन ही बना सकी से मैन ऑफ द मैच देवांश रहे जिन्होंने 34 रन बनाकर विकेट कीपर की भूमिका निभाई स टीम कोच सुरेंद्र वर्मा, दिलीप कुमार व नंदलाल टीम के साथ मौजूद रहे। खिलाडियों के प्रदर्शन पर जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया मुनेंद्र मिश्रा सुरेश यादव सहित खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने खुशी जताई है।

पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे पूर्व विधायक संतोष पांडेय व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विपुल मिश्र। अमृत विचार

मृतकों के घर पहुंचे पूर्व विधायक

लंभुआ, सुलतानपुर : लंभुआ के धरियामऊ हादसे में तीनों मृतकों के घर अर्जुनपुर पहुंचे पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर संतोष पांडेय ने मृतकों के परिवारों के लिए आर्थिक सहायता जुटाने हेतु क्यूआर कोड जारी किया और आम जनता से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग डिजिटल माध्यम से सीधे मदद भेजकर परिवारों की सहायता कर सकते हैं। उनके साथ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विपुल मिश्रा (द मिश्रा जी) भी रहें। उन्होंने चाचा युवा नेता हर्षित मिश्रा की तरफ से 11 हजार का सहयोग किया। साथ ही उन्होंने अपनी आईडी से लोगों से पीड़ित परिजनों के लिए मदद भी मांगी। बीते दिनों एक निर्माणाधीन मकान के स्लैब ढलने से अर्जुनपुर के तीन युवाओं की मौत हो गई थी।

पूर्व कोऑपरेटिव चेयरमैन के केस में गवाह तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : मारपीट व हत्या की धमकी के आरोपों से जुड़े कोआपरेटिव बैंक के तत्कालीन चेयरमैन विजय मिश्र के मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के गवाह रवीन्द्र बहादुर सिंह को तलब कर सुनवाई के लिए 28 अकटूबर की तारीख नियत की है। वही आरोपी विजय मिश्र कोर्ट में हाजिर नही हुए उनकी तरफ से हाजिरी माफी दी गई। वादी पक्ष के अधिवक्ता अजय त्रिपाठी के अनुसार, 11 मई 1998 की घटना में कोतवाली नगर के नवीपुर निवासी वादी श्यामदेव यादव ने आरोप लगाया था कि हनुमानगंज निवासी आरोपी विजय मिश्र व उनके चचेरे भाई केश कुमार मिश्र ने उनके पुत्र प्रदीप यादव का जान से मारने की नियत से अपहरण किया। मामले में तफ्तीश के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, सदोष परिरोध व हत्या की धमकी देने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी।

पृथ्वी पर अधर्म बढ़ने पर भगवान लेते अवतार : पं. सर्वेश

सुलतानपुर, अमृत विचारः लोरिकपुर गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में श्रद्धा व भक्ति के वातावरण में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा वाचक आचार्य सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज अपने मधुर वचनों से भागवत महिमा का रसपान करा रहे हैं। तीसरे दिन महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की पुनःस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। बाल्यावस्था की माखन चुराने की लीलाएं और ग्वाल-बालों के साथ कृष्ण के मनोहर प्रसंगों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के अंत में मुख्य यजमान वीरेंद्र मिश्र ने पत्नी कृष्णा के साथ कथा व्यास की आरती उतारी। कथा आयोजक प्रधान प्रतिनिधि सरकौडा अतुल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए भंडारे व प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। कथा के दौरान वरिष्ठ समाज सेवी राजेश सिंह, दीपक दूबे, नागा सिंह, राजन सिंह, अनूप मिश्रा, संतोष मिश्रा, शिवा मिश्र, स्वीटी मिश्रा, मिष्ठी सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

पं. सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज।

जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, चार घायल

भदैंया, सुलतानपुर : शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भुआपुर गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अशोक बर्मा और भारत बर्मा के बीच जमीन को लेकर कहासुनी बढ़ी तो देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। मारपीट में भारत बर्मा (21), मुन्नी देवी (35), सिलोचना (12) और अशोक बर्मा (35) घायल हुए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैंया भिजवाया। पीड़िता मुन्नी देवी की तहरीर पर पुलिस ने अशोक वर्मा समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि दूसरे पक्ष से अभी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। थानाध्यक्ष ज्ञानेश दूबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कोरोना योद्धा की मूर्ति का हुआ अनावरण

संवाददाता, लंभुआ, सुलतानपुर : महामारी कोरोना काल में मरीजों की सेवा करते हुए अपने जीवन का बलिदान देने वाले कोरोना योद्धा डॉ लक्ष्मीकांत साहू की स्मृति में शनिवार को उनके पिता ने परिजनों संग प्रतिमा का अनावरण किया। नगर पंचायत लंभुआ के गांधी नगर वार्ड निवासी डॉ साहू अमेठी जनपद के शाहगढ़ सीएचसी पर अधीक्षक पद पर तैनात थे। सेवा के दौरान संक्रमित होने से 19 अप्रैल 2021 को 36 वर्ष की अल्पायु में उनका निधन हो गया था।परिवर्तन संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण गांधी ने उनके नाम पर मार्ग व मुख्य द्वार बनाए जाने की मांग सांसद व विधायक से की थी, पर उपेक्षा मिलने पर पिता ने स्वयं अपनी भूमि पर पुत्र की स्मृति में एक वाटिका बनाकर प्रतिमा स्थापित की। अनावरण के दौरान उनके छोटे भाई आईआरएएस अधिकारी रजनीकांत साहू, पत्नी रुचि गुप्ता, पुत्र पार्थ साहू समेत परिजन व गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतिमा का अनावरण करते समय पिता की आंखें भर आईं।इस मौके पर राजेंद्र सिंह, डॉ रामकरन वर्मा, डॉ शाश्वत, अमृतलाल साहू, भारत गांधी, रामतीरथ साहू, रामजस यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और कोरोना योद्धा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व विधायक समेत 19 आरोपी बरी

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः मायंग में पुलिस टीम पर हमले के 19 वर्ष पुराने चर्चित मामले में शनिवार को विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू सिंह समेत 19 आरोपियों को बरी कर दिया। यह मामला 24 अगस्त 2006 का है, जब कूरेभार थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी जे.एल. सरोज ने पूर्व विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस टीम पर हमले, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा डालने और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए, वही बचाव पक्ष ने छह गवाहों की गवाही दर्ज कराई।

अभियोजन पक्ष द्वारा आरोप सिद्ध करने योग्य ठोस साक्ष्य न प्रस्तुत किए जा सके। अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने तर्क दिया कि आरोप राजनीतिक द्वेषवश लगाए गए थे तथा घटना के संबंध में किसी स्वतंत्र गवाह ने अभियोजन की पुष्टि नहीं की।

मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सत्येन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, तिलकधारी , मनुभद्र सिंह, सुशील सिंह, राजेश सिंह, हैडिंल सिंह, सुजीत सिंह, शोभनाथ मिश्र, सुनील मिश्र, सतीश मिश्र, देवप्रकाश तिवारी, वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंकू, रामअचल, शिवपूजन पूजन पांडेय, इंद्रमणि दूबे, त्रिलोकीनाथ, संजय सिंह, रणविजय , श्यामसुंदर सिंह, कल्लू गुप्ता, टिल्लू गुप्ता, गिरिजाप्रसाद मिश्र के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी इनमे से विचारण के दौरान सह-आरोपी तिलकधारी सिंह, शिवपूजन पांडेय, संजय सिंह, श्यामसुंदर सिंह, राजेश सिंह और कल्लू गुप्ता की मृत्यु हो गई थी। अदालत के इस फैसले के बाद पूर्व विधायक सोनू सिंह के समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया। वहीं, बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने इसे न्याय की जीत बताया।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

सुलतानपुर, अमृत विचार : शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। शनिवार को डीएम कुमार हर्ष अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया था। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम कुमार हर्ष व सीडीओ अंकुर कौशिक ने फरियादियों की समस्याओं,शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उसके निस्तारण का निर्देश अधिकारियों को दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 93 शिकायती पत्र मिले जिनमें से 22 शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही निस्तारण करवा दिया। उधर, जयसिंहपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

युवा कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान। अमृत विचार

वोट चोरी के विरोध में हस्ताक्षर अभियान

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर युवा कांग्रेस ने शनिवार को शहर के राजीव गांधी पार्क तिकोनिया पार्क में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। प्रदेश सचिव मोहित तिवारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। मोहित तिवारी ने कहा कि जनता वोट चोरी के खेल को समझ चुकी है और परिवर्तन अब दूर नहीं है। पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने सरकार पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाया। इस दौरान महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

परिणाम घोषित | सरगर्मियों के बीच संपन्न हुआ जयसिंहपुर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव

रवि शंकर मिश्र अध्यक्ष, वीरेंद्र वर्मा सचिव हुए निर्वाचित

सुलतानपुर, अमृत विचारः जयसिंहपुर बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव सरगर्मियों के बीच संपन्न हो गया। शनिवार को घोषित परिणामों में रविशंकर मिश्रा अध्यक्ष व वीरेंद्र प्रकाश वर्मा महासचिव चुने गए। इन दो प्रमुख पदों के लिए छह प्रत्याशी मैदान में थे। जिसके चलते शनिवार की सुबह मतदान हुआ, शाम को परिणाम घोषित किया गया। अध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश शुक्ला, बब्बन प्रसाद मिश्रा और रविशंकर मिश्रा मैदान में थे, जबकि महासचिव पद के लिए प्रदीप कुमार शुक्ला, वीरेंद्र प्रकाश वर्मा और प्रेमशंकर पांडेय ने नामांकन दाखिल किए थे। करीब एक सप्ताह तक चले चुनावी प्रचार के बाद शनिवार को मतदान हुआ। बार एसोसिएशन के कुल 73 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव समिति के पदाधिकारी विजय शंकर शुक्ला, अमित शुक्ला और एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों की मौजूदगी में सुबह साढ़े दस बजे से मतदान शुरू हुआ। शाम चार बजे मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा को 37 मत मिले, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बब्बन प्रसाद मिश्रा को 7 मतों से हराया। वहीं ओम प्रकाश शुक्ला को 5 मतों से ही संतोष करना पड़ा। महासचिव पद के लिए वीरेंद्र प्रकाश वर्मा ने सर्वाधिक 38 मत प्राप्त किए। उन्होंने प्रदीप शुक्ला को 18 मतों के अंतर से पराजित किया। प्रदीप शुक्ला को 20 मत तो प्रेमशंकर पांडेय को 15 मत मिले। अध्यक्ष पद पर कुल 73 मतों में से एक मत अवैध पाया गया, जिससे 72 वैध मतों पर गणना हुई। जबकि सचिव पद पर 73 मतों पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।

बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

पहले हो चुके थे निर्विरोध निर्वाचित

इससे पहले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रवींद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष पद पर श्रीनाथ वर्मा, देवानंद पांडेय सहसचिव प्रशासन, प्रशासनिक सचिव संतोष मिश्रा, श्रीकृष्ण सिंह सह सचिव पुस्तकालय, चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी सहसचिव कल्याण निधि, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य में सत्येंद्र शुक्ल, भगवान सिंह, गोविंद पांडेय, धनंजय चौबे, वहीं कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य में हरि शंकर शुक्ल, राम बहादुर सिंह, धर्मेंद्र कुमार के पदों के लिए एक ही नामांकन के चलते उक्त सभी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई दी। इस मौके पर प्रशासनिक सचिव संतोष मिश्रा, राम बहादुर सिंह, विवेक श्रीवास्तव, धनंजय सिंह व गया प्रसाद तिवारी सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

दुर्गापूजा महोत्सव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

सुलतानपुर, अमृत विचार : ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव में डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी फाउंडेशन द्वारा 17वें वर्ष भी निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। फाउंडेशन संचालित डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी होम्योपैथिक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर की ओर से श्रद्धालुओं को परामर्श और दवा उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर का शुभारंभ सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आरए वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान डॉ. अभिषेक पांडेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, अधिवक्ता अतुल शुक्ल, आशीष शुक्ल, पंकज श्रीवास्तव, अरुण दुबे, दिलीप मिश्रा, मनोज शुक्ला, गंगा प्रसाद दुबे, आचार्य हनुमान प्रसाद मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र उत्तम गौतम व उसकी पत्नी श्रीमती कान्ती को उनके अशोभनीय कृत्यों, से असंतुष्ट होकर उनको अपनी समस्त चल– अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा, श्यामू गौतम पुत्र सुंदरलाल निवासी देवरिया खुर्द थाना चिनहट लखनऊ

सूचना
मैं अपने पुत्र शिवाशु राठौर के गलत चाल चलन एवं अभ्रद व्यवहार के कारण अपनी चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अशोक कुमार राठौर पुत्र स्व0 मनीराम राठौर , निवासी– ग्राम गौराहा पोस्ट मंधना बांगर बगदौधी कानपुर नगर**

सूचना
मैने अपना नाम MOHAMMAD ILIYAS से बदलकर MOHD ILIYAS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GULZAR ADD-MOHALLA AHATA HAKEEM JI SHAHABAD DEHAT DIST-HARDOI-2411249U.P)

सूचना
मैने अपना नाम GULSHAN NAZ से बदलकर GULSHAN NAAZ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHD ILIYAS ADD-MOHALLA AHATA HAKEEM JI SHAHABAD DEHAT DIST-HARDOI-241124 (U.P)

सूचना
मैं **बृजेश कुमार पुत्र शत्रोहन लाल, निवासी– ग्राम नारायन पुर मजरे गौरा गजनी पोस्ट शाहपुर भगौली परगना व तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी** मैने अपने बड़े पुत्र जितेन्द्र कुमार उर्फ राहुल के गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उपरोक्त द्वारा यदि कोई कृत्य, वाद–विवाद, लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना–देना नहीं है ना तो किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

सूचना
पहले मेरा नाम MANZAR ABBAS था। अब मैने बदलकर अपना नाम MANZAR ABBAS RIZVI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए पता – 463/59 हाता मिर्जा अली खान हुसैनाबाद थाना – ठाकुरगंज चौक लखनऊ– 226003

सूचना
मैं **गोमती देवी पत्नी संतोष कुमार निवासिनी ग्राम भूड़ा थाना गुरसहागंज जिला कन्नौज** मेरा पुत्र शिशिर कुमार जो कि अपराधिक किस्म का व्यक्ति है जिसका चाल चलन खराब हो गया वह आये दिन अनैतिक कृत्य करता रहता है काफी समझाने के बावजूद भी वह मेरी कोई बात मानने को तैयार नहीं है तथा आये दिन मारपीट व लड़ाई झगड़ा करके मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। इसलिये मैं अपने पुत्र शिशिर कुमार को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। उक्त पुत्र शिशिर कुमार द्वारा जो भी अच्छा बुरा कृत्य किया जायेगा उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जिससे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व सम्बन्ध नहीं रहेगा।

सूचना
मेरे किसान विकास पत्र संख्या 9477–संख्या न.37CE796126 है जिसकी अविध पूर्ण है उसमें अंकित नाम शकुन्तला पत्नी चिनकन है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम शुक्ला पत्नी चिनकन है शकुन्तला व शुक्ला यह दोनो नाम एक ही महिला का है यही दोनो नामो से जानी व पहचानी जाती है। **शुक्ला पत्नी चिनकन ग्राम गोल्हीपुर सादुल्लानगर उतरौला –बलरामपुर**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **शब्बीर अली पुत्र अल्ला बक्श ग्राम हसनपुर पर.तह. डलमऊ थाना लालगंज** का रहने वाला हूं। मेरे चार पुत्र मुमताज अली, सिरताज अली, मुस्ताक अहमद, मुस्ताक अली जो कि बालिग हैं। मेरे बड़े पुत्र मुमताज अली का चाल चलन ठीक नहीं है। मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके कृत्यों व लेनदेन से मै और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र सुरेश कुमार व उसकी पत्नी कोमल से परेशाम हो गया हूं। पुत्र व बहू के चाल चलन की वजह से उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके कृत्यों व लेनदेन से कोई सरोकार नहीं है। **जंग बहादुर पुत्र सुखलाल, निवासी– ग्राम/पोस्ट शांती खेड़ा, चहोतर, रायबरेली, मो. 9219633361**

न्यूज ब्रीफ

जीएसटी दरों में कमी से राहत : रमापति शास्त्री

नवाबगंज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी दरों में की गई कटौती से अब आमजन को सस्ता सामान मिलेगा और किसानों को कृषि उपकरणों पर राहत मिलेगी। यह बातें मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने शनिवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित व्यापारियों की बैठक में कही। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नवाबगंज इकाई के जिला उपाध्यक्ष सरदार जिंदल सिंह ने कहा कि सरकार का निर्णय सराहनीय है, पर व्यापारी वर्ग की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। संगठन प्रभारी महेश गुप्ता ने कहा कि दरें घटने से बाजार में रौनक लौटेगी और बिक्री में इजाफा होगा।

कनेक्शन क्षमता की जांच की

रुपईडीह, अमृत विचार। विद्युत उपकेंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित बिजली कर्मियों की टीम ने कस्बा आर्य नगर में 12 उपभोक्ताओं के कनेक्शन के क्षमता के बारे की जांच की। टीम में जितेंद्र कुमार तिवारी, इंदल प्रसाद शुक्ल, दिनेश तिवारी व रघुनाथ मिश्र शामिल रहे।

सड़क मरम्मत को मिली मंजूरी

इटियाथोक। ग्राम पंचायत बरडीहा से सेखुई ट्यूबवेल तक बनने वाली करीब 1650 मीटर लंबी सड़क की मरम्मत को मंजूरी मिल गई है। यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार उठाई जा रही मांग के बाद अब इसका समाधान तय हो गया है। जानकारी के अनुसार, सड़क मरम्मत के लिए 27 लाख 10 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है और कार्य का टेंडर भी हो चुका है। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होते ही जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर राहत और संतोष जताया है। उनका कहना है कि कार्य शुरू होने के बाद गांव से होकर बाजार, स्कूल, अस्पताल व अन्य स्थानों तक आने-जाने में आसानी होगी।

कर प्रणाली में सुधार को लेकर हुई कार्यशाला

गौरा चौकी : विधानसभा गौरा में कर सुधार प्रणाली लागू होने पर विधायक प्रभात वर्मा ने लोगों को राहत होने के तरीके के बारे में जानकारी दी। आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि जीएसटी के लागू होने से हमारे देश की कर प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम तीरथ वर्मा, पप्पू शुक्ला, रामचंद्र वर्मा, राधिका देवी, विक्की मिश्रा, जितेंद्र पांडे, मधु सिंह, राजन सिंह, शिवप्रसाद यादव, दयाशंकर पांडे, बीडी पाठक, राकेश पांडे, रक्षा राम वर्मा, रोहित, भारत, भूपेश मिश्रा, पप्पू सिंह, राकेश भारती, मनीष पांडेय, विश्वनाथ पाठक समेत भारी संख्या में लोग मौजुद रहे।

राहुल गांधी पर टिप्पणी करने पर बिफरे कार्यकर्ता

गोंडा : शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने कोतवाली नगर पहुंचकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पिंटू महादेव के एक न्यूज चैनल के डिबेट में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को उनके पिता एवं दादी का जैसा हश्र हुआ था उसी तरह राहुल गांधी के सीने पर गोली मारी जाए जैसे आपत्ति जनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली पुलिस को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को ज्ञापन देकर पिंटू महादेव के ऊपर मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में सुभाष चंद्र पांडे, हनुमान प्रसाद, सैय्यद अब्दुल मुजीब, शिव कुमार दुबे, वसीम सिद्दीकी, विनय प्रकाश त्रिपाठी, महमूद अहमद, शाहिद अंजुम, जरनील हयात, हरिराम वर्मा, रिजवान, भगवती प्रसाद उपस्थित रहे।

जिन्हें शासकीय कार्य करने में दिक्कत है वे नौकरी से इस्तीफा दे दें

शिक्षकों द्वारा बीएलओ कार्य से मुक्त करने की मांग पर भड़कीं जिलाधिकारी

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा

जनसुनवाई करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

अमृत विचार : शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संयुक्त रूप से जनता की समस्याएं सुनीं। तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने भूमि विवाद, शैक्षिक, राजस्व, पुलिस सहित जनहित से जुड़ी कुल 101 शिकायतें दर्ज कराएं, जिनमें से 05 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को पत्र देकर बीएलओ कार्य से मुक्त करने की मांग की। इस पर डीएम प्रियंका निरंजन ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उनका पालन करना ही पड़ेगा। आप लोग सरकार से वेतन लेते हैं तो सरकार के अनुरूप कार्य भी करना होगा, नहीं तो इस्तीफा दे दीजिए। डीएम ने मौके पर ही बीएसए अतुल त्रिपाठी को निर्देश दिया कि समाधान दिवस में शामिल शिक्षकों की जांच करें कि उन्होंने स्कूल से विधिवत अवकाश लिया है या नहीं। डीएम की सख्त कार्यवाही से शिक्षक सभा कक्ष से बाहर निकलने लगे। वहीं लेखपाल संघ द्वारा क्रॉप कटिंग सर्वे कार्य में लापरवाही पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी आम व्यक्ति को भी नक्शा और गुनिया दे दी जाए तो नाप सकता है, फिर लेखपाल ऐसा क्यों नहीं कर पा रहे। समय से कार्य पूरा न हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। लेखपाल संघ द्वारा जिलाध्यक्ष के लेटर पैड पर पत्र देने पर डीएम ने नाराजगी जताई और कहा कि नेतागीरी बर्दाश्त नहीं करती। राजस्व विभाग के कर्मचारियों को शासन और राजस्व परिषद के निर्देशों का पालन करना होगा। जो लेखपाल काम नहीं करेंगे, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। छपिया थाना क्षेत्र की निवासी रामलली ने शिकायत की कि उसके पुत्र राजकुमार की 3 मार्च 2025 को आजाद नगर चौराहा थाना खोड़ारे के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। दुर्घटना के बाद उसे बुक्कनपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, लेकिन अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। इस पर डीएम ने सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा को तत्काल प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। सीएमओ ने मौके पर ही संबंधित चिकित्सक को आदेश दिया कि मृत घोषित करने की तिथि के आधार पर तुरंत प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

इस अवसर पर डीएफओ अनुराग प्रियदर्शी, उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार चंदन जायसवाल, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीओ अजय प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नेहा मिश्रा ने अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। कहा कि किसी अधिकारी के स्थान पर अधीनस्थ से हस्ताक्षर नहीं कराए जाएंगे।

तहसील दिवस में पुलिस विभाग से कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। करनैलगंज कोतवाली से इंस्पेक्टर अपराध, जबकि कौड़िया, कटरा बाजार और परसपुर थानों से एक-एक उप निरीक्षक भेजे गए थे। एसडीएम ने बताया कि नगर पालिका परसपुर और करनैलगंज के अधिशासी अधिकारी अनुपस्थित रहे, उनके स्थान पर अधीनस्थ के हस्ताक्षर पाए गए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यह व्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण

निर्माण कार्य रोकने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार: धानेपुर थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में सड़क किनारे स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से निर्माण कराया जा रहा है। एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि बेलहरी गांव में स्थित गाटा संख्या 226 मि पर खुद को गांव के प्रधान का प्रतिनिधि बताने वाला संदीप मिश्रा पिंकी नाम की एक महिला को आगे कर सड़क किनारे की बेशकीमती जमीन पर अवैध निर्माण कराकर कब्जा कर रहा है। जब उन्होंने निर्माण को रोकने का प्रयास किया तो निर्माण करा रही महिला ने सभी को मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। गांव के लेखपाल से इसकी शिकायत की गयी लेकिन लेखपाल ने निर्माण रोकना उचित नहीं समझा। तीन दिन पहले इसकी जानकारी एसडीएम सदर को दी गयी तो उन्होंने पुलिस को तत्काल निर्माण कार्य को रोकने का आदेश दिया। दो दिन तक निर्माण कार्य बंद रखने के बाद शनिवार को प्रधान प्रतिनिधि की शह पर महिला पिंकी ने फिर से निर्माण शुरू करा दिया। गांव के सुधीर, मोनू, दिनेश आदि निर्माण रोकने गए तो महिला उनका वीडियो बनाकर धमकी देने लगी। पुलिस ने निर्माण कार्य को रोका और प्रधान प्रतिनिधि को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। वहीं सुधीर और मोनू ने समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम सदर को पूरी जानकारी दी। एसडीएम अशोक गुप्ता ने जांच क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को सौंपी है और निर्माण कार्य को रोकने का निर्देश दिया है।

शिक्षा के साथ अधिकारों को भी जानना जरूरी

गोंडा : शिक्षा क्षेत्र झंझरी के केशवपुर पहड़वा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में महिला कल्याण विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्सनल सेफ्टी, बाल श्रम, बाल विवाह, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 1098, 1076, 1930, 112, 102 और 108 के बारे में भी बताया गया, जिससे आपात स्थिति में त्वरित मदद प्राप्त की जा सके। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने छात्राओं से कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए आत्मरक्षा के उपाय सीखें। जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने कहा कि बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियां हमारे समाज की प्रगति में बाधक हैं।

कला व संस्कृति का दिखा अनूठा समागम

डांडिया नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार: दीप सामाजिक संस्था, लखनऊ के तत्वावधान में रविवार को गोंडा के गोनार्ड लॉन में डांडिया-गरबा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष उर्मिला पांडे ने इस कार्यक्रम का संयोजन देश की पारंपरिक कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील की पत्नी गरिमा भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के दौरान डीआईओएस रामचंद्र, डॉ. अनीता मिश्रा, डॉ. अंजू अग्रवाल, वर्षा सिंह, उमेश शाह, कर्नल सुनील कपूर, लेफ्टिनेंट कर्नल रणयुद्ध सिंह, डॉ. नीलम तिवारी, रीना सिंह और नीता सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। उसके बाद अश्वनी राज की उत्कृष्ट एंकरिंग में डांडिया-गरबा की धूम रही।

हर सोमवार को होगा शक्ति संवाद

गोंडा : महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में देवीपाटन मंडल में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। आयुक्त ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना और उनका समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह विशेष कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मंडल मुख्यालय पर शक्ति संवाद का आयोजन होगा, जिसमें महिलाओं और बच्चों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि समस्याओं की सुनवाई महिला अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी। इसके लिए महिला अधिकारियों को नामित किया गया है, जो पीड़ित पक्ष की बात ध्यानपूर्वक सुनेंगी और तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए कदम उठाएंगी। आवश्यकता पड़ने पर उसी दिन संबंधित अधिकारी या जांच टीम को मौके पर भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाएगी ताकि किसी भी समस्या के निराकरण में देरी न हो।

पूजा, सोनम व साहनी ने बेटियों का बढ़ाया मान

दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेतीं बेटियां। अमृत विचार

बेलसर, अमृत विचार : जगदंबा शरण एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में तीन दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। दो सौ मीटर बेलसर जूनियर बालिका वर्ग में पूजा पांडेय प्रथम, साहनी द्वितीय, अनीता तृतीय, दो सौ मीटर सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम सोनम, द्वितीय ममता यादव, तृतीय दिव्यांशी मौर्य रही। चार सौ मीटर जूनियर बालक वर्ग में प्रथम गौतम, द्वितीय रोशन मिश्रा और तृतीय सोनू रहे। चार सौ मीटर जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम साहनी, द्वितीय शैलमुलनिशा, तृतीय सोनम तरबगंज ब्लॉक रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद कैसरगंज ने दीप जलाकर एवं घड़ा पूजन से किया। सांसद ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर भाजपा विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन पर जाने से रोका तो युवती ने लगा ली फांसी

मनकापुर : नगरा अंधियारी गांव में मेला देखने को लेकर प्रति से हुए मामूली विवाद ने एक विवाहिता की जिंदगी खत्म कर दी। गांव निवासिनी 21 वर्षीय अर्चना पांडेय पत्नी अंकित पांडेय ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक नवरात्र के अंतिम दिन पति अंकित मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहा था। अर्चना ने उससे दशहरा मेला देखने चलने का आग्रह किया, लेकिन पति के मना करने पर वह नाराज हो गई और पति के घर से निकलते ही फांसी लगा ली। बताया जाता है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अर्चना ने अपने ही गांव में प्रेम विवाह किया था। दो माह पहले ही उसने एक पुत्री को जन्म दिया था। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया विवाहिता ने मेला देखने को लेकर नाराज होकर आत्महत्या की है।

मध्यरात्रि तक हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

शुक्रवार की रात में करनैलगंज सरयू में प्रतिमाओं का विसर्जन करते लोग। अमृत विचार

करनैलगंज, अमृत विचार : दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार की शाम से शुरू होकर मध्यरात्रि तक चलता रहा। सरयू पुल के निकट विसर्जन के लिए लगी भीड़ के कारण गोंडा–लखनऊ मार्ग पर करीब चार घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। शाम से विभिन्न स्थानों से प्रतिमाएं सरयू घाट पर पहुंचनी शुरू हुईं। भीड़ नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने सरयू

- **सरयू पुल पर चार घंटे जाम, रात्रि 2 बजे हुआ अंतिम विसर्जन**

घाट के पहले सभी प्रतिमाओं को रोक दिया और एक-एक कर अंदर जाने की व्यवस्था की। देर रात तक विसर्जन जारी रहा।

रात्रि 1 बजे कटरा बाजार नगर के रस्तोगी टोला की प्रतिमा भारी गाजे-बाजे के साथ पहुंची, पूजन के बाद उसका विसर्जन किया गया। इस दौरान करीब 80 प्रतिमाओं की लंबी कतार लखनऊ रोड तक लगी रही। जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सीआरओ महेश कुमार तथा एसडीएम नेहा मिश्रा मौके पर पहुंचे और व्यवस्था संभालते हुए सुचारू रूप से विसर्जन कराया। अंतिम प्रतिमा का विसर्जन रात्रि 2 बजे संपन्न हुआ।

भरत मिलाप ने दर्शकों को किया भाव-विभोर

गोंडा, अमृत विचार : रानी बाजार में आयोजित रामलीला महोत्सव का समापन भारत मिलाप एवं श्रीराम के राजतिलक के मंचन के साथ हुआ।

रावण वध के पश्चात मंच पर श्रीराम, लक्ष्मण एवं सीता की अयोध्या वापसी का मंचन किया गया, जिसमें भरत द्वारा चरण पादुका लौटाकर बड़े ही भावुकता से अपने भ्राता श्रीराम का स्वागत किया गया। भरत मिलाप का दृश्य दर्शकों को भाव-विभोर कर गया। इसके पश्चात श्रीराम के राज्याभिषेक का अद्भुत मंचन हुआ। श्रीराम को सिंहासन पर आरूढ़ होते देख पूरा परिसर रामराज्य की कल्पना से आलोकित हो उठा। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन को लेकर सभी कलाकारों एवं दर्शकों का आभार प्रकट किया। रामलीला मर्यादा, सत्य और न्याय की प्रेरणा देती एक जीवंत झांकी बनकर नगर वासियों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गई। रामलीला

रामलीला में राजगद्दी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कमेटी के अध्यक्ष वैभव नारायण ने बताया कि रामलीला मंचन से लोगों को कई तरीके के सीख मिलती है। संचालक लाल तिवारी ने बताया कि रामलीला का समापन भरत मिलाप व राजगद्दी के मंचन के साथ हो गया है। इस दौरान राज नारायण राजू, विशाल, आकाश, पूरन चंद गुप्ता, अनिल घरवाला समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

लोगों को मिष्ठान वितरित करते हफीज मलिक। अमृत विचार

गंगा जमुनी तहजीब की दी मिसाल

गौरा चौकी : हिंदू त्योहारों पर जहां मुस्लिम समाज के नाम पर कथित लोग अमन चैन और माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं वहीं गौरा विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता हफीज मलिक ने विजय दशमी और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर हिंदू श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की है। इसे भले ही चुनावी दृष्टि को रंग देने की बात कही जाए लेकिन मुस्लिम बहुल इलाके में जिस तरह मुस्लिम समाज के लोगों ने स्टाल लगाकर लोगों को पेय पदार्थ पिलाया गया, लोगों के लिए फलाहार का वितरण किया गया और पुष्प वर्षा की गई उसे हर कोई सामाजिक सौहार्द के रूप में देख रहा है। विजयदशमी के अवसर पर सपा नेता हफीज मलिक ने कहा कि यह सत्य की जीत का पर्व है। यह पर्व हमें हमेशा यही संदेश देता है कि सत्य के रास्ते पर चलना चाहिए और असत्य और बुराई के मार्ग को त्यागना चाहिए। सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। इस मौके पर पिंटू देश प्रेमी, सुनील शर्मा, तौसीफ, बबलू खान, शशांक यादव, आदित्य यादव, मंटू यादव, और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहूलियत | कन्वर्जन कास्ट की धनराशि न मिलने से परेशान थे शिक्षक

एमडीएम के लिए मिले 8 .46 करोड़, जल्द भेजी जाएगी धनराशि

संवाददाता, गोंडा

9 सितंबर को अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में उधारी पर एमडीएम योजना चलती रहे शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण ने एमडीएम के लिए 8.46 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन कर दिया है। धनराशि मिलने के बाद विभाग इसे स्कूल के बैंक खातों में भेजने की कवायद में जुटा है। जल्द ही यह धनराशि स्कूलों के एमडीएम खाते में भेजी जायेगी।

जिले के 2509 परिषदीय व 28 सहायता प्राप्त स्कूलों में करीब 3 लाख से अधिक बच्चे पढाई कर रहे हैं। इन बच्चे को स्कूल में प्रतिदिन दोपहर का भोजन दिया जाता है। हर दिन का मेन्यू भी तय है लेकिन बजट के अभाव में शिक्षक जैसे तैसे उधारी लेकर इसका संचालन कर रहे हैं। मध्यान्ह भोजन के लिए अप्रैल से स्कूलों को एमडीएम के लिए कन्वर्जन कॉस्ट नहीं मिली है। उधारी बढ़ने से दुकानदार भी राशन व अन्य सामग्री देने में आनाकानी करने लगे हैं। पिछले महीने शिक्षक संगठनों ने बीएसए को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि यदि एमडीएम के लिए जल्द धनराशि नहीं मिलती तो यह योजना बंद हो जायेगी और बच्चों को भूखे पेट स्कूल से लौटना पड़ेगा। अमृत विचार ने शिक्षकों की इस पीड़ा को अपने 9 सितंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद सितंबर महीने में एमडीएम योजना के तहत जिले को 1.83 करोड़ रुपये मिले थे। शेष धनराशि के लिए भी कार्रवाई प्रारंभ हुई थी। समस्या का संज्ञान लेते हुए मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की तरफ से जिले को एमडीएम के लिए 8.46 करोड़ रुपये का आवंटन कर दिया है। यह धनराशि अगस्त महीने तक की है। धनराशि मिलने के बाद एमडीएम जिला समन्वयक गणेश गुप्ता इसे स्कूलों के एमडीएम खाते में भेजने की कवायद में जुटे हैं। उम्मीद है कि अगले सप्ताह यह धनराशि स्कूलों के खातों में पहुंच जायेगी।

कन्वर्जन कास्ट के बढ़े रेट से होगा भुगतान

एमडीएम के लिए इस बार जो बजट आ वंचित हुआ है वह कन्वर्जन कास्ट के बढ़े हुए दर पर है। सरकार ने मई महीने से ही इस दर को बढ़ाकर बजट आवंटित किया है। पहले प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले प्रति बच्चे के लिए 6.19 रुपये की दर थी इसे बढ़ाकर अब 6.78 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह जूनियर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पहले की दर 9 .24 रुपये को बढाकर 10 .17 रुपये कर दिया गया है। इस बार के बजट में स्कूलों को बढ़ी हुई दर की कन्वर्जन कास्ट भेजी जायेगी।

> एमडीएम के लिए 8.46 करोड़ का बजट मिला है। पत्रावली पर स्वीकृति भी मिल गयी है। जल्द ही उपलब्ध बजट के सापेक्ष कन्वर्जन कास्ट की धनराशि स्कूलों के एमडीएम खाते में भेज दी जायेगी।
>
> **-अतुल तिवारी,** बीएसए

अलग-अलग हादसों में 10 लोग घायल, दो गंभीर

करनैलगंज, अमृत विचार : क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान शुक्रवार की देर शाम हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। बरगदी मोड़ के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में नंदकुमार (30) व उनकी पत्नी आरती (28) निवासी अल्लीपुर, हुजूरपुर (बहराइच) तथा सुमित (18) निवासी चंगेरिया, करनैलगंज घायल हो गए। मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे की टक्कर लगने और वाहन से गिरने से अमूल (16) निवासी कुंवरपुर अमरहा तथा आकाश (15) निवासी दुर्जन पुरवा घायल हो गए। वहीं, मेला देखने गए अरुण (6), सूरज (6), सुनील (8) व दीपक (4) निवासी सूर्यवंशन पुरवा नारायनपुर मांझा भी वाहन की टक्कर में घायल हो गए।

सीएचसी करनैलगंज में उपचार के लिए लाए गए घायल। अमृत विचार

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 5 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

बच्चों को दी गुड टच व बैड टच की जानकारी

तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के अंतर्गत तुलसीपुर के शिवनाथ स्मारक शिक्षण संस्थान एवं ऋतुराज सिंह बालिका इंटर कॉलेज में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बालकों और बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देने के साथ-साथ विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा के उपाय बताये गये। जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी शिवम गुप्ता, वन स्टॉप सेंटर से सना, पैरामेडीकल पर्सनल और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से केस वर्कर प्रिंस यादव ने बच्चों के साथ सेशन आयोजित किया। इसके अलावा, स्कूल प्रिंसिपल और थाना महाराजगंज तराई की पुलिस टीम भी मौजूद रही।

खलिहान भूमि पर अवैध निर्माण

उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार : तहसील उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर ग्रिंट (पुराना हाता) की खलिहान भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ग्रामीण अंसार अली ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल निर्माण रोकने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि विपक्षी खलिहान भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है। पूर्व में कई बार लिखित शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंसार अली ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए, निष्पक्ष लेखपाल से पैमाइश कराई जाए और दोषी ग्राम प्रधान व लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

समय से पूरी करायें परियोजनाएं

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कोर कमेटी की बैठक में दिया निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण और विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मौजूद प्रभारी मंत्री राकेश सचान व विधायकगण। ● अमृत विचार

प्रभारी मंत्री ने कहा कि आमजन की सुरक्षा भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने विकास से संबंधित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलना चाहिए और प्रशासन आमजन के साथ सम्मानजनक व्यवहार करे। इस दौरान विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ला, राम प्रताप वर्मा और पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू व नगर पालिका अध्यक्ष डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ने अपने क्षेत्रों की विकास योजनाओं के प्रस्ताव रखे। बैठक में डीएम पवन अग्रवाल, एसपी विकास कुमार, सीडीओ हिमांशु गुप्ता समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बिचौलिया पर केस सचिव निलंबित

बलरामपुर, अमृत विचार : डीएम पवन अग्रवाल ने शनिवार को विकास खंड पचपेड़वा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में एक अनधिकृत व्यक्ति मो. आलम निवासी विजयनगर संदिग्ध अवस्था में पाया गया। उसके पास से कई लोगों के आधार कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीएम ने उसे बिचौलिया मानते हुए उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी कार्यालय में अनधिकृत व्यक्ति न पाए जाएं। इसके साथ ही डीएम ने ग्राम पंचायत औरहवा एवं गनवारिया बगुलाहा के निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही बरतने पर ग्राम सचिव को निलंबित कर दिया।

अर्पिता सिंह बनीं बीबीए टॉपर दीक्षांत में मिलेगा स्वर्ण पदक

दिखायी मेधा

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : जनपद की प्रतिभा ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु द्वारा घोषित विभिन्न पाठ्यक्रमों की अनन्तिम श्रेष्ठता सूची में बलरामपुर की अर्पिता सिंह ने बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में टॉप स्थान हासिल किया है।

अर्पिता सिंह।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव द्वारा जारी सूची में अर्पिता सिंह का नाम बीबीए पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान पर दर्ज किया गया। वह महारानी लाल कुंवारी महाविद्यालय, बलरामपुर की मेधावी छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर आगामी 3 नवम्बर को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के नवें दीक्षांत समारोह में उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। अर्पिता सिंह शुरू से ही प्रतिभाशाली रही हैं। उनके पिता कमेंद्र कुमार सिंह बलरामपुर चीनी मिल में कर्मचारी हैं और परिवार सदर तहसील क्षेत्र के समगरा गांव में निवास करता है। बेटी की इस सफलता से परिवार और पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।

खुद ही बनायी देवी मां की प्रतिमा

ग्राम कलवारी की नन्ही बच्ची छमा कश्यप ने अपनी कला से सबका दिल जीत लिया। उसने मां दुर्गा की सुंदर मूर्ति बनाकर पूरे नवरात्र भर पूजा-अर्चना की और अंतिम दिन विसर्जन किया। छमा के पिता फेरई कश्यप ट्रक मैकेनिक हैं। बेटी की लगन और भक्ति देखकर गांववाले गर्व से भर उठे। सबने कहा कि छमा जैसी बेटियां ही संस्कृति की सच्ची वाहक हैं। ● अमृत विचार

विसर्जन से लौटते समय हादसे में मजदूर की मौत

महदेईया बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार : विसर्जन जुलूस से लौटते समय गुरुवार की रात राजेंद्रगंज चौराहा के पास हुए ट्रैक्टर हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार वर्मा उर्फ भजनू (40) पुत्र रामसागर, निवासी ग्राम गुमड़ी (तिवारीपुरवा) ने शनिवार सुबह बस्ती के सूर्य अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दिनेश टेंट हाउस में मजदूरी करता थे। भाई विकेश वर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि ट्रैक्टर चालक अमरेश कुमार वर्मा शराब के नशे में तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने गति कम नहीं की और ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर पलट गया।

धूमधाम से निकली भरत मिलाप की शोभायात्रा

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : श्रीश्री 108 सत्य प्रचारिणी रामलीला समिति द्वारा शुक्रवार की रात निकाली गई भरत मिलाप की शोभायात्रा ने नगरवासियों को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से भर दिया। शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मेजर चौराहा, मेन चौक, बड़ा पुल, देवीदयाल तिराहा, गर्ल्स इंटर कॉलेज और चौक बाजार से होती हुई पुनः रामलीला मैदान पहुंची। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती से शोभायात्रा का स्वागत किया।

राम से मिलाप करते भरत। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, विभीषण, जामवंत, अंगद सहित वानर सेना के सजीव रूप आकर्षण का केंद्र रहे। जैसे ही मंच पर भरत ने अपने भ्राता श्रीराम को देखा, भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। 14 वर्षों से चरण पादुका की सेवा में लीन भरत ने प्रभु श्रीराम को गले लगाया तो पूरा परिसर "जय श्रीराम" के जयघोषों से गूंज उठा। इसके बाद गुरु वशिष्ठ द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम का राजतिलक किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पुष्प वर्षा, मंगल वाद्यों और जयकारों के बीच श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी। समिति उपाध्यक्ष डॉ. तुलसीश दुबे ने कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और आदर्शों को जीवित रखने का प्रतीक है। समापन पर कलाकारों को सम्मानित किया गया।

दरोगा के नाम पर सरसों बिक्री का झांसा दे दुकानदार से 26 हजार ठगे

महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार : हरिहर नगर में एक दुकानदार से दरोगा के नाम पर पीली सरसों बेचने का झांसा देकर 26 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

बड़कने जायसवाल के पास गेहूं पीसने और सरसों पेरने की मशीन लगी है। देर शाम उनके पास बाइक से एक युवक आया। उसने खुद को दरोगा का परिचित बताया। उसने कहा कि दरोगाजी के पास छह क्विंटल पीली सरसों बिक्री के लिए है। बड़कने ने युवक को किराएदार दुकानदार श्यामबाबू गुप्ता से मिला दिया। दोनों के बीच 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सौदा तय हुआ। श्याम बाबू ने 26 हजार रुपये अग्रिम दे दिए। युवक ने उन्हें बाइक पर बैठाकर थाने के पास जूनियर हाईस्कूल के सामने उतार दिया और कहा कि सरसों वहीं गोदाम में रखी है। वह थाने जाकर प्रभारी निरीक्षक को रुपये देने की बात कहकर चला गया। जब श्यामबाबू स्कूल पहुंचे तो ताला लटक रहा था। देर तक इंतजार के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि जांच के लिए पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा जाएगा।

डीएम ने लोगों की सुनीं शिकायतें

बलरामपुर, अमृत विचार : तहसील उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डीएम ने इस दौरान फरियादियों की शिकायतें स्वयं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए।

भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाएगा जीएसटी सुधार

● जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन में बोले विधायक पल्टूराम

संवाददाता, पचपेडवा, बलरामपुर

अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी के पचपेडवा में शनिवार को मनसा मैरिज हॉल में जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पल्टूराम (बलरामपुर) ने कहा कि जीएसटी सुधार भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मजबूत आधार साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया महंगाई से जूझ रही है, तब भारत में जीएसटी सुधारों के कारण महंगाई दर नियंत्रित हुई है और आमजन को राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2027 में "एक देश, एक टैक्स" व्यवस्था लागू कर देश को आर्थिक एकता का संदेश दिया था। हाल ही में 22 सितंबर को जीएसटी में दी गई छूट ने जनता को महंगाई से राहत दी है।



सम्मेलन को संबोधित करते सदर विधायक पल्टूराम। ● अमृत विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह "शैलू" ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आमजन की पीड़ा को समझते हैं और उसी आधार पर लोक-कल्याणकारी योजनाएं बनाते हैं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को अपनाने और भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की।

नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला अनूप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी, पूर्व प्रमुख भोला जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्घटना के बाद मारपीट, 6 घायल

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

● बाइक पर कार की टक्कर लगने के बाद बढ़ा विवाद

अमृत विचार : पयागपुर और कान्धी कुइयां के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर लगे जाम के दौरान एक छोटी सी दुर्घटना ने बड़े विवाद का रूप ले लिया। कार और मोटर साइकिल सवार के बीच हुई टक्कर के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें आधा दर्जन लोगों को चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कांधीकुइयां निवासी कृष्ण कुमार तिवारी उर्फ मन्नने बापी अपनी बुलेट बाइक पर सवार होकर खड़े थे। इसी दौरान एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गए। इस टक्कर के बाद दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया, जो देखते-ही-देखते मारपीट में बदल गया।

आरोप है कि कार सवार लोगों ने दूसरे पक्ष पर फरसा और त्रिशूल जैसे हथियारों से हमला बोल दिया। इस हमले में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। मारपीट में घायल होने वालों में शंकर (30 वर्ष), रवि (25 वर्ष), राज (18 वर्ष), और कृष्ण कुमार (50 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। बाकी लोगों को हल्की चोटें लगी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, घायल शंकर कांधिकुइयां स्थित राम प्रकाश मंदिर के पुजारी हैं। वहीं, पुलिस ने जिन 11 लोगों को हिरासत में लिया है, वे श्वेत वस्त्रधारी सनातन धर्म प्रचारक बताए जा रहे हैं।

घायल कृष्ण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने 11 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को शस्त्रों सहित हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मिथिलेश राय ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और सभी आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस फिलहाल सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

मटेरा, बहराइच, अमृत विचार : शनिवार को उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम ने निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उक्त सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी नानपारा, कोतवाल नानपारा, तहसीलदार नानपारा, पूर्ति निरीक्षक बलहा, शिवपुर, नबाबगंज सहित अन्य प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे ।

पुष्प वर्षा से पथ संचलन का स्वागत

संवाददाता, नानपारा बहराइच

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नानपारा नगर में रविवार को विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया।

पथ संचलन की शुरुआत नगर के ऐतिहासिक रामलीला चबूतरा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों स्टेशन रोड, कालीकुंड मंदिर, श्री शंकर इंटर कॉलेज मार्ग से होते हुए पुनः रामलीला चबूतरा पर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में स्वयंसेवक गणवेश में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहे और भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों जैसे धनीराम गली, सब्जी मंडी, इमामगंज चौराहा एवं स्टेशन बाजार सहित कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। नागरिकों ने जगह-जगह जलपान और स्वागत व्यवस्था कर अपनी सहभागिता भी दिखाई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभावना, अनुशासन, सेवा और एकता का संदेश देना है, ताकि समाज संगठित होकर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके।

पथ संचलन का पुष्प वर्षा से स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

स्कूल से हजारों का सामान चोरी

खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय भकुरहा से चोर हजारों का सामान उठा ले गए। खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतापुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय भकुरहा में शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि रसोईघर का ताला तोड़कर एमडीएम में प्रयुक्त होने वाले बर्तन चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह करीब आठ बजे अध्यापक विद्यालय पहुंचे तो जानकारी हुई। तत्काल सूचना डायल 112 पर दी। सहायक अध्यापक ज़किया परवीन ने थाने पहुंच लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

कार्यक्रम

प्रभारी मंत्री एवं डीएम एसपी की मौजूदगी में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

शिकायतों का फाइलों में नहीं, वास्तविक निस्तारण करें : शाही

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : शनिवार को पयागपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस इस बार राहत और उम्मीद का केंद्र बनकर सामने आया। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनसुनवाई का मंच बना दिया। मंत्री शाही ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को जवाबदेही का संदेश देते हुए कहा कि निस्तारण केवल फाइलों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए।

शिकायततें सुनते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी।

जनता की समस्याओं को सुनते हुए, उन्होंने अधिकारियों के बीच फरियादियों से सीधा संवाद किया। मंच पर उनके साथ स्थानीय विधायक सुभाष त्रिपाठी और भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय भी मौजूद रहे।

समाधान दिवस में कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित मामले सर्वाधिक थे। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि शिकायतकर्ता को चक्कर न काटने दें, जनता को राहत मिले यही समाधान दिवस का असली मकसद है। इस मौके पर एसपी राम नयन सिंह, सीएमओ, सीओ, एसडीएम, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे मंत्री, दी सहायता

बहराइच, अमृत विचार : प्रदेश री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उच्चापाही (भिरगुपुरवा), ग्राम मझारा तौकली पहुंच कर पिछले दिनों वन्य जीव हमले में मृत छेदन व उसकी पत्नी मुनकिया पत्नी के घर जाकर पुत्र छब्बर व ओमप्रकाश से भेंट कर सांत्वना व्यक्त की तथा अनुमन्य अहेतुक सहायता (प्रति मृतक पांच-पांच लाख) का स्वीकृति पत्र भेंट किया। प्रभारी मंत्री ने कहा की इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने पंचायत भवन मंझारा तौकली में संचालित किये जा रहे अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

बच्चों को वन्यजीवों की दी जानकारी

बहराइच, अमृत विचार : वन्य प्राणि सप्ताह के चौथे दिन फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय में कतर्नियाघाट एवं वन एवं वन्य जीवों पर आधारित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यक्ष बीडी लखमानी ने छात्र-छात्राओं को कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के क्षेत्रफल, जैविक विविधता व वन्य जीवों के बारे में बताया, उन्होंने स्कूली बच्चों को वन एवं जलीय जीवों के चित्र दिखाकर उनके बारे में जानकारी दी और बाघ एवं तेंदुआ, चीतल और बारहसिंघा, घड़ियाल एवं मगरमच्छ में अंतर समझाया।

सपा ने किसानों के परिजनों को दी 50-50 हजार की सहायता

बहराइच, अमृत विचार : जरवल विकास खंड के धनराजपुर निवासी दो किसानों की आकाशीय बिजली से मौत हो गई थी जब वह नदी किनारे मवेशी चराने गए थे। मामले की जानकारी कैसरगंज विधायक ने सपा सुप्रीमो को दी थी। सपा सुप्रीमो ने मृत किसानों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजी है। जिसे समाजवादी पार्टी ने किसानों के परिजनों को सौंप दी है।

जरवलरोड के मोहम्मदपुर खुर्द धनराजपुर निवासी पेशकार (45) और राम सूरत उर्फ भल्लर (50) मवेशी चराने घाघरा नदी के किनारे गए थे। अचानक बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए दोनों छाता लगाकर उसी के नीचे बैठ गए। दोनों के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी जिससे दोनों की मौत हो गई थी। सपा के कैसरगंज विधायक आनन्द यादव और सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नरायन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा भेजा गया 50-50 हजार रुपये का चेक मृतक के परिजन मीरा देवी व साहेबदीन को सौंपा। इस अवसर पर यादव ने कहा कि सपा दुख की इस घडी में आपके साथ है। इस मौके पर हरनाम यादव, राकेश राव, रंजन यादव, अतीक अहमद, सुनील यादव, मनीष यादव, शत्रोहन, सांवल, हुसैनी यादव, प्रदीप यादव, मायाराम समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

पिस्टल लहराते युवक का वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत बेहाल चौकी में एक युवक का पिस्टल लहराते वीडियो वायरल हुआ है। इसे लेकर लोगों में कानून के प्रति भय खत्म होने की धारणा बनी। मामला संज्ञान में आने के बाद थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिये। जांच में पता चला कि युवक पवन गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी खुर्द अगया है जिसके हाथ में दिख रही वस्तु वास्तव में एक खिलौना पिस्टल थी। पुलिस ने युवक को सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया। घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर बहस छेड़ दी है।

दशानन का वध होते ही रामलीला का समापन

नवाबगंज, बहराइच। दशहरा पर्व र पर प्राचीन कालीन मंगली नाथ धाम शिव मंदिर के प्रांगण में हो रहे रामलीला कार्यक्रम का समापन किया गया, ऐतिहासिक रामलीला कार्यक्रम में सामाजिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक नाटकों का मंचन किया गया जिसमें श्रोतागणों ने खूब आनंद लिया। नवाब गंज स्थित शिव मंदिर बाबा मंगली नाथ धाम में वर्षों से राम लीला कार्य क्रम का आयोजन होता चला आ रहा है। मंगली नाथ शिव मंदिर में सन 1930 के आसपास संत शिरोमणी बाबा भज्जू दास ने शिव मंदिर के प्रांगण में रामलीला आयोजन की शुरुआत की थी जो उस समय के नवाबगंज के तालुकेदार नवाब निवाजीस अली ने अपने सिपाहियों को भेजकर रामलीला का आयोजन रुकवा दिया। उसी दिन से उनके बड़े पुत्र की हालत बिगड़ती चली गई, उपचार के बाद स्वास्थय लाभ न होने पर प्राचीन शिव मंदिर कि देखभाल कर रहे बाबा भज्जू दास के पास ले जाने की सलाह दी गई नवाब ने बाबा भज्जु दास के पास पहुंच कर अपनी गलती का एहसास किया।

गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का समाधान

बांसी तहसील में डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील बांसी में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती की उपस्थिति में इसका आयोजन हुआ। राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई डीएम व एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती द्वारा किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही की जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। इस दौरान कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व 30, पुलिस विभाग से संबंधित 06, विकास 10, पूर्ति 02 व अन्य 13 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 11 प्रार्थना-पत्र को मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अंदर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही संबंधित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर सीएमओ डा. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ सतीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

आरोपी को एक लाख रुपये के साथ दबोचा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना कपिलवस्तु पुलिस एवं एसएसबी अलीगढ़वा द्वारा एक अभियुक्त के कब्जे से एक लाख रुपये बरामद किया गया। एसपी डा. अभिषेक महाजन के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को अपराधों पर अंकुश लगाए जाने के तहत एक अभियुक्त के चेकिंग के दौरान एक लाख रुपये के साथ अलीगढ़वा बॉर्डर पर पकड़ा गया। इस मौके पर पीके गंगटे मय हमराह एसएसबी अलीगढवा, थाना कपिलवस्तु उप निरीक्षक सुमेर यादव व हेड कांस्टेबल उपेंद्र प्रजापति आदि रहे।

दिव्यांग विद्यार्थियों को दिए जाएंगे सहयोगी उपकरण

तैयारी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों में पढ़ रहे दिव्यांग छात्र-छात्राओं के सहयोग के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। एलिम्को कानपुर के सहयोग से यह सहयोगी उपकरण वितरित किए जाएंगे।

समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि जिले के 438 परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के मापन-चिन्हांकन का काम बुधवार को बांसी बीआरसी पर व गुरुवार को इटवा बीआरसी पर होगा।

मापन कैंप के बाद राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपकरण वितरण हेतु तिथि का निर्धारण अलग से किया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत ऐसे दिव्यांग छात्र-छात्रा जिनका पंजीयन समर्थ पोर्टल पर है इनको ही उपकरण हेतु चिन्हित किया जाएगा। कैंप में दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, लॉकमोटर, बौद्धिक अक्षम, पक्षाघात आदि तरह के दिव्यांग बच्चे शामिल होंगे। इसमें ब्रेल किट, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, शूज, हियरिंग एड समेत अन्य उपकरण मिलेंगे। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विशेष संचारी रोग अभियान आज से

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान द्वितीय चरण पांच से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किये जाने के संबंध में डीएम डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता, सीडीओ बलराम सिंह, सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने बताया कि दिमागी बुखार व अन्य संक्रामक रोगों के संबध में व्यापक जन-जागरूकता के लिए दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबंध में लोगों को जानकारी देंगे। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर समेत पूरा विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड कराएं। अधिशासी अधिकारी नपा को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संचारी रोग से बचाव के बारे में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराने का निर्देश दिया।

विशेष संचारी रोग अभियान के बारे में चर्चा करते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी।

हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम लोहटी टोला बनचौरा निवासी 21 वर्षीय सुरेन्द्र पासवान जो बाइक दुर्घटना में घायल हुए थे उपचार के दौरान निधन हो गया। सुरेन्द्र किसी कार्य से बाइक से कोटिया बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह एसएसबी कैप लोहटी के सामने पहुंचे वहां बकरी चरा रही बच्ची अचानक सड़क पार करने लगी। बच्ची को बचाने के प्रयास में सुरेन्द्र की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने उन्हें जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

खो-खो में बेसिक के बच्चों का जलवा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग की टीमों का जलवा रहा। शनिवार को संपन्न फाइनल मुकाबलों में चौदह वर्ष बालक वर्ग पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूड़ी डुमरियागंज की टीम ने नेहरू उमावि औदही कला बढ़नी की टीम को पछाड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। चौदह वर्ष बालिका वर्ग में भी पूमावि मधवापुर कलां की टीम ने महामना इंटर कालेज बरगदवा की टीम को मात देकर विजेता ट्राफी हासिल की। सत्रह वय वर्ग बालकों के मुकाबले में महामना इंटर कालेज बरगदवा की टीम विजेता और नेहरू उमा. विद्यालय औदही की टीम उप विजेता बनी। उन्नीस वर्ष वर्ग बालक वर्ग में राजकीय इंटर कालेज बसौनी विजेता एवं जयकिसान इंटर कालेज सकतपुर सनई की टीम ने उपविजेता ट्राफी प्राप्त की। बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में आयोजित जनपदीय खो-खो स्पर्धा में जिले के एक दर्जन से अधिक स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ बीईओ महेंद्र प्रसाद ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नियाज कपिलवस्तुवी के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में बीईओ रामकुमार सिंह, रामू प्रसाद, कमला प्रसाद, उपेन्द्रनाथ मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

संदिग्ध दशा में बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र ढेबरूआ में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र ढेबरूआ के पकड़िहवा टोला मिठवनिया गांव की है। मृतक तुलसीराम के बड़े पुत्र किशुनदत्त ने बताया कि उनके पिता शराब पीकर घर लौटे थे और नशे की हालत में झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ने पर उन्होंने अपने पिता के हाथ-पांव बांध दिये थे। बाद में घर के बच्चों ने उन्हें खोल दिया। तत्पश्चात तुलसीराम घर से बाहर निकलकर पास के समय माता मंदिर की ओर जाने लगे। अंधेरा और खराब सड़क होने के कारण वे गिर पड़े जिससे सिर में चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ढेबरूआ पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। ग्रामीणों का कहना है कि तुलसीराम का उसी रात अपने दोनों बेटों किशुनदत्त और विजयपाल से भी विवाद हुआ था।

एसडीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

दिए निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। सदर तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने बैठक कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उनके साथ डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह, सभी नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल मौजूद रहे।

एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाने पड़े। फॉर्मर रजिस्ट्री, ई-खसरा पड़ताल, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, बरसात राहत कार्य, कन्या सुमंगला योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से अपलोड की जाएं। कोई भी लेखपाल आवेदक के आने की प्रतीक्षा न करें बल्कि अपने क्षेत्र से संबंधित सभी लंबित आवेदनों की रिपोर्ट स्वयं पहल कर लगाएं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और जिम्मेदारी से करे ताकि जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। एसडीएम दीपक गुप्ता ने विशेष रूप से कृषक दुर्घटना बीमा योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि सभी लेखपाल पात्र किसानों की रिपोर्ट सटीकता के साथ दें। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की मृत्यु दुर्घटना से हुई हो, ऐसे मामलों को प्राथमिकता से जांचकर जिला स्तरीय समिति को भेजा जाए ताकि पात्रों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा एसडीएम ने शहरी क्षेत्र के लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में डेढ़ एकड़ सरकारी भूमि चिह्नित कर उपलब्ध कराएं, ताकि उस भूमि पर विकास से जुड़े कार्य कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि शहर के विस्तार और सार्वजनिक उपयोग के लिए उपयुक्त सरकारी जमीनों का चिन्हांकन बेहद आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि राजस्व विभाग सरकार और जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए कार्य में पारदर्शिता और तत्परता अनिवार्य है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्धता, संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ किया जाए, यही एक कुशल प्रशासन की पहचान है। अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह नायब तहसीलदार गण देवेन्द्र यादव अरविंद नाथ पांडेय आकांक्षा पासवान नीरू सिंह राकेश कुमार शुक्ला कानूनगो लेखपाल मौजूद रहे।

डीएम और एसएसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

गोरखपुर, अमृत विचार। शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने तहसील गोला पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को न्याय दिलाना है इसलिए हर अधिकारी को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुना और मौके पर ही कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

आंधी-बारिश से जनजीवन बेपटरी

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। जिले में शुक्रवार की रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। तेज हवा के बीच हुई बारिश से खेतों में धान, गन्ना व केले की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के चलते हाईवे सहित जिले के प्रमुख मार्गों व ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर आवागमन प्रभावित रहा। रेल मार्ग पर भी पेड़ों के गिरने की वजह से ट्रेन मार्ग भी घंटों बाधित रहा। भारी तबाही के चलते जिले की बिजली व्यवस्था ठप हो गई है। पडरौना शहर के साथ ही कसया, हाटा, रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा, तमकुहीराज सहित ग्रामीण अंचलों में भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। भारी बारिश की देखते हुए जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर ने ने शनिवार को विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य ने तत्काल प्रभाव से कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। इधर, आंधी-तूफान और भारी बारिश के वजह से जिले में 33 हजार एवं 11 हजार की लाइनों में जगह-जगह पेड़ गिरने से विद्युत व्यवस्था बंद है। सभी विद्युत कर्मियों द्वारा युद्धस्तर पर गिरे पेड़ों को काटकर टूटे पोल को गाड़ने से लेकर बंद हुई लाइनों को चालू करने का कार्य किया जा रहा है।

भारी बारिश के बाद पडरौना शहर का हाल। अमृत विचार

गाजे-बाजे संग हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

जरवलरोड, बहराइच। शारदीय नवरात्रि के समापन पर दर्जनों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच गाजे-बाजे व अबीर-गुलाल के साथ नगर भ्रमण कर घाघरा घाट पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री मां दुर्गा पूजन महासमिति बहराइच से मनोनीत थाना प्रमुख एवं भाजपा नेता ओम प्रकाश अवस्थी, श्री जगदम्बा धर्मार्थ पूजा समिति तूफानी चौराहा जरवलरोड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह, विनोद शुक्ला, बाल हिन्द दुर्गा पूजा समिति गल्ला मंडी के अध्यक्ष राहुल सिंह सहित समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नरायन यादव अवधेश वर्मा अजय वर्मा मनोज राव उदल यादव शेषनारायण यादव राजू आर्य दीपचंद गुप्ता रवि शुक्ला दुर्गेश सोनी चंद्र कुमार जैन शुभम गुप्ता राकेश गुप्ता गंगा सिह राहुल सोनी आदि मौजूद थे।

जीरो लेवल क्रॉसिंग की मुहिम चला रही रेलवे

- प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में बोले एनई रेलवे के सीपीआरओ

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे द्वारा जीरो लेवल क्रॉसिंग की मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर स्थित क्रॉसिंग पर रेल ओवरब्रिज और अंडरब्रिज बनाए जा रहे हैं। सरफेस क्रॉसिंग से सड़क मार्ग पर चलने वालों से अधिक दिक्कत रेलवे को होती है, अतिरिक्त मानव संसाधन लगता है। इसलिए जीरो लेवल क्रॉसिंग मुहिम के तहत सारे सरफेस क्रॉसिंग समाप्त किए जाएंगे।

प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में बोलते एनई रेलवे के सीपीआरओ। अमृत विचार

एनई रेलवे के सीपीआरओ शनिवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की तरफ से आयोजित 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे के इतिहास, वर्तमान और भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि रेलवे में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पैसेंजर सर्विस पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

रेलवे का पूरा रेललाइन नेटवर्क इलेक्ट्रिफाइड हो गया है। सिग्नलिंग सिस्टम भी ऑटोमेटिक हो गया है। यात्रियों की शिकायत के लिए 139 हेल्पलाइन नम्बर को एकीकृत किया गया है। अब हर तरह की शिकायत इसी नम्बर पर आ रही है और अधिकतम 15 मिनट में उस पर रिस्पांस भी किया जा रहा है। इसके तहत पूर्वोत्तर रेलवे में शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया सबसे तेज है। कहा कि कोहरे के मौसम में रेलवे ही ट्रैवेल का सबसे बेहतर विकल्प होता है।

कोहरे में स्पीड कम करनी पड़ती है और इसी से ट्रेनों की टाइमिंग पर असर पड़ता है। इसमें सुधार के लिए पहले फॉग सेव डिवाइस का इस्तेमाल शुरू हुआ। समान कम्पोजिशन की रेक रिजर्व रखने से ट्रेनों का निरस्तीकरण कम हुआ। अब नए कवच सिस्टम से लोको पायलट को उसके कैब में ही सिग्नल दिख जाएगा और कोहरे में भी ट्रेनों की रफ्तार में सुधार आएगा।

अब डरने की नहीं, हक के लिए लड़ने की है बारी

मिशन शक्ति : मोक्षद्वार इंटर कॉलेज में गूंजी महिला सशक्तिकरण की हुंकार

पुरैना बाजार, बहराइच

अमृत विचार। थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के मोक्षद्वार इंटर कॉलेज, कुरसहा में शनिवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं को अपराध से बचाव के उपाय बताए गए और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम ने संदेश दिया कि अब डरने की नहीं, हक़ के लिए लड़ने की बारी है।

महिलाओं को 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 और साइबर अपराध के लिए 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत और उज्जवला योजना की जानकारी भी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक उदय प्रताप, महिला आरक्षी प्रियंका यादव, स्नेहा द्विवेदी तथा कांस्टेबल योगेंद्र पाल ने बालिकाओं और महिलाओं से संवाद किया। पुलिस टीम ने भरोसा दिलाया कि सरकार और पुलिस उनकी सुरक्षा की ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं, शिक्षक व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

मटेरा/ बहराइच। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत रामगांव पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं व महिलाओं पर हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बालिकाओं को महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि की जानकारी दी गई। बालिकाओं को करियर संबंधित काउंसलिंग भी प्रदान की गई और उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई।मिशन शक्ति टीम की प्रभारी उपनिरीक्षक रचना सिंह ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर महिलाओं व किशोरियों को नारी सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति स्वावलंबन बनाने पर जोर दिया।थानाध्यक्ष मदन लाल ने बताया कि रामगांव थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल प्रभारी उपरीक्षक रचना सिंह कांस्टेबल महिला पूजा यादव द्वारा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर सहित अन्य गांवों में जाकर तमाम महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा के तहत शासन द्वारा चलाए गए टोल फ्री नंबरों की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराया।

त्योहारों को लेकर रेलवे नौ अक्टूबर से चलाएगा पूजा विशेष गाड़ी

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग पर 05033/05034 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बढ़नी से 09 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को 08 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05033 बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस बढ़नी-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 09 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को बढ़नी से 21.30 बजे प्रस्थान कर बलरामपुर से 22.45 बजे, गोंडा से 23.48 बजे, दूसरे दिन बादशाहनगर से 02.13 बजे, ऐशबाग से 03.05 बजे, कानपुर सेंट्रल से 05.25 बजे, इटावा से 07.35 बजे, टूण्डला से 09.24 बजे, ईदगाह आगरा से 10.16 बजे, बयाना से 12.42 बजे, कोटा से 15.40 बजे, रतलाम से 19.30 बजे, तीसरे दिन बडोदरा से 00.10 बजे, सूरत से 02.32 बजे, बलसाड से 03.27 बजे, वापी से 03.48 बजे, बोरीवली से 05.24 छूटकर बांद्रा टर्मिनस 06.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05034 बान्द्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 11 अक्टूबर से 29 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस से 09.30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 10.07 बजे, वापी से 12.22 बजे, वलसाड से 12.54 बजे, सूरत से 14.05 बजे, वडोदरा से 15.55 बजे, रतलाम से 20.25 बजे, दूसरे दिन कोटा से 01.10 बजे, बयाना से 04.50 बजे, ईदगाह आगरा से 07.04 बजे, टूण्डला से 09.07 बजे, इटावा से 10.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे चलेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

अमृत विचार

रविवार, 5 अक्टूबर 2025

क: काल: कानि मित्राणि को देश: कौ व्ययागमौ।
कश्चाहं का च मे शक्तिरिति चिन्त्यं मुहुर्मुहु: ॥

आचार्य चाणक्य कहते हैं, सही वक्त, सही दोस्त, सही ठिकाना, पैसे कमाने का सही जरिया, पैसे खर्च करने का सही तरीका और अपने ऊर्जा स्रोत पर गौर जरूर करें, भविष्य में यही काम आएंगे।

हिंदू जीवन रचना का सर्वोत्तम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। संघ 100 साल का हो गया। दुनिया के कई देशों में संघ की शाखाएं हैं। विश्व के तमाम विचारक संघ कार्य पर शोध कर रहे हैं। सबके निष्कर्ष अलग-अलग हैं। किसी ने संघ में स्वयंसेवकों की लाठी देखी, कहा संघ और कुछ नहीं वस्तुतः लाठीधारी लोगों का खतरनाक संगठन है, तो किसी ने इसे भारतीय जनता पार्टी की शाखा बताया। अगले ने कहा यह, 'खुफिया संगठन' है। राज-समाज के लिए खतरनाक है। विश्व में किसी भी ध्येयसेवी संगठन पर फर्जी आरोप नहीं लगे। संघ प्रतिष्ठित रहा। संघ पर प्रतिबंध भी लगे। आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक गिरफ्तार हुए। उन्होंने दुख झेले, ध्येय से विचलित नहीं हुए। उनमें मैं भी एक हूं।

> शंकराचार्य का भाष्य है, 'जिस प्रकार एक छत्ता अनेक मधुकरों द्वारा तैयार किया जाता है, उस प्रकार सभी भूत (मूल तत्व) इस पृथ्वी के मधु कार्य हैं। यह मनुष्य भी समस्त भूतों का मधु है और सभी भूत इस मनुष्य के मधु।' मैं उसी तर्ज पर कहता हूं कि भारत का सनातन धर्म सभी भूतों का मधुरस है और सभी भूत सनातन धर्म के मधुरस। पूरे आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूं, 'सनातन धर्म व हिंदू जीवन रचना का सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रकट हुआ।'

संघ के प्रति लोगों की जिज्ञासा बढ़ रही है। आखिरकार संघ कैसे जाना जाए? याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को तत्वज्ञान दिया था। बृहदारण्यक उपनिषद (अध्याय दो, ब्राह्मण 5) में ऋषि ने बताया, 'यह पृथ्वी सभी भूतों (मूल तत्व) का मधु है और सब भूत इस पृथ्वी के मधु।' शंकराचार्य का भाष्य है, 'जिस प्रकार एक छत्ता अनेक मधुकरों द्वारा तैयार किया जाता है, उस प्रकार सभी भूत इस पृथ्वी के मधु कार्य हैं।' फिर सूर्य, चंद्र और आकाश को भी मधु कार्य बताते हैं। फिर अग्नि के लिए कहते हैं, 'यह अग्नि समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस अग्नि के मधु।' अंत में कहते हैं, 'यह धर्म और सत्य समस्त भूतों का मधु है।' फिर कहते हैं, 'यह मनुष्य भी समस्त भूतों का मधु है और सभी भूत इस मनुष्य के मधु।' मैं उसी तर्ज पर कहता हूं कि भारत का सनातन धर्म सभी भूतों का मधुरस है और सभी भूत सनातन धर्म के मधुरस। पूरे आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूं, 'सनातन धर्म व हिंदू जीवन रचना का सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रकट हुआ।'

संघ विचार आधारित संगठन है। 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार के नेतृत्व में संघ की स्थापना हुई। राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों पर चर्चा हुई और संघ की नींव पड़ गई। संघ का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता गया। इसी के साथ मार्क्सवादी संगठन का भारत में उदय हो गया। विचारधारा के प्रति आग्रह में संघ व वामपंथ आमने-सामने रहे। परिस्थितियां तेजी से बदल गईं। वामपंथ का वैज्ञानिक भौतिकवाद पिछड़ता चला गया। संघ में आत्मीयता थी। सांस्कृतिक आधार था।

विश्व विचारों से भरापूरा है। विचार विविधता भारतीय संस्कृति का आभूषण है। यहां अनेक विचार हैं। गौतम का 'न्याय दर्शन' है, कपिल का 'सांख्य' है। कणाद का वैशेषिक है, जैमिनि का 'मीमांसा' है और वादरायण का वेदांत। यहां बुद्ध और जैन भी हैं। इस्लाम आने के साथ ही मजहबी विचारधारा भी आई। ईस्ट इंडिया कंपनी के बाद ईसाइयत का विचार भी फला-फूला, लेकिन 1925 में कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म के साथ आए वैज्ञानिक भौतिकवादी विचार ने नई पीढ़ी को झकझोर दिया था। मार्क्सवाद परदेसी विचार था और संघ का राष्ट्रवाद स्वदेशी। दोनों विचारधाराओं में टक्कर पिछले 100 साल से जारी है। अब कम्युनिस्ट विचार के लोग पुरातात्विक मिथक जैसे हो गए हैं। संघ विचार के कार्यकर्ताओं ने उन्हें उनके गढ़ केरल में घुसकर चुनौती दी है। संघ कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई। हिंसक विचार का अंत हो गया। संघ बढ़ता गया।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

वामपंथ का अस्त अस्वाभाविक नहीं है। अंधविश्वासी पंथिक विचार का आधुनिक विश्व में अब कोई भविष्य नहीं। मार्क्सवाद का सामाजिक दर्शन ईसाई पंथिक विचार का विरोधी था। मार्क्स ने इसी संदर्भ में ईश्वर को अफीम कहा था। ईसाईयत का ईश्वर मार्क्स की दृष्टि में अंधविश्वास था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण में अंधविश्वास का स्थान नहीं होता। तर्क बुद्धि और अर्थशास्त्र से पैदा मार्क्सवाद भी मजहब बन गया। अब वाद-विवाद-संवाद में उनकी आस्था नहीं। वामपंथी अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे पक्ष के सही और संवैधानिक तथ्य को भी 'थोपा जाना' बताते हैं। वंदेमातरम् राष्ट्रगीत है। वे कहते हैं कि इसका थोपा जाना अनुचित है। राष्ट्रभाव स्वाभाविकता है, वे कहते हैं कि राष्ट्रवाद का थोपा जाना असहिष्णुता है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता की निष्ठा अपरिहार्य है। वे इसे भी थोपे जाने का आरोप लगाते हैं। उनकी प्रकृति पंथिक अंधविश्वासी है। संघ भारत के परम वैभव का स्वप्न दृष्टा है।

चीन का हमला हुआ। यह आज भी भारत के मन पर गहरा जख्म है। कम्युनिस्ट पार्टी के भीतर कम्युनिस्ट चीन और अपने भारत की निष्ठा को लेकर द्वंद्व था। पार्टी टूट गई। चीन प्रिय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट हो गए और शेष भारतीय कम्युनिस्ट। यों यहां कम्युनिस्ट विचार के दो दर्जन से ज्यादा संगठन हैं। नक्सलबाड़ी रक्तपात से निकले समूह नक्सलपंथी या माओवादी कहे जाते हैं। संसदीय जनतंत्र में विश्वास न करने वाले समूह बंदूक विश्वासी है। दूसरों को फासिस्ट बताने वाले वामसमूह ने 1975 में इंदिरा गांधी की फासिस्ट तानाशाही का समर्थन किया था। बीस माह के आपातकाल में पूरा देश यातनागृह था। तब भी कम्युनिस्ट फासिस्ट सत्ता के समर्थक थे। कम्युनिस्ट सोनिया गांधी के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन में भी थे। कहने को इस गठबंधन का 'न्यूनतम साझा कार्यक्रम' था, लेकिन वस्तुतः यह प्रच्छन्न सत्ता भागीदारी की तिकड़म थी। उन्होंने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। वे सत्ता को हिलाते थे, सत्ता हिलती थी। वे अपने विचार थोपते थे। संप्रग सिर झुकाने को विवश था। संघ राजनीति से अलग अपने ध्येय में लगा रहा।

2008 में वाम बाएं मुड़ गए। वे अमेरिकी परमाणु करार के विरोधी थे। उन्होंने संभवतः पहली दफा 'राष्ट्रहित' शब्द का प्रयोग किया कि राष्ट्रहित में यह कार्रवाई आगे नहीं बढ़नी चाहिए। तब पश्चिम बंगाल बचा था। वाम हिंसा और कुशासन से पीड़ित बंगाली जनसमुदाय ने उन्हें खारिज किया। अब वह किसी एक सहयोग से फिर से अखिल भारतीय होने के प्रयास में थे, लेकिन उनसे यारी को कोई तैयार नहीं हुआ। उनकी विदाई हो गई है। तो भी तमाम राष्ट्रीय जिज्ञासाएं हैं। मसलन उन्होंने गांधी का विरोध क्यों किया? उन्होंने सुभाष चंद्र बोस का समर्थन क्यों नहीं किया? उन्होंने 1857 को स्वाधीनता संग्राम क्यों नहीं माना? आपातकाल का समर्थन क्यों किया? उन्होंने पूर्वज आर्यों को विदेशी सिद्ध करने में ही सारी बौद्धिक शक्ति क्यों लगाईं? सवाल और भी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना सदस्यता पर्ची ही दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन गया। यह राष्ट्रीय होकर भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा में है। कम्युनिस्ट अंतर्राष्ट्रीय होकर भी क्यों अभिशप्त हैं?

संघ के स्वयंसेवक अपने दैनिक कार्यक्रमों में राजनीतिक नारेबाजी नहीं करते। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। हम सब राष्ट्र के ही भाग हैं। देश में कई बार राष्ट्रीय आपदाएं आईं। गुजरात में भूकंप हो, दक्षिण भारत में सुनामी हो, ओड़िसा में तूफान हो, केदारनाथ की त्रासदी हो, 1962, 1971 आदि वर्षों का युद्धकाल हो, संघ के स्वयंसेवक ऐसे संकट के समय सेवाभाव लेकर सक्रिय रहे। संघ हिंदू और हिंदुत्व का संपूर्ण अधिष्ठान लेकर सक्रिय है। राष्ट्र जीवन में 100 बरस बहुत ज्यादा नहीं, लेकिन यह अवधि बहुत कम भी नहीं कही जा सकती। देश के सभी घरों में बिजली पानी है। 100 बरस की सेवा का अनुभव कुछ और विशिष्ट गढ़ने में लगाया जा सकता है। भारत को भारत की नियति तक ले जाना हम सब का कर्तव्य है। मैं इस संगठन का 60 वर्षीय स्वयंसेवक अपने में गर्व का अनुभव करता हूं।

'आई लव एजूकेशन' का बैनर लगाएं मुसलमान!

पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा से प्यार करने वाला मुस्लिम समाज अपने पैगंबर के किरदार, तालीम, नसीहत और हदीस की राह पर चले तो तरक्की, तालीम, अनुशासन, इंसानियत व इत्तेहाद इस समाज का पहला प्यार होगा। दुनियाभर के मुसलमानों की तरह भारत का मुस्लिम समाज भी अपने पैगंबर को अपनी जान से भी ज्यादा प्यार करता है, लेकिन ये प्यार कभी-कभी अधूरा सा दिखता है। प्यार पूरी तरह से सच्चा होता तो मोहम्मद साहब के किरदार, उनके उद्देश्यों-हदीसों से प्रभावित दिखता। कहा जाता है कि रसूल शहर-ए-इल्म थे, इसलिए मुस्लिम समाज को शिक्षा में आगे आने की पुरजोर कोशिश करनी होगी। एक बूढ़ी औरत द्वारा मोहम्मद साहब पर कूड़ा फेंकने की कहानी नसीहत देती है कि दुश्मन से भी प्यार करो, लेकिन क्या मुसलमानों ने दुश्मन से भी प्यार करने का किरदार पेश किया?

सीमा चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय मुसलमानों के हालात शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी जरूरतों में बद से बदतर हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि अपने पैगंबर के किरदार पर अमल करते हुए ये समाज शिक्षा में आगे बढ़े। अपने बच्चों को अनुशासन, आपसी सौहार्द जैसे सुसंस्कार देकर तरक्की की उंचाई की राह दिखाए। कभी कला, साहित्य, शिक्षा, व्यापार और विज्ञान में अपनी बराबर की मौजूदगी दर्ज कराने वाला ये समाज अपने तमाम हुनरों को व्यवसायिक बनाने के लिए योगी-मोदी सरकारों की योजनाएं 'एक जनपद एक उत्पाद, एमएसएमई, आरटीई, स्टार्टअप' का खूब लाभ लेने की कोशिश करे। ये समाज सरकारी योजनाओं से प्यार का एलान भी करे। जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से प्यार की तख्तियां टांगे, पोस्टर लगाए तो भी अच्छा है, क्योंकि आई लव सरकारी योजनाओं का कैंपेन उन गरीब, जरूरतमंद, हुनरमंद मुस्लिमों तक पहुंचे जो इन योजनाओं से वाकिफ नहीं हैं और इन सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मुस्लिम समाज के खास लोग, उलमा, धार्मिक गुरु, धार्मिक नेता या इस समाज का वोट हासिल करने वाले राजनीतिक दल काश अकलियत का सही मार्गदर्शन करते।

> प्रतियोगी और यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में मुस्लिम युवाओं की मौजूदगी बढ़ रही है। बावजूद इसके कुछ धार्मिक नेता और राजनीतिक दलों की तरफ से समय-समय पर मुस्लिम नौजवानों को भड़का कर उनकी जिंदगी को नरक बनाकर खुद की राजनीति को चमकाने का गुनाह जारी है।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक दशक में मोदी-योगी सरकारों में ये समाज शिक्षा में कुछ आगे बढ़ा है। पहले की अपेक्षा अधिक अनुशासित हुआ है, आपराधिक दुनिया में इनकी भागीदारी कम हुई है। प्रतियोगी/यूपीएससी परीक्षाओं में मुस्लिम युवाओं की मौजूदगी बढ़ रही है। बावजूद इसके कुछ धार्मिक नेता और राजनीतिक दलों की तरफ से समय-समय पर मुस्लिम नौजवानों को भड़का कर उनकी जिंदगी को नरक बनाकर खुद की राजनीति को चमकाने का गुनाह जारी है। देश, प्रदेश और समाज के लिए ये बेहतर होगा कि मुस्लिम समाज किसी के बहकावे में आकर भीड़ बनकर लाठियां न खाएं, जेल न जाएं और आई लव डेवलेपमेंट-आई लव एजूकेशन की नियत कर मोहम्मद साहब के सौहार्दपूर्ण और तरक्की पसंद किरदार का नमूना पेश करें।

सूखती जल धाराएं सूखता भविष्य

कमोबेस सभी नदियों की हालत बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण खराब होती जा रही है। नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित हुए एक अध्ययन के परिणामों में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में नदियां अब महासागरों से भी ज्यादा गर्म हो रही हैं, जिससे न केवल नदियों का तापमान बढ़ रहा है, बल्कि उनकी ऑक्सीजन भी तेजी से कम हो रही है और इससे नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा हो रहा है।

दरअसल, जलीय जीवन मूल रूप से नदियों के पानी के तापमान तथा ऑक्सीजन के स्तर पर ही निर्भर करता है। अध्ययन में बारिश, मिट्टी के प्रकार, सूर्य की रोशनी जैसे कारकों भी शामिल किया गया, जिसमें अमेरिका की 580 और मध्य यूरोपीय 216 नदियों के आंकड़े थे। पे स्टेट की अगुआई में अमेरिकी शोधकर्ताओं द्वारा दुनियाभर की 796 नदियों का अध्ययन करने पर पाया गया कि उनमें से 87 प्रतिशत नदियां गर्म हो रही हैं और 70 प्रतिशत नदियों में ऑक्सीजन की कमी होने लगी है। अध्ययन में कहा गया है कि अगले सात दशकों में विशेष रूप से अमेरिका के दक्षिणी हिस्सों में नदियों के तंत्र में ऑक्सीजन इतनी कम हो जाएगी कि मछलियों की कुछ प्रजातियां पूरी तरह खत्म हो सकती हैं।

योगेश गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

शोधकर्ताओं के अनुसार गर्म होती जलवायु के कारण महासागर तो गर्म हो रहे हैं लेकिन यह उम्मीद नहीं थी कि बहने वाली उथली नदियों के साथ भी ऐसा ही हो रहा होगा। ओसियानिक एंड एटमॉस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक शहरी नदियां ज्यादा तेजी से गर्म हुई हैं, जबकि कृषि वाली नदियां धीमी गति से गर्म हो रही हैं, लेकिन वे तेजी से ऑक्सीजन गंवा रही हैं। इस अध्ययन के मुताबिक भविष्य में नदियों में ऑक्सीजन कम होने की दर पहले के समय में अवलोकित की गई दर के मुकाबले 1.6-2.5 गुना ज्यादा होगी।

'नेचर रिव्यूज अर्थ एंड एनवायरनमेंट' में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में भी यह तथ्य सामने आया है कि चरम मौसम की घटनाओं के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इस शोध से पता चला कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के कारण ये घटनाएं अधिक, लगातार और गंभीर होती जा रही हैं, पारिस्थितिकी तंत्र का स्वास्थ्य और सुरक्षित पानी तक लोगों की पहुंच तेजी से खतरे में पड़ सकती है।

इस अध्ययन के दौरान सूखे, लू अथवा हीट वेव, भयंकर बारिश और बाढ़ जैसे चरम मौसम के साथ-साथ जलवायु में लंबी अवधि के बदलावों के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता में बदलाव के 965 मामलों का विश्लेषण किया गया। कुछ अध्ययनों में दुनियाभर की कई नदियों के पानी में इंसानों द्वारा प्रयोग की गई दवाओं से जुड़े हानिकारक तत्वों की बहुत बड़ी मात्रा में मौजूदगी पाई जा चुकी है। दवाओं से नदियों में होने वाले इस प्रदूषण से मछलियों के साथ-साथ अन्य जलीय जीवों के लिए भी खतरा बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि नदियों में दवाओं के कारण बढ़ रहा यह प्रदूषण भी करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है।

अखिलेश की सियासत व आजम की जरूरत

नाजुक मिजाज लखनवी लोगों के लिए पान वाले पान में चूना लगाने में बहुत एहतियात बरतते हैं। चूना ज्यादा लग गया तो मुंह कट जाएगा, कम लगा तो पान का जायका ही नहीं रहेगा, इसलिए अलग से पुड़िया पर चूना लगा कर खतरे से बचा जाता है। समाजवादी पार्टी के फाउंडर मेंबर मोहम्मद आजम खान की अहमियत की मात्रा को संतुलित रखना अखिलेश यादव के लिए बड़ी चुनौती है। आजम को इग्नोर किया तो मुसलमान भड़क जाएंगे और यदि अखिलेश यादव ने आजम को सिर आंखों पर उठाया तो हिंदू समाज में सपा को आजमवादी-नमाजवादी पार्टी बताकर ध्रुवीकरण से 20-80 का बंटवारा करने में भाजपा को मदद मिलेगी।

> आजम को इग्नोर किया तो मुसलमान भड़क जाएंगे और यदि अखिलेश यादव ने उन्हें सिर आंखों पर उठाया तो हिंदू समाज में समाजवादी पार्टी को आजमवादी-नमाजवादी पार्टी बताकर ध्रुवीकरण से बीस-अस्सी का बंटवारा करने में भाजपा को मदद मिलेगी।

सोशल मीडिया पर मुस्लिम समाज में ऐसे गिले, शिकवे-शिकायतें भी झलकती हैं। जैसे- अमेठी के मोहम्मद आरिफ के सारस को वन विभाग ने चिड़ियाघर में भेज दिया तो अखिलेश यादव कई बार सारस से मिलने गए पर आजम खान से जेल में मिलने नहीं गए। जेल से बाहर हुए तो भी उन्हें लेने नहीं पहुंचे, तो क्या सपा मुखिया की नजर में आजम खान की अहमियत सारस से भी कम है! दरअसल भाजपा की ये ख्वाहिश रहती है कि सपा में आजम खान को खूब अहमियत दी जाए, ताकि आजम की कट्टर मुस्लिम परस्त कथित छवि की पिच पर भाजपा ध्रुवीकरण के चौके-छक्के लगाकर विजय प्राप्त करती रहे।

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

विरोधी की ऐसे रणनीति को विफल करने के लिए अखिलेश यादव आजम खान से थोड़ी दूरी बनाते हैं, तो भाजपाई ही मुस्लिम समाज में संदेह देने की कोशिश करते हैं कि प्रदेश के सबसे बड़े मुस्लिम चेहरे खां साहब को अखिलेश नजरंदाज करते हैं। जाहिर सी बात है, इस तरह के आरोप जब सच्चाई की कसौटी पर दिखाई देते हैं तो सपा के भरोसे के दीवाने मुस्लिम समाज में अपनी मनपसंद पार्टी के प्रति प्यार, विश्वास और एकजुटता में ढीलापन आता है।

पिछले एक दशक से अधिक समय से भाजपा की सफलता का नरैटिव बहुसंख्यक समाज में सेट होने के बाद, जो मोहम्मद आजम खान समाजवादी पार्टी के लिए वरदान थे, वो अभिशाप बन गए हैं। भाजपा उनके नाम को तुष्टिकरण के तानों और ध्रुवीकरण का जादू चलाने का सबसे बड़े हथियार के रूप में लेती है और इस बात में भी दम है कि योगी-मोदी के दौर वाली भाजपा की सियासत को ध्रुवीकरण सार्वाधिक रास आया और केंद्र और राज्यों में पार्टी का जनाधार बढ़ा। खासकर यूपी, जहां जाति की राजनीति की जड़ें गहरी थीं, भाजपा ने योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व के चेहरे से यहां सनातनी एकता स्थापित कर जातियों के बिखराव पर काबू पाकर दूसरी बार सत्ता हासिल की। करीब पौने चार दशक बाद यहां किसी मुख्यमंत्री ने दूसरा कार्यकाल निभाया। इस सफलता में बटोगे तो कटोगे, बीस-अस्सी, श्मशान-कब्रिस्तान, मिट्टी में मिला देंगे... जैसे नारे हिंदुत्व की राजनीतिक फसल को खाद-पानी देते रहे।

आजम खां के जेल जाने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मौके की सियासी नजाकत को देखते हुए ध्रुवीकरण से बचने के लिए और मुस्लिम परस्ती जैसे आरोपों से बचने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रखे। पीडीए की रणनीति में अधिक से अधिक गैर यादव पिछड़ी जातियों और दलित समाज का भरोसा जीतने पर अधिक बल दिया। एमवाई के दायरे से निकलकर बड़ा दायरा बनाने की रणनीति पर काम करने वाले अखिलेश यादव को 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुत बड़ा लाभ मिला। लोकसभा में 37 सीटें जीतकर सपा के पीडीए का आत्मविश्वास बढ़ा और अखिलेश मुस्लिम-यादव से अधिक दलित-पिछड़ों के उत्थान के मुद्दों पर ज्यादा बल देने लगे।

यूपी की आबादी की करीब 20% हिस्सेदारी वाला मुस्लिम समाज जब भाजपा को सबसे बड़ी चुनौती देने वाले दल के साथ एकजुट होता दिखाई देता है, तो भाजपा 80-20 वाले ध्रुवीकरण के राजनीतिक कौशल की धार तेज करने लगती है। अतीत में सपा-बसपा जैसे यूपी के क्षेत्रीय दल मुस्लिम अल्पसंख्क समाज के भरपूर समर्थन और हिंदू समाज की जातियों की राजनीति से सत्ता में काबिज होते रहे। दलितों-पिछड़ों के साथ मुस्लिम समाज का कॉम्बो जनाधार बनाने की कोशिश करने वाले क्षेत्रीय दलों को चुनौती देने के लिए भाजपा ने धर्म की राजनीति का पलटवार कर कई बार पासा पलटा। खासकर योगी-मोदी के दौर में हिंदू समाज की बिखरी हुई जातियों को एकजुट करने में भाजपा ने निरंतर सफलता हासिल की।

बाएं हाथ को भी खबर न हो कि दाहिने हाथ ने दान किया

हर धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है, जिसके चलते दान की परंपरा चली आ रही है, लेकिन दान किस तरह और किन लोगों को करना चाहिए, इस पर ध्यान कम दिया जाता है। धर्म स्थलों के बाहर चादर बिछाकर या कटोरा लेकर बैठे लोगों को कुछ रुपये-पैसे देकर दान का कर्तव्य मान लिया जाता है, जबकि दान का यह सही तरीका नहीं है।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार

सर्व प्रथम दान देने के लिए सुयोग्य पात्र की तलाश करनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जो जीवन में कुछ करना चाहता है और धन के अभाव में नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को दान और मदद से वह खुद तो स्वावलंबी बनेगा, साथ में वह दूसरों को भी स्वावलंबी बनाएगा, जबकि धर्म स्थलों के बाहर बैठे भिखारी आजीवन भीख ही मांगते है। उनकी आदतें भीख मांगने की जो हो जाती है, वह जल्दी छूटती नहीं।

इस संबंध में एक बोध कथा है कि एक युवा भिखारी सड़क किनारे बैठकर भीख मांगा करता था। आते-जाते लोग कुछ रुपये उसे दे देते थे, लेकिन किसी महात्मा से उसने भीख मांगी तो महात्मा जी पूछ बैठे, "यहां बैठकर तुम भीख मांगते हो कि कहीं आते-जाते भी हो।" भिखारी बोला, "कहीं जाता नहीं, यहीं बैठकर भीख मांगकर काम चलाता हूं।"

महात्मा ने कहा, "जब कहीं जाते नहीं तो तुम्हरा पैर बेकार का है। 10 हजार ले लो और बदले में पैर दे दो। इस पर भिखारी बोला, "लेकिन पैर दे दूंगा तो नित्य क्रिया के लिए कैसे जाऊंगा।" महात्मा जी ने कहा, "चलो, 20 हजार में एक हाथ दे दो।" भिखारी हाथ देने के लिए भी तैयार नहीं हुआ। महात्मा जी ने एक लाख में जब दोनों आखें मांगी तो तैश में आ गया भिखारी बोला, "करोड़ रुपए देंगे तो शरीर का एक रोम (रोआ) दूंगा नहीं। चलिए आगे बढ़िए।"

भिखारी के इस कथन पर महात्मा बोले, "जिसके पास करोड़ों की संपत्ति है, वह भीख मांगे, यह भी उचित नहीं। महात्मा जी की वाणी उसके मन में लग गई और बोल पड़ा, "अब भीख नहीं मांगूगा।" उस दिन से भीख मांगना छोड़, वह अपने काम में लग गया। दान के बारे मनीषियों ने तो यहां तक कहा कि दाहिना हाथ दान करे तो बाएं हाथ तक को खबर न लगे कि दाहिने हाथ ने दान किया है।

खेत की मिट्टी से भविष्य की फसल उगाते नौजवान

पिछले कई दशकों में युवा गांव में खेती-किसानी की जगह शहरी नौकरियों, मेट्रो-जिंदगी और शहरों की चमक-दमक की तरफ खिंचे चले आए हैं, लेकिन अब एक बार फिर से बदलाव नजर आने लगा है। कुछ युवा वापस गांव और खेती की तरफ लौट रहे हैं या कम-से-कम खेती को एक सम्मानजनक, तकनीकी और लाभदायक करियर विकल्प के रूप में देखने लगे हैं। अगर राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रवृत्ति सिरे चढ़े, तो उसके सामाजिक, आर्थिक और मानवीय असर दूरगामी होंगे। इससे न केवल फसल बढ़ेगी बल्कि गांव का आत्म-सम्मान, परिवारों की सुरक्षा और स्थानीय जीवन की गुणवत्ता भी उभरेगी।

सबसे पहले एक बात स्पष्ट करनी जरूरी है कि कितने प्रतिशत युवा खेती की तरफ आकर्षित हो रहे हैं? इसका कोई सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। इसे अलग-अलग अध्ययनों में अलग तरीके से नापा गया है। कुछ अध्ययनों ने केवल 'रुचि' मापी है, तो कुछ ने वास्तविक 'भागीदारी' या स्वरोजगार अपनाने को मापा है। एक अध्ययन में युवा वर्ग में लगभग 79.8% ने खेती में रुचि होने की दर बताई गई है। यानी बहुत से युवा कहते हैं कि वे खेती को लेकर इच्छुक हैं, बशर्ते उन्हें सही प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर मिले।

किशन कंवर
लेखिका

वहीं राजस्थान पर केंद्रित शोधों ने दिखाया है कि जिलेवार और गतिविधि-वार भिन्नता बहुत है। कुछ जिलों में युवा अधिक सक्रिय रूप से फसलों, कृषि लॉजिस्टिक्स और एग्री-बिजनेस में जुड़ रहे हैं, जबकि अन्य जगहों पर अभी भी भागीदारी सीमित है। इससे स्पष्ट है कि 'रुचि' और 'व्यवहारिक वापसी' में अंतर है और नीति, प्रशिक्षण व बाजार पहुंच इसे कम कर सकते हैं। वास्तव में, युवा जब खेती की तरफ आते हैं, तो पहले और सबसे बड़ा असर परिवार और समुदाय पर होता है। आज कई परिवारों के बुजुर्ग किसान हैं, पर युवा यदि खेत, आधुनिक तकनीक और कृषि-व्यवसाय सीखकर वापस लौटते हैं, तो बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं के नए तकनीक का मेल होगा, जिसका असर खेती में नजर आएगा। इससे पलायन की लहर भी धीमी पड़ेगी।

युवा नई तकनीकें, सामाजिक मीडिया के माध्यम से डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर चैनल, वैल्यू-एडिशन (जैसे फलीय प्रसंस्करण, पेय बनाना) और अन्य मॉडलों को अपना सकते हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की हालिया नीतियां और स्कीमें भी तकनीक तथा स्किलिंग पर जोर दे रही हैं। इससे युवा प्रशिक्षण और उद्यमिता के अवसर बढ़ते हैं, जिससे खेती 'कठिन पड़ाव' से निकलकर 'आकर्षक व्यवसाय' बन सकती है। उदाहरण के तौर पर राजस्थान में कृषि-तकनीक और सौर ऊर्जा से जुड़े प्रोजेक्ट्स और युवा कौशल केंद्रों की घोषणा हुई है, जो युवा-केंद्रित पहल का समर्थन करते हैं। कई ग्रामीण युवा जब रोजगार के लिए शहरों में झूठे वादों के पीछे भागते हैं तो न केवल आर्थिक असफलता होती है, बल्कि अलगाव और मानसिक दबाव भी बढ़ता है।

खेती में लौटने का मतलब है रिश्तों की मरम्मत, सामाजिक सहारे का पुनर्निर्माण और यह अहसास कि उनकी मेहनत गांव के अस्तित्व और पोषण सुरक्षा से जुड़ी है। इससे आत्म-सम्मान बढ़ता है और डिप्रेशन/अलगाव जैसी समस्याओं से लड़ने में मदद मिलती है, हालांकि इस क्षेत्र में चुनौती भी कम नहीं है। भूमि की सीमाएं, पानी की कमी, संकटकाल में बाजार पहुंच और प्रारंभिक पूंजी की कमी युवा किसानों के मनोबल को तोड़ सकती है, इसलिए अगर वास्तविक बदलाव चाहिए तो नीति-निर्माताओं, वित्त संस्थाओं और स्थानीय पंचायतों को मिलकर ऐसे मॉडल तैयार करने होंगे जो लीज्ड-लैंड, साझा उपकरण, माइक्रो-फाइनेंस और मार्केट लिंकिंग उपलब्ध कराएं। साथ ही विज्ञान-आधारित प्रशिक्षण और विपणन शिक्षा देना जरूरी है, ताकि युवा इसे केवल खेती का काम न समझें बल्कि इसे 'एग्री-बिजनेस' के रूप में देखें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

आसान नहीं था पांच हजार से दो करोड़ तक का नोरा का सफर

हमेशा सुर्खियों में रहने वाली ग्लैमर क्वीन नोरा फतेही आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ फिल्मों तक, हर जगह उनके डांस मूव्स और स्टाइल ने लोगों को दीवाना बना दिया है, लेकिन जिस मुकाम पर आज नोरा हैं, वहां तक पहुंचना उनके लिए आसान नहीं था। उन्हें यह सफलता रातों-रात नहीं मिली, बल्कि इसके पीछे छिपा है वर्षों का संघर्ष, आत्मविश्वास और हार न मानने का जज्बा। आइए जानते हैं कि नोरा फतेही ने स्ट्रगल के दिनों में क्या सहा है।

कनाडा की गलियों से मुंबई की चमक तक

नोरा फतेही का जन्म कनाडा में हुआ था। वह बचपन से ही फिल्मों और डांस की दीवानी थीं। जब उनके दोस्तों के सपने बिज़नेस या जॉब तक सीमित थे, नोरा के मन में सिर्फ एक ख्वाब था- फिल्मों की दुनिया में पहचान बनाना। उन्होंने तय किया कि चाहे रास्ता कितना भी कठिन क्यों न हो, वो अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेंगी। यही जज्बा उन्हें कनाडा से भारत खींच लाया। सोचिए, एक 22 साल की लड़की, जिसके पास सिर्फ 5000 रुपये थे, जो न भाषा जानती थी, न यहां कोई पहचान, उसने जब मुंबई की धरती पर कदम रखा, तो यह सफर कितना कठिन रहा होगा।

संघर्ष के दिन

नोरा बताती हैं कि शुरुआती दिनों में उनका जीवन बेहद कठिन था। उन्होंने बताया कि "जब मैं भारत आई, मेरे पास सिर्फ 5000 रुपये थे। मैं और नौ लोग एक 3 बीएचके फ्लैट में रहते थे। दो लड़कियों के साथ एक छोटा-सा कमरा शेयर करती थी। उस वक्त सोचती थी- हे भगवान, मैं यहां क्यों आई?" यह वो दौर था जब न उन्हें स्थायी काम मिल रहा था, न कोई गाइड करने वाला था। कई बार ठगी हुई, कई बार गलत लोगों पर भरोसा करने से निराशा हाथ लगी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

पहला कदम: 'रोर' से शुरुआत

नोरा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2014 में फिल्म 'रोर : टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन्स' से की। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा नहीं चली, लेकिन इससे उन्हें इंडस्ट्री में एक पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने साउथ फिल्मों की ओर रुख किया, जहां उनके डांस ने सबका ध्यान खींचा। प्रभास स्टारर फिल्म 'बाहुबली : द बिगिनिंग' में उनका डांस सीक्वेंस यादगार साबित हुआ। नोरा की मेहनत रंग लाने लगी थी। उन्होंने धीरे-धीरे अपने कदम मजबूत किए और 'दिलबर', 'कमरिया', 'साकी-साकी' और 'गर्मी' जैसे सुपरहिट गानों के ज़रिए डांसिंग क्वीन बन गईं।

कभी निराश मत होना

नोरा ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहती हैं कि कई बार उन्हें मानसिक रूप से बहुत झटका लगा। "जब मैं मुंबई आई थी, तब मैं बहुत भोली थी। जो भी मुझे काम का वादा करता, मैं समझती थी कि उसे भगवान ने मेरे लिए भेजा है, लेकिन कई बार लोग मुझे इस्तेमाल करना चाहते थे। उस दौर में मैं डिप्रेशन में चली गई थी और मुझे थेरेपी लेनी पड़ी।" फिर भी उन्होंने खुद को टूटने नहीं दिया। उन्होंने खुद से वादा किया कि वह हमेशा पॉजिटिव रहेंगी और अपनी मेहनत से लोगों को जवाब देंगी।

सपनों की कीमत

आज नोरा फतेही बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय डांसर और एक्ट्रेस में शुमार हैं। उनकी गिनती उन सितारों में होती है, जो एक परफॉर्मेंस के लिए 2 करोड़ रुपये तक चार्ज करती हैं। उन्होंने सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म 'भारत', वरुण धवन की 'स्ट्रीट डांसर 3D' और जॉन अब्राहम की 'बाटला हाउस' जैसी फिल्मों में अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया है। नोरा सिर्फ डांस नहीं करतीं, बल्कि अपनी परफॉर्मेंस में एनर्जी, ग्रेस और स्टाइल का ऐसा संगम लाती हैं, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

आसान नहीं था खुद की पहचान बनाना

नोरा का कहना है कि "इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में विदेशी चेहरे को स्वीकार करना आसान नहीं था। जब मैं यहां आई थी, लोग मुझे सीरियसली नहीं लेते थे। कई बार मुझे सिर्फ ग्लैमर के लिए कास्ट किया गया, लेकिन मैंने दिखाया कि मैं सिर्फ खूबसूरत नहीं, टैलेंटेड भी हूं।" नोरा आज इस मुकाम पर हैं, जहां लोग उन्हें सिर्फ एक डांसर नहीं, बल्कि एक मेहनती और समर्पित आर्टिस्ट के रूप में पहचानते हैं। नोरा फतेही ने अपने संघर्ष और मेहनत से जो मुकाम पाया है, वह किसी प्रेरणा से कम नहीं। उन्होंने साबित किया कि असली सफलता वही है, जो कठिनाइयों से होकर निकलती है। आज वह न केवल एक सफल परफॉर्मर हैं, बल्कि एक ऐसी शख्सियत भी हैं, जो युवाओं को यह संदेश देती हैं कि "खुद पर भरोसा रखो, क्योंकि अगर तुम खुद पर विश्वास करोगे, तो पूरी दुनिया तुम्हारे साथ खड़ी होगी।"

शाहरुख खान को राष्ट्रीय पुरस्कार की एटली ने कर दी थी भविष्वाणी

दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक एटली ने फिल्म जवान की शूटिंग के दौरान ही बता दिया था कि शाहरुख खान को इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। वर्ष 2023 में प्रदर्शित एटली के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म जवान के लिए शाहरुख खान को हाल ही में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने बताया कि जवान की शूटिंग के दौरान एटली ने निडरता से भविष्यवाणी की थी कि शाहरुख खान को उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। उन्होंने कहा, "जब हम जवान की शूटिंग कर रहे थे, एटली सर पहले ही बता चुके थे कि शाहरुख खान राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले हैं। वह यह इतनी आत्मविश्वास के साथ कहते थे और अब देखो, उन्होंने नेशनल अवार्ड जीत लिया। वह वास्तव में कमाल के हैं।" यह भविष्यवाणी अब इतिहास बन चुकी है। शाहरुख खान ने अपने 30 साल के करियर में आखिरकार प्रतिष्ठित नेशनल अवार्ड जीता, जो सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि एटली के लिए भी एक मील का पत्थर है, जिनकी निर्देशन और कहानी कहने की क्षमता ने शाहरुख के सबसे यादगार प्रदर्शन को परिपूर्ण मंच प्रदान किया।

फिल्म समीक्षा

तकनीकी रूप से दमदार फिल्म

ऋषभ शेट्टी ने एक बार फिर कंतारा वर्ल्ड में जादू बिखेरा है, उनका लेखन, निर्देशन और अभिनय, सब दमदार है। साथ ही गुलशन देवैया, रुख्मिणी वसंत और जयराम का अभिनय भी दमदार रहा है। तीन साल पहले आई कंतारा सिर्फ 16 करोड़ में बनी थी, इस बार निर्माता ने ऋषभ के लिए 125 करोड़ का बजट रखा था और यह पर्दे पर भी साफ दिखाई देता है। एक बार तो हमें यह एहसास होता है कि इतने बजट में इतनी बढ़िया फिल्म कैसे बन सकती है। फिल्म के दृश्य बेहद शानदार हैं, हर फ्रेम खूबसूरत लगता है। तकनीकी रूप से भी फिल्म एकदम सही है। बीजीएम और गाने कमाल के हैं, मैंने कई सालों बाद किसी फिल्म में शास्त्रीय संगीत सुना है। मुझे ये कहानी बहुत पसंद आई, ऋषभ इसी चीज को भारतीय सिनेमा में लेकर आए।



कहानी वहीं से आगे बढ़ती है, जहां कंतारा खत्म हुई थी और फ्लैशबैक में हमें कदंब राज्य दिखाया जाता है। कदंब राज्य का राजा, जो कंतारा वन चाहता है, लेकिन वहीं मर जाता है, फिर उसका बेटा (जयराम) वहां वापस जाने की हिम्मत नहीं करता। जब बेटा बड़ा होता है तो वो राजा बनता है और उसके एक बेटा (गुलशन देवैया) और एक बेटी (रुखमणी वसंत) होती है। बेटे (गुलशन देवैया) को राजगद्दी पर बिठाकर राजा बना दिया जाता है, लेकिन जो बेटा राजा है, वो अय्या के साथ ही रहता है। यहां, कोई एक नवजात शिशु बर्मी (ऋषभ शेट्टी) को कंतारा वन में छोड़ देता है और वहां एक महिला, जिसके कोई बच्चे नहीं हैं, उसकी देखभाल करती है। फिल्म शुरू से अंत तक बांधे रखती है, एक भी फ्रेम हमें बोर नहीं करता। एक्शन कोरियोग्राफी कसी हुई है, युद्ध भी दिखाया गया है, वहां तकनीकें भी अच्छी थीं। हमें यह भी देखने को मिलता है कि उस समय के लोग कैसे धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। स्क्रीन प्ले को उस समय को ध्यान में रखकर और हर चीज को ध्यान में रखकर दिखाया गया है।

समीक्षक- शिवकांत पालवे

एडवेंचर फिल्म इलियो

इलियो एक अमेरिकन एनिमेटेड साइंस फिक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसका निर्माण पिक्सर एनिमेशन स्टूडियो ने वॉल्ट डिज्नी पिक्चर्स के लिए किया है। शानदार म्यूजिक, खूबसुरत सिनेमेटोग्राफी और ढेर सारे क्यूट कैरेक्टर के साथ इलियो मनोरंजन करने में सफल रही। एनिमेशन का अपना ही स्वाद अपना ही मजा है। जब-जब बचपन की तरफ लौटने का मन करता है तो एनीमेटेड मूवी ढूंढ कर छोटे बेटे के साथ देखने बैठ जाता हूं। यह मूवी इलियो नाम के छोटे बच्चे की कहानी है, जिसके माता-पिता नहीं रहे और वो अपनी बुआ ओल्गा के साथ रहता हैं। बुआ वायु सेना में मेजर है, जो अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती थी, पर भतीजे की परवरिश के कारण अपना सपना, सपना समझ भूल जाने की कोशिश करती हैं।

इलियो और ओल्गा के बीच संबंध अच्छे नहीं है, जिसके चलते इलियो दूर अंतरिक्ष में दूसरे गृह पर जाने की जिद्द पर आ जाता हैं। एक दिन वो सैन्य ठिकाने से संदेश भेजता है, जिसे सुन एलियंस इलियो को अपने साथ ले जाते हैं। वहां जाकर इलियो क्या-क्या गुल खिलाता हैं यह देखना बड़ा मजेदार हैं।

हालांकि फिल्म साधारण है, जिस तरह की एनिमेटेड फिल्मों का हॉलीवुड में इतिहास रहा है, उस लेवल की तो नहीं है पर आप अगर क्राइम थ्रिलर, एक्शन, हॉरर फिल्में देख देख थक गए हैं तो रिफ्रेश होने के लिए इलियो फिल्म देख सकते हैं। इलियो परिवार के साथ मिलकर देखेंगे तो एक ताजा सिनेमा अनुभव होगा, पर हां बहुत ज्यादा उम्मीद रख कर मत देखिएगा।

समीक्षक-राजदीप जोशी

आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12 वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जिम्मेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थीं, तो उन्हें पर्दे पर अपनी तरह की महिलाएं नहीं दिखती थीं। उन्होंने कहा मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे पर्दे पर अपने जैसी लड़कियां नहीं दिखीं। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें करके दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

ईरानी सिनेमा की महिला सुपर स्टार गोलशिफतेही

मैं ईरानी सिनेमा का शौकीन हूं और शायद मैं ही नहीं विश्व सिनेमा का हर संजीदा दर्शक ईरानी फिल्मों का दीवाना होता है। इन फिल्मों का स्तर अंतर्राष्ट्रीय होता है। माजिद मजीद और दारिश मेहरजुई जैसे ख्यातनाम निर्देशक विश्व फलक पर ईरानी सिनेमा को रचकर अमर हैं। ईरानी सिनेमा की प्रख्यात अभिनेत्री और महिला सुपर स्टार 'गोलशिफतेही फरहानी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है और नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म एक्सट्रैक्शन में भी काम किया है। इन्हें महज 14 साल की उम्र में नामी निर्देशक दारिश मेहरजुई की फिल्म की 'द पीयर ट्री' में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया है। इस भूमिका के लिए गोलशिफतेही को तेहरान में 16 वें 'फज्र इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' के अंतर्राष्ट्रीय खंड से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के 'क्रिस्टल रॉक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उनकी अभिनीत फिल्म 'अबाउट अली' (निर्देशक असगर फरहानी) ने ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का व बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सिल्वर बीयर का अवार्ड जीता। यह इनकी ईरान में प्रदर्शित आखिरी फिल्म थी। बाद में वे लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ फिल्म 'बॉडी ऑफ लाइज' में मुख्य भूमिका में आई। इसमें इनके बिना हिजाब के होने के कारण उन्हें 2009 से ईरान में वापस लौटने और काम करने पर विवाद के चलते वे पैरिस में बस गई। कालांतर में उन्हें फ्रांस में सीजर अवार्ड्स में 'द पेशेंस स्टोन' के लिए 'मोस्ट प्रॉमिसिंग एक्ट्रेस' के अवार्ड के लिए भी नामांकित किया गया।

2017 में आई एक फंतासी फिल्म 'पायरेट्स ऑफ द कैरिबियन' में वे एक समुद्री चुड़ैल शांसा की भूमिका में दिखाई दीं, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। 2020 में वे नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक्शन फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' में इन्होंने अविस्मरणीय निक खान का किरदार निभाया। 2023 के बर्लिन फिल्म फेस्ट में इन्हें मुख्य समापन जूरी के सदस्य के रूप में भी चुना गया। फरहानी न केवल पर्यावरण समर्थक है, बल्कि ईरान की तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम की भी संवाहक है। प्रसिद्ध ब्रिटिश रॉक बैंड 'कोल्डप्ले' ने 'स्फेयर्स वर्ल्ड टूर' में फरहानी को आमंत्रित किया था, जिसके लैटिन अमेरिका प्रदर्शन के दौरान दो रात केवल लाइव इवेंट सिनेमा स्पेशल के हिस्से के रूप में कॉन्सर्ट को 70 से अधिक देशों में 3,500 से अधिक सिनेमाघरों में लाइव प्रसारित किया गया था, जो कि एक अपने आप में एक इतिहास है।

जुलाई 1983 में तेहरान के एक थिएटर निर्देशक और अभिनेता और स्टेज अभिनेत्री फहीमेह रहीमिनिया के घर जन्मी गोलशिफतेही का नाम उनके पिता ने रखा था, जिसके मायने होते है 'प्यार करने वाला फूल', जबकि उनका कानूनी नाम राहवार्ड है। उन्होंने पांच साल की उम्र में संगीत और पियानो का अध्ययन शुरू किया और बाद में तेहरान के एक संगीत विद्यालय में प्रवेश लिया लेकर विधिवत ईरानी संगीत की तालीम ली। लगभग 53 से अधिक फिल्मों में काम कर चुकी गोलशिफतेही फरहानी को अनेक अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया है। 2017 में वे पैरिस से ईबीसा (पुर्तगाल के नजदीक) रहने चली गई, जहां वे आज भी संगीत और सिनेमा के लिए कार्यरत हैं।

-अरविंद सिंह आशिया, लेखक

इंडियन ऑयल में निदेशक बने सौमित्र

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल में निदेशक (वित्त) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण कर लिया। देश की तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार, 5 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

डी-मार्ट का राजस्व 15.4% बढ़कर 16,219 करोड़

नई दिल्ली। खुदरा शृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और परिचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स की चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत राजस्व 15.43% बढ़कर 16,218.79 करोड़ रुपये हो गया। एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले कंपनी का परिचालन से राजस्व 14,050.32 करोड़ था। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से एकीकृत राजस्व 16,218.79 करोड़ रुपये रहा। सितंबर 2025 तक डी-मार्ट के स्टोर्स की कुल संख्या 432 थी। तिमाही आधार पर डी-मार्ट का राजस्व 1.8% बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स का एकीकृत राजस्व 12,307.72 करोड़ रुपये था।

मजबूत मांग से सोभा की बिक्री बुकिंग 61% बढ़ी

नई दिल्ली। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग 61% बढ़कर 1,902.6 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में कंपनी की बिक्री 1,178.5 करोड़ थी। शेयर बाजार को दी जानकारी में सोभा ने बताया कि कंपनी ने इस वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान 13,648 रुपये प्रति वर्ग फुट की औसत कीमत पर 13.94 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। बेंगलुरु ने तिमाही बिक्री में 69.7% का योगदान दिया, जिसका मूल्य 1,326.4 करोड़ था। यह बढ़ोतरी सोभा टाउन पार्क परियोजना में बिक्री की तेजी के कारण हुई। दिल्ली-एनसीआर ने तिमाही बिक्री में 309.7 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि केरल क्षेत्र की बिक्री 184.8 करोड़ रुपये रही।

मॉयल का उत्पादन बढ़कर 1.52 लाख टन

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल का उत्पादन सितंबर में 3.8% बढ़कर 1.52 लाख टन पर पहुंच गया। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह कंपनी का सितंबर महीने का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। उसने बताया कि अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग 5,314 मीटर पहुंच गई, जो 46% की वृद्धि है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में मिनीरत्न कंपनी का उत्पादन 10.3% बढ़कर 4.42 लाख टन पर पहुंच गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.3% अधिक है। बिक्री भी 18.6% बढ़कर 3.53 लाख टन हो गई।

बैंकों और नियामकों के पास बिना दावे वाली 1.84 लाख करोड़ की संपत्तियां

केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने किया आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान का शुभारंभ

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये संपत्तियां उनके असली मालिकों तक पहुंचें।

सीतारमण ने गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, बैंकों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गांधीनगर से तीन महीने के 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैंकों और नियामकों के पास बैंक जमा, बीमा, भविष्य निधि या शेयरों के रूप में 1.84 लाख करोड़ की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने अधिकारियों से तीन महीने के अभियान के दौरान बिना दावे वाली संपत्तियों को उनके मालिकों तक पहुंचाने के लिए तीन पहलुओं जागरूकता, पहुंच और कार्रवाई पर काम करने का आग्रह किया।

गुजरात में आपकी पुंजी आपका अधिकार नामक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान का शुभारंभ करतीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व अन्य।

सीतारमण ने कहा कि दावे के बिना धनराशि बैंकों, आरबीआई या आईईपीएफ (निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष) के पास पड़ी है। हमें इन निधियों के असली मालिकों और दावेदारों का पता लगाना होगा और उन्हें धन सौंपना होगा। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के अनुसार, 1,84,000 करोड़ रुपये वहां पड़े हैं। यह राशि सुरक्षित है। आप जब चाहें उचित कागजात के साथ आएं। आपको धन दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अगर किसी वजह से संपत्ति पर लंबे समय तक दावा नहीं किया जाता है, तो उसे एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरित कर दिया जाता है। जमा राशि के मामले में यह बैंकों से आरबीआई के पास जाता है, और शेयर या इसी तरह की संपत्तियों के मामले में यह सेबी से किसी अन्य केंद्र या आईईपीएफ में जाता है। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई ने यूडीजीएएम (अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स गेटवे टू एक्सेस इन्फॉर्मेशन) पोर्टल बनाया है। इसलिए, यह बिना दावे वाले क्षेत्र से दूसरे बिना दावे वाले क्षेत्र में जा रहा है।

संगठित प्रयास अभियान को बनाएगा सफल

सीतारमण ने अधिकारियों से कहा कि जागरूकता फैलाएं। उन्हें बताएं कि आपका पैसा वहां है, दस्तावेज़ के साथ आएं और इसे ले जाएं। बस उन्हें कागजात ढूंढने और पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि एक संगठित प्रयास ही अभियान को सफल बनाएगा। प्रधानमंत्री ने ही उन्हें और मंत्रालय से कहा कि जगह-जगह जाकर, लोगों को फोन करके उनसे बकाया लेने के लिए कहिए।

गडकरी ने विमानन क्षेत्र में आधुनिकीकरण पर दिया जोर

नागपुर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को हवाई यातायात नियंत्रण सहित विमानन क्षेत्र में वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रौद्योगिकी और नियमों को उन्नत करने का आह्वान किया। गडकरी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स गिल्ड ऑफ इंडिया द्वारा नागर विमानन पर आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

गडकरी ने कहा कि विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि देश में हवाई अड्डों की संख्या 75 से बढ़कर 150 हो गई है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गडकरी ने कहा कि नागपुर देश के केंद्र में स्थित है और संभवतः यह भारत में सम्पूर्ण हवाई यातायात नियंत्रण का केन्द्र बन सकता है। मंत्री ने कहा कि पुराने और अप्रचलित नियमों को समाप्त करने और सुरक्षा से समझौता किए बिना वैश्विक मानकों के अनुसार नए नियम लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नए नियमों से इस क्षेत्र में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने के लिए हवाई यातायात नियंत्रकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

कागज पर जीएसटी वृद्धि से कॉपी निर्माताओं में नाराजगी

संवाददाता, बलिया

- कागज पर जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18% करने से बढ़ेगी कॉपी निर्माताओं की लागत
- वित्त मंत्री को पत्र भेजकर शिक्षा को बढ़ावा देने को कॉपी पर जीएसटी शून्य करने की मांग

अमृत विचार : फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी ने कागज पर जीएसटी दर बढ़ाने को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र भेजकर मांग की कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉपी पर जीएसटी शून्य किया गया, लेकिन कागज पर जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18% किया गया। इससे कॉपी निर्माताओं की लागत बढ़ेगी, जिसका असर छोटे और कुटीर उद्योगों पर पड़ेगा।

प्रयाग कागज कॉपी व्यवसायी कल्याण समिति ने इस निर्णय पर नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री से गुहार लगाई। समिति का कहना है कि कागज महंगा होने से नोटबुक, किताबें और उत्तर पुस्तिकाएं 6% तक महंगी होंगी। 22 सितंबर से लागू नियमों में कागज (एचएसएन कोड 4802) पर 18% जीएसटी और कॉपी पर 0% जीएसटी लगाया गया है। इससे निर्माताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट रिवर्स करना होगा, जिससे छोटे व्यापारियों को नुकसान होगा।

छोटे व्यापारी जो ट्रेडर्स से कागज खरीदते हैं, अब 18% जीएसटी पर माल लेंगे। शून्य जीएसटी पर कॉपी बेचने से उनकी लागत बढ़ेगी, जिससे कॉपी की कीमतें बढ़ेंगी। व्यापारियों का कहना है कि बड़े उद्योगपति मिलों से सीधे कागज खरीदकर लाभ उठा सकते हैं, लेकिन छोटे व्यापारी इससे वंचित रहेंगे। इससे कुटीर उद्योग बंद होने की कगार पर हैं।

एक एचएसएन कोड पर दो अलग-अलग दरों से असमंजस

व्यापारियों ने बताया कि एक ही एचएसएन कोड पर दो अलग-अलग जीएसटी दरों से असमंजस की स्थिति है। कागज 18% जीएसटी पर खरीदने के बाद सस्ती कॉपी बेचना असंभव है। उन्होंने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार की मांग की, ताकि छोटे व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बचाया जा सके।

रिजर्व बैंक ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना को रखा बरकरार : क्रिसिल

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल इंटेलिजेंस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बरकरार रखी है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुद्रास्फीति के अपने पूर्वानुमान में भारी कटौती की है। केंद्रीय बैंक ने एक अक्टूबर को शुल्क अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए अपनी नीतिगत ब्याज दर को लगातार दूसरी बार 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि एमपीसी ने स्वीकार किया है कि अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष (2025-26) की दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि में गिरावट का जोखिम रहेगा। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने कहा कि जीएसटी दरों में हालिया कमी से वृद्धि पर शुल्क का समग्र प्रभाव आंशिक रूप से कम हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्र अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से सबसे अधिक संवेदनशील हैं और उन्हें नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति कम चिंता का विषय होने के साथ, अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो आरबीआई के लिए भी ऐसा करने की गुंजाइश बनेगी। आरबीआई ने फरवरी 2025 से नीतिगत दर में एक प्रतिशत की कटौती की है।

- अमेरिकी शुल्क से दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि में गिरावट का रहेगा जोखिम

सिंगापुर के निवेशक भारत में तलाशें अवसर : गोयल

- इंडिया सिंगापुर: पार्टनरशिप फॉर ग्रोथ' विषय पर निवेशकों संग केंद्रीय मंत्री ने की बैठक

सिंगापुर, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के निवेशकों से आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में भारत द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर विचार करने का आग्रह किया। गोयल ने शनिवार को 'इंडिया सिंगापुरः पार्टनरशिप फॉर ग्रोथ' विषय पर निवेशकों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि आप भारत द्वारा प्रस्तुत अवसरों पर गौर करें। केंद्रीय मंत्री ने भारत की तीन खास विशेषताओं पर प्रकाश डाला - इसके बाजार का आकार, अवसर और इसके कार्यबल का कौशल। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर काम करने तथा भारत सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों को तेजी से आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के अधिकारी अथक प्रयास कर रहे हैं तथा ऐसे मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिनसे दोनों देशों के संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सिंगापुर की यात्रा पर आए गोयल ने कहा कि मुझे लगता है कि एक साथ मिलकर कई नई सीमाएं हैं, जिन्हें पार करना होगा। मंत्री ने कहा कि चाहे वह पूंजी का क्षेत्र हो, अनुसंधान और विकास हो, मानव संसाधन, कौशल, प्रतिभा या शिक्षा का क्षेत्र हो, भारत और सिंगापुर मिलकर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सिंगापुर में निवेशकों के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

उन्होंने बताया कि भारत के सभी वाणिज्य और उद्योग मंडल, सिंगापुर के चैंबर्स के साथ ही यूरोपीय, अमेरिकी और जापानी कंपनियों के प्रतिनिधि शुक्रवार को एक मंच पर एकत्र हुए ताकि भारत में मौजूद अवसरों की तलाश की जा सके।

राष्ट्रीय

शांति भंग करने वालों को देंगे मुंहतोड़ जवाब : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने माओवादियों से किसी भी तरह से बातचीत की संभावना से किया इन्कार, कहा-हथियार डालें

जगदलपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को माओवादियों से किसी भी तरह से बातचीत की संभावना से इन्कार करते हुए कहा कि वे आत्मसमर्पण करें और विकास में सहभागी बनें। शाह ने जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव, 2025 और स्वदेशी मेला को संबोधित करते हुए एक बार फिर 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को दोहराया। गृह मंत्री ने कहा कि हथियारों के बल पर बस्तर की शांति भंग करने वालों को सुरक्षा बल मुंहतोड़ जवाब देंगे।

शाह ने कहा कि मैं सभी आदिवासी भाइयों बहनों को कहना चाहता हूं कि आपके ग्राम के युवाओं को हथियार डालने के लिए समझाइए। वह हथियार डाल दें, मुख्यधारा में आएं तथा बस्तर के विकास में सहभागी बनें। कुछ लोग वार्ता की बात करते हैं, मैं फिर से स्पष्ट कर देता हूं, हमारी दोनों सरकारें - छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार बस्तर और नक्सल प्रभावित हर क्षेत्र के विकास को समर्पित है, किस चीज की वार्ता करनी है, बहुत मोहक आत्मसमर्पण नीति हमने बनाई है, आइए हथियार डाल दीजिए। हथियार के बल पर बस्तर की शांति को अगर छिन्न-भिन्न करने का काम किया तो हमारे सशस्त्र बल इसका जवाब देंगे। 31 मार्च 2026 की तिथि नक्सलवाद को इस देश की भूमि पर से विदाई देने के लिए तय है।

बस्तर दशहरा महोत्सव में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा कि दिल्ली में कुछ लोगों ने वर्षों तक भ्रांति फैलाई कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, पर मैं आदिवासी भाइयों को बताने आया हूं कि पूरा बस्तर विकास से महरूम रहा, विकास आप तक नहीं पहुंचा है इसका मूल कारण नक्सलवाद है। आज देश के हर गांव में बिजली, पीने का पानी, रोड, हर घर में शौचालय, पांच लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा, पांच किलो मुफ्त चावल और आपके धान को 3100 रुपये (प्रति क्विंटल) तक पहुंचाने की व्यवस्था हुई है। लेकिन बस्तर इसमें पीछे रह गया है। शाह ने कहा कि मैं आज प्रधानमंत्री की ओर से आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि नक्सलवादी आपके विकास को नहीं रोक पाएंगे। आपके अधिकार को नहीं रोक पाएंगे। छत्तीसगढ़ शासन ने भारत में सबसे अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। एक ही माह में 500 से ज्यादा लोगों ने हथियार डाले हैं।

स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का किया अनुरोध

शाह ने सभी से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया है। स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी का जन आंदोलन चला रहा है। अब प्रधानमंत्री ने सभी से कहा है कि संकल्प लेना है कि मेरे घर में देश में बनी हुई चीजों का उपयोग होगा। हर व्यापारी को संकल्प लेना है कि मेरी दुकान में, मेरे शॉपिंग मॉल में विदेशी चीज उपलब्ध नहीं होगी। आज मैं बताने आया हूं 140 करोड़ की आबादी स्वदेशी के संकल्प को आत्मसात करे तो भारत को दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक व्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकेगा। शाह ने कहा कि मोदी ने देशभर की माता-बहनों को 395 वस्तुओं में कर (जीएसटी) घटाकर राहत दी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासियों के सम्मान में ढेर सारी योजनाएं शुरू की है।

प्रारंभिक परीक्षा के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित करने का लिया निर्णय : यूपीएससी

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि उसने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होने के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। आयोग सिविल सेवा परीक्षा समेत कई प्रतियोगी परीक्षाएं करता है। उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे में आयोग ने कहा कि अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित की जाएगी। यह हलफनामा सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित लंबित याचिका पर दाखिल किया गया था।

यूपीएससी ने कहा कि मामले के लंबित रहने के दौरान उसने अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमित्र के सुझाव समेत कई कारकों पर विचार-विमर्श किया है। अधिवक्ता वर्धमान कौशिक के दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि व्यापक विचार-विमर्श और संवैधानिक निकाय के रूप में यूपीएससी को सौंपी गई भूमिका को ध्यान में रखते हुए, आयोग सुविचारित निर्णय पर पहुंचा है कि प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होने के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित किया जाए। परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से अभ्यावेदन या आपत्तियां मांगी जाएंगी। प्रत्येक ऐसे अभ्यावेदन या आपत्ति के समर्थन में तीन प्रामाणिक स्रोत होने चाहिए तथा जिन आपत्तियों के पक्ष में प्रामाणिक स्रोत नहीं हो, उन्हें शुरुआत में ही खारिज किया जाना चाहिए। अंतरिम उत्तर कुंजी तथा प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी पर उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्तियों या अभ्यावेदन को संबंधित विषय के विशेषज्ञों के समूह के समक्ष रखा जाएगा, जो सभी पहलुओं पर गहन विचार करेगी और उत्तर कुंजी को अंतिम रूप देगी।

- उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे में आयोग ने रखा पक्ष

परिणामों के घोषणा की आधार होगी कुंजी

आयोग ने कहा कि विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार की गई ऐसी अंतिम उत्तर कुंजी प्रारंभिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा का आधार बनेगी। आयोग इन प्रक्रियाओं का पालन शुरू करना चाहता है। यूपीएससी द्वारा लिया गया निर्णय याचिका में उठाई गई शिकायतों का प्रभावी और पर्याप्त निवारण माना जाए तथा यह यूपीएससी के कामकाज में पारदर्शिता के स्तर को बढ़ाने और जनहित को आगे बढ़ाने के लिए भी है।

लोकतंत्र की आधारशिला हैं दल पारदर्शिता से निभाएं भूमिका

पटना, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने बिहार विस चुनाव को लेकर की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार विस चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनके सुझाव और अपेक्षाओं पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी भी उपस्थित थे। यह जानकारी आयोग ने एक्स पर दी।

आयोग ने अपील की कि वे लोकतंत्र की आधारशिला होने के नाते पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आयोग ने दलों को याद दिलाया कि वे प्रत्येक बूथ पर पोलिंग एजेंटों की नियुक्ति करना न भूलें। मतदाता सूची में सुधार को चलाए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को ऐतिहासिक, पारदर्शी और ठोस कदम बताते हुए दलों की भागीदारी के लिए आभार जताया। मतदाता केंद्र पर अधिकतम 1,200 मतदाताओं की संख्या तय करने को भी राजनीतिक दलों ने सराहना की है।

चुनाव एक-दो चरणों में कराएं : भाजपा

बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से विधानसभा चुनाव एक या दो चरणों में कराने और मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर पहुंचने वाली महिलाओं के चेहरे का मिलान करने की मांग की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में बिहार आई टीम से मुलाकात करने के बाद जायसवाल ने यह बात कही।

संप्रग सरकार ने 26/11 के बाद विदेशी दबाव के चलते पाकिस्तान पर कार्रवाई नहीं की

भुवनेश्वर, एजेंसी

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शनिवार को दावा किया कि केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने 26/11 हमले के बाद विदेशी दबाव के चलते पाकिस्तान पर कार्रवाई नहीं की थी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारतीय सशस्त्र बलों में वीरता थी, लेकिन देश के नेतृत्व में पाकिस्तान पर कार्रवाई की राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस के दबाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से कहा होगा कि वे पाकिस्तान पर कोई त्वरित कार्रवाई न करें, जबकि मुंबई हमले में 160 लोग मारे गए थे। अपने दावे के समर्थन में पात्रा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के हालिया साक्षात्कार का हवाला दिया। उन्होंने चिदंबरम के उस साक्षात्कार को उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने कहा था, पूरी दुनिया दिल्ली पर टूट पड़ी ताकि पाकिस्तान के खिलाफ भौतिक प्रतिशोध की कार्रवाई को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि चिदंबरम के बयान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि वह उस समय देश के गृह मंत्री थे। मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के चार दिन बाद 30 नवंबर को चिदंबरम ने गृहमंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी। पात्रा ने कहा कि 2014 से पहले भारतीय सशस्त्र बलों में वीरता थी, लेकिन देश के नेतृत्व में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह स्थिति बदल गई, क्योंकि देश को मजबूत सशस्त्र बल और राजनीतिक इच्छाशक्ति मिली। पात्रा ने दावा किया कि पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार अमेरिकी सरकार से सलाह लेने के बाद कैबिनेट मंत्रियों का चयन करती थी।

- भाजपा सांसद ने दावे के समर्थन में कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के हालिया साक्षात्कार का दिया हवाला

जालंधर में दो समुदाय के बीच झड़प, तनाव

जालंधर। पंजाब के जालंधर में शुक्रवार को दो समुदायों के बीच झड़प होने से तनाव पैदा हो गया। यह झड़प उस समय हुई जब एक समूह आई लव मोहम्मद मुहिम को लेकर उत्तर प्रदेश के बरेली में की गई गिरफ्तारियों के संबंध में प्राधिकारियों को ज्ञापन देने गया था।

पुलिस ने बताया कि जब एक समुदाय ने आई लव मोहम्मद मुहिम के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बरेली में की गिरफ्तारियों के विरोध में मार्च निकाला, जिनको गिरफ्तार किया गया है उनमें एक स्थानीय मौलवी भी है। जब समूह पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपने को एकत्र हुआ तो दूसरे समुदाय के स्कूटर सवार युवक से उनकी बहस हो गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि युवक ने धार्मिक नारे लगाए जबकि युवक का कहना है कि उससे रोककर मारपीट हुई और स्कूटर की चाबी छीन ली गई।

कदाचार में निचली अदालत के दो न्यायाधीश बर्खास्त

मुंबई, एजेंसी

- अनुशासन समिति की जांच के बाद बंबई उच्च न्यायालय ने लिया फैसला

बंबई उच्च न्यायालय ने कदाचार एवं न्यायपालिका के अधिकारियों के अनुरूप आचरण न करने के आरोप में निचली अदालत के दो न्यायाधीशों को बर्खास्त कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम और दीवानी न्यायाधीश इरफान शेख को बर्खास्त करने का फैसला एक अनुशासन समिति की जांच के बाद लिया गया।

निकम पर रिश्वतखोरी और स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाले शेख पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने एवं जांच के दौरान जब्त नशीले पदार्थों का दुरुपयोग करने का आरोप है। शेख के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर याचिका अब भी लंबित है। उच्च न्यायालय ने दोनों को बर्खास्त करने का शुक्रवार को आदेश दिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत देने के लिए पांच लाख की रिश्वत मांगने के आरोप में सातारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकम के खिलाफ मामला दर्ज किया था। निकम ने जनवरी में अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि वह निर्दोष हैं एवं उन्हें मामले में फंसाया गया है। उच्च न्यायालय ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से मार्च में इन्कार कर दिया था।

डल झील की सफाई

नाविको ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में स्थित डल झील से खरपतवार हटाने का काम किया। इस विश्व प्रसिद्ध झील में शिकारे की सैर करने हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

कफ सिरप : हो सकते हैं जहरीले केमिकल, सावधानी जरूरी

कफ सिरप एक आम दवा है जिसका उपयोग खांसी और सर्दी के इलाज के लिए किया जाता है। लेकिन कुछ कफ सिरप में जहरीले केमिकल होते हैं जो बच्चों की जान ले सकते हैं? हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु में कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत हो गई है, जिससे पूरे देश में हड़कंप मच गया है। ऐसे में इसके उपयोग में सावधानी जरूरी है। कफ सिरप बच्चों को देने के पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। सरकार और कंपनियों को कफ सिरप की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। लोगों को भी कफ सिरप के बारे में जागरूक करना होगा।

सिरप में क्या इस्तेमाल होते हैं केमिकल?

कफ सिरप में आमतौर पर पेरासिटामोल, डेक्सट्रोमेथॉर्फन और ग्लिसरीन जैसे तत्व होते हैं। लेकिन कुछ कंपनियां लागत कम करने के लिए इन तत्वों की जगह जहरीले केमिकल जैसे डायएथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल का उपयोग करती हैं। ये केमिकल किडनी और लीवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

ड्राई - वेट कफ के लिए अलग होते हैं सिरप

- ड्राई कफ सिरप : यह सूखी खांसी को दबाने के लिए काम करता है।
- वेट कफ सिरप : यह बलगम को पतला करके उसे बाहर निकालने में मदद करता है।

कोल्ड्रिफ सिरप पर लगा प्रतिबंध, जांच शुरू

सरकार ने कफ सिरप की जांच के लिए कई कदम उठाए हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्यप्रदेश में दूषित कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक समेत 19 दवाओं की विनिर्माण इकाइयों में जोखिम आधारित निरीक्षण शुरू किया है। तमिलनाडु और मध्य प्रदेश सरकार ने कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है।

11 बच्चों की हो चुकी है मौत

हाल ही में, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप पीने से 11 बच्चों की मौत हो गई है। इनमें से 9 मौतें मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुई हैं। इसके अलावा, गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भी कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की खबरें आई हैं।

नियम और सुरक्षा उपाय

केंद्र सरकार ने 2 साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि कफ सिरप को डॉक्टर की सलाह से ही लेना चाहिए और निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं लेना चाहिए।

वर्ल्ड ब्रीफ

ईरान ने छह कैदियों को फांसी पर लटकाया

दुबई। ईरान ने देश के तेल समृद्ध दक्षिण-पश्चिम में इजराइल की ओर से हमले करने के मामले में मृत्युदंड पाने वाले छह कैदियों पर फांसी दे दी। ईरान में कैदियों को फांसी दिए जाने की कार्रवाई तेज हो गई है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की थी तथा ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत में खोर्रमशहर के आसपास के स्थलों को निशाना बनाकर बम विस्फोट किए थे।

काठमांडू में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

काठमांडू। नेपाली अधिकारियों ने लगातार बारिश और अगले तीन दिन तक भूस्खलन की आशंका के कारण शनिवार को काठमांडू में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक नोटिस जारी कर कहा कि शनिवार से सोमवार तक काठमांडू घाटी में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इटली में नागपुर के व्यवसायी की मौत

नागपुर। इटली में नागपुर के एक होटल व्यवसायी और उनकी पत्नी छुट्टियों के आखिरी दिन दो अक्टूबर को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उनके बच्चे घायल हो गए, घायलों में से एक गंभीर है। सिविल लाइंस निवासी जावेद अख्तर, उनकी पत्नी नादरा, बेटा जाजेल, बेटियां आरजू और शिफा इटली और फ्रांस यात्रा पर गए थे।

गाजा पर बमबारी बंद करे इजराइल : ट्रंप

हमास युद्ध रोकने संबंधी योजना के कुछ बिंदुओं पर सहमत, इजराइल अपने सिद्धांतों के अनुसार सहयोग देगा

दीर अल-बलाह (गाजा), एजेंसी

गाजा में युद्ध खत्म कराने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के कुछ बिंदुओं को हमास ने स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद ट्रंप ने इजराइल को बमबारी तुरंत रोकने का आदेश दिया है। हमास ने कहा है कि वह बंधकों को रिहा करेगा और सत्ता अन्य फलस्तीनियों को सौंपेगा, हालांकि योजना के कुछ अन्य बिंदुओं पर फलस्तीनियों के बीच विस्तृत चर्चा होगी।

हमास के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि कुछ प्रमुख असहमतियां हैं, जिनपर विस्तृत चर्चा की जरूरत है। ट्रंप ने हमास के फैसले का स्वागत करते हुए लिखा कि मुझे लगता है कि वे दीर्घकालिक शांति के लिए तैयार हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि इजराइल को गाजा में बमबारी तुरंत रोकनी होगी ताकि बंधकों को सुरक्षित तथा शीघ्र रिहा कराया जा सके। फिलहाल हमले जारी रखना बहुत खतरनाक होगा।

इस बीच, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल गाजा में युद्ध खत्म कराने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के पहले चरण को लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इजराइल अपने सिद्धांतों के अनुसार युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप को पूरा सहयोग देगा।

हमास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि गाजा के भविष्य और फलस्तीनी अधिकारों से संबंधित प्रस्ताव के पहलुओं पर निर्णय अन्य गुटों की सर्वसम्मति और अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर लिया जाएगा। बयान में हमास के हथियार डालने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो ट्रंप के प्रस्ताव में शामिल इजराइल की एक प्रमुख मांग थी। मुख्य मध्यस्थों मिस्र और कतर ने ताजा घटनाक्रमों का स्वागत किया है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने कहा कि वे योजना पर चर्चा जारी रखेंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासिचव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने सभी पक्षों से गाजा में जारी युद्ध को खत्म कराने के इस अवसर का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सभी बंधकों की रिहाई और गाजा में संघर्ष विराम करीब है। इजराइली बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्य संगठन ने कहा कि लड़ाई रोकने की ट्रंप की मांग बंधकों को गंभीर व अपरिवर्तनीय क्षति से बचाने के लिए आवश्यक है। संगठन ने नेतन्याहू से सभी बंधकों को वापस लाने के लिए तुरंत सार्थक वार्ता शुरू करने का आह्वान किया।

ट्रंप ने दी थी हमास को युद्ध की चेतावनी

इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि हमास को रविवार शाम तक योजना को मंजूरी देनी होगी, वरना और बड़ी सैन्य कार्रवाई की जाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि अगर समझौते के इस आखिरी मौके में सफलता नहीं मिलती है तो हमास पर ऐसा कहर टूटेगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। पश्चिम एशिया में किसी भी तरह शांति कायम की जाएगी। ट्रंप ने इस हफ्ते की शुरुआत में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत के बाद गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त कराने के लिए एक योजना पेश की थी।

गाजा में शांति प्रयासों को मोदी ने दिया समर्थन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गाजा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति के बीच भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने चमरपंथी संगठन हमास की ओर से इजराइली बंधकों की रिहाई के संकेतों का उल्लेख किया और कहा कि यह क्षेत्र में शांति बहाल करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत शांति की दिशा में किए गए सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा। ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच दो वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त कराने की एक शांति योजना पेश की थी।

युद्ध समाप्त कराने की ट्रंप योजना

ट्रंप की इस योजना के तहत हमास तीन दिन के अंदर शेष 48 बंधकों को इजराइल को सौंपेगा, जिनमें से करीब 20 की मौत होने की आशंका है। इसके अलावा हमास को सत्ता छोड़नी होगी और हथियार डालने होंगे। इसके बदले इजराइल हमले रोकेगा और गाजा के अधिकतर क्षेत्र से पीछे हट जाएगा। साथ ही इजराइल को सैंकड़ों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ना होगा और गाजा के पुनर्निर्माण के लिए मानवीय मदद की आपूर्ति को मंजूरी देनी होगी। गाजा की अधिकांश आबादी को अन्य देशों में स्थानांतरित करने की योजना स्थगित कर दी जाएगी। गाजा का प्रशासन एक अस्थायी, तकनीकी और गैर-राजनीतिक फलस्तीनी निकाय को सौंपा जाएगा, जिसकी निगरानी बोर्ड ऑफ पीस करेगा। इस निकाय के अध्यक्ष राष्ट्रपति ट्रंप होंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर सहित अन्य वैश्विक नेता सदस्य होंगे।

गाजा में हमला नहीं करेगा इजराइल

तेल अवीव। गाजा में युद्ध खत्म करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना के कुछ बिंदुओं को हमास की ओर से स्वीकार किए जाने के बाद इजराइली सेना ने शनिवार को कहा कि वह योजना के पहले चरण के लिए तैयारियां तेज करेगी। सेना ने कहा कि इजराइली नेताओं ने योजना के कार्यान्वयन के लिए तैयारियां तेज करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने गाजा में रक्षात्मक स्थिति अख्तियार कर ली है और वह हमला नहीं करेगा। बताया कि गाजा से कोई भी सुरक्षा बल नहीं हटाया गया है। इससे कुछ घंटे पहले ट्रंप ने योजना के कुछ बिंदुओं को हमास की ओर से स्वीकार करने के बाद इजराइल को गाजा में हमले रोकने का आदेश दिया था।

ताकाइची चुनी गईं जापान की सत्तारूढ़ पार्टी की नेता

तोक्यो, एजेंसी

- बन सकती हैं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री
- रूढ़िवादी एलडीपी की पहली महिला नेता बनकर इतिहास रचा

साने ताकाइची।

जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने शनिवार को पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को अपना नया नेता चुना, जिसके साथ ही उनके देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने की संभावना बढ़ गई है।

लैंगिक समानता के मामले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खराब स्थिति में माने जाने वाले देश में, ताकाइची (64) ने लंबे समय से शासन कर रही रूढ़िवादी एलडीपी की पहली महिला नेता बनकर इतिहास रच दिया है। ताकाइची पुरुष-प्रधान पार्टी की सबसे रूढ़िवादी सदस्यों में से एक हैं। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की अति-रूढ़िवादी विचारधारा की समर्थक हैं। वह नियमित रूप से यासुकुनी श्राइन जाती हैं, जिसे जापान के युद्धकालीन सैन्यवाद का प्रतीक माना जाता है।

शनिवार को एलडीपी द्वारा कराए गए मतदान में ताकाइची ने कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी को परास्त किया, जो लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के पुत्र हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की जगह ली है। पार्टी को उम्मीद है कि वह जनता का समर्थन फिर से हासिल करके सत्ता में बनी रहेगी।

ताकाइची के जापान की अगली प्रधानमंत्री बनने की संभावना है क्योंकि पार्टी निचले सदन में अब तक सबसे बड़ी पार्टी है और विपक्षी समूह बुरी तरह से बिखरे हुए हैं। उन्होंने जापान-अमेरिका गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। ताकाइची ने बाद में कहा कि वह बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए तुरंत काम करेंगी, साथ ही कूटनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगी। देश में संसदीय मतदान अक्टूबर के मध्य में होने की उम्मीद है।

1 लाख अमेरिकी डॉलर शुल्क के खिलाफ केस

सिएटल, एजेंसी। अमेरिका में एच-1बी वीजा आवेदनों के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के शुल्क के खिलाफ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, धार्मिक समूहों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और अन्य लोगों के एक समूह ने शुक्रवार को एक संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया।

- एच-1बी वीजा

समूह ने मुकदमा दायर करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की इस योजना ने नियोक्ताओं, श्रमिकों और संघीय एजेंसियों को अराजक स्थिति में डाल दिया है। ट्रंप प्रशासन ने नए एच1बी कामकाजी वीजा के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एकमुश्त शुल्क की घोषणा की है। सैन फ्रांसिस्को स्थित 'यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' में दायर मुकदमे में कहा गया है कि एच-1बी कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और शिक्षकों की नियुक्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। मुकदमे में कहा गया है कि यह अमेरिका में नवोन्मेष एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है और नियोक्ताओं को विशिष्ट क्षेत्रों में रिक्तियां भरने का अवसर प्रदान करता है। इस मामले में कोई राहत नहीं मिलने पर अस्पतालों को चिकित्सा कर्मचारियों, गिरजाघरों को पादरियों एवं कक्षाओं को शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

श्रीनगर में टीआरएफ कमांडर सज्जाद शेख की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर, एजेंसी

- यूएपीए के तहत की गई आतंकी सरगना के खिलाफ कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को यहां गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के प्रमुख और पहलगाम हमले के कथित मुख्य साजिशकर्ता सज्जाद अहमद शेख की संपत्ति कुर्क कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक छद्म संगठन है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अप्रैल 2022 में सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल को आतंकवादी घोषित किया था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

सज्जाद शेख।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहायक ढांचों को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्रीनगर पुलिस ने शहर के एचएमटी इलाके में रोज एवेन्यू स्थित 15 मरला भूमि पर निर्मित तीन मंजिला आवासीय इमारत को कुर्क किया है। प्रवक्ता के मुताबिक, राजस्व रिकॉर्ड और तहसीलदार सेंट्रल, शाल्टेंग, श्रीनगर से प्राप्त सत्यापन रिपोर्ट के हिसाब से संपत्ति की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये है और इसका मालिकाना हक गुलाम मोहम्मद शेख के पास है, जो आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल का पिता है। प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि, संपत्ति आतंकवादी के पिता के नाम पर पंजीकृत है, लेकिन जांच से पता चला है कि गुल इसमें सक्रिय हिस्सेदार है। परिमपोरा पुलिस थाने में यूएपीए की प्रासंगिक धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या 235/2022 के संबंध में संपत्ति की कुर्की की गई है। प्रवक्ता के अनुसार, यह कार्रवाई यूएपीए की धारा-25 के तहत की गई है, जो अधिकारियों को आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार देती है। प्रवक्ता ने बताया कि कुर्की संबंधित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई।

नीरव मोदी की प्रत्यर्पण केस खोलने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। लंदन की एक अदालत भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस याचिका पर 23 नवंबर को सुनवाई करेगी, जिसमें उसके प्रत्यर्पण के मुकदमे को फिर से खोले जाने का अनुरोध किया गया है। नीरव मोदी ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि अगर उसे भारत वापस लाया गया, तो विभिन्न एजेंसी उससे पूछताछ कर सकती हैं।

- पूछताछ को बनाया आधार, ब्रिटेन की कोर्ट में 23 नंवबर को सुनवाई

एजेंसी उसके इस दावे का यह आश्वासन देकर खंडन कर सकती हैं कि उससे पूछताछ नहीं की जाएगी। इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि मोदी उच्चतम न्यायालय के स्तर तक उपलब्ध अपनी सभी कानूनी अपीलों का इस्तेमाल कर चुका है और इस बार उसने अपने प्रत्यर्पण के मुकदमे को फिर से खोलने के लिए 'वेस्टमिंस्टर' न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। समझा जाता है कि उसने यह दलील दी है कि यदि उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया, तो विभिन्न एजेंसी उससे पूछताछ करेंगी, जिसके परिणामस्वरूप उसे यातनाएं दी जा सकती हैं। मामले की जांच कर रहीं एजेंसी अदालत के समक्ष अपना पुराना आश्वासन दोहरा सकती हैं कि प्रत्यर्पित किए जाने पर मोदी पर भारतीय कानूनों के अनुसार मुकदमा चलाया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ क्वांटम कंप्यूटिंग पर समझौता

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर की अगले सप्ताह मुंबई यात्रा से पहले समझौते पर हस्ताक्षर

क्वांटम कंप्यूटिंग और जैव प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन के हिसाब से फसलें उगाने में किसानों की मदद करने के लिए इंपीरियल कॉलेज लंदन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता अगले सप्ताह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर की मुंबई यात्रा से पहले हुआ है। यह परियोजना 'भारत-यूके टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी इनिशिएटिव' (टीएसआई) का हिस्सा है, जो क्वांटम तकनीक पर आधारित है। इसका उद्देश्य मृदा सूक्ष्मजीवों को बेहतर बनाना और सूखे व जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की रक्षा के नए तरीके खोजना है।

पिछले वर्ष हस्ताक्षरित 'भारत-यूके टीएसआई' मंगलवार को मुंबई में शुरू हो रहे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने पर एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इंपीरियल कॉलेज लंदन के अध्यक्ष प्रोफेसर ह्यूग ब्रैडी, मुंबई जाने वाले प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में शामिल होंगे। इंपीरियल कॉलेज के डॉ. पो-हेंग (हेनरी) ली और आईआईटी बॉम्बे के डॉ. इंद्रजीत चक्रवर्ती के नेतृत्व वाली एक टीम पहले से ही मिट्टी में पौधों और बैक्टीरिया के बीच जटिल अंतःक्रियाओं का मॉडल बनाने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग का इस्तेमाल कर रही है।

आईआईटी बांबे और इंपीरियल कॉलेज लंदन योजना से जुड़े

डॉ. ली ने कहा, इस साझेदारी ने सूक्ष्मजीव पारिस्थितिकी और जीनोमिक्स में आईआईटी बॉम्बे की विशेषज्ञता को जैव सूचना विज्ञान एवं क्वांटम कंप्यूटिंग सिमुलेशन में इंपीरियल कॉलेज की क्षमताओं के साथ जोड़ दिया है। उन्होंने कहा, यह परियोजना वैश्विक खाद्य सुरक्षा और जलवायु से जुड़ीं तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्वांटम प्रौद्योगिकियों का मार्ग प्रशस्त करती है।

बहु विषयक क्षेत्र है क्वांटम कंप्यूटिंग



क्वांटम कंप्यूटिंग एक बहु-विषयक क्षेत्र है जिसमें कंप्यूटर विज्ञान, भौतिकी और गणित के पहलू शामिल हैं। यह क्वांटम यांत्रिकी का उपयोग करके जटिल समस्याओं को पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में तेज़ी से हल करता है। क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में हार्डवेयर अनुसंधान और अनुप्रयोग विकास शामिल है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अक्टूबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- शतभिषा 08.01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष आज रोजगार के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार को सहमत करने में सफलता मिलेगी। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। अपनी इच्छाओं को पूरा करने का प्रयास करें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

वृष आज उलझा हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी राय और विचारों की लोग अपेक्षा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अत्यंत शुभ है। फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानीपूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

मिथुन आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सेहत और सामान की सुरक्षा का ध्यान रखना होगा। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें।

कर्क आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्रगण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। शारीरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से दिन कमजोर हो सकता है।

सिंह आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। साझेदारी में व्यवसाय प्रारंभ करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

कन्या आज उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी महत्वपूर्ण बैठक के लिए जा रहे हैं तो आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

तुला आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें।

वृश्चिक आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। आपको दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी।

धनु आज दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। जीवनशैली में नयापन आएगा। नई नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है।

मकर आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई महसूस होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ आज आप ऑनलाइन शॉपिंग में अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें।

मीन आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय, उन्हें शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

सुडोकू - 120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3				9		
4	8		3				5	7
		9		7		6		
6				1	5		7	
	3						8	
	9		2	3				4
		7				8		3
3	6				8		2	
		1				4		

सुडोकू - 119 का हल

5	8	1	2	3	7	4	6	9
4	7	3	9	1	6	8	2	5
6	9	2	5	8	4	7	1	3
8	6	5	4	7	2	9	3	1
9	3	7	6	5	1	2	4	8
1	2	4	8	9	3	6	5	7
7	4	8	3	6	5	1	9	2
2	5	9	1	4	8	3	7	6
3	1	6	7	2	9	5	8	4

रोहित शर्मा, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आप एक शानदार कप्तान रहे हैं। आप रणनीति बनाने में माहिर थे। आपने टीम को सिखाया कि अगर बड़े मौकों पर जीतना है तो जोखिम लेना ही होगा।
- दिनेश कार्तिक

स्टेडियम

अयोध्या, रविवार 5 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी तस्नीम व श्रीयांशी

अल ऐन (यूएई) : भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का सफर शनिवार को यहां 120,000 अमेरिकी डॉलर इनामी अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में समाप्त हो गया लेकिन उभरती हुई शटलर तस्नीम मीर और श्रीयांशी वालीशेट्टी ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ महिला एकल के फाइनल में एक दूसरे से भिड़ंत पक्की की। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर में पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 20 वर्षीय तस्नीम ने तुर्की की पांचवीं वरीयता प्राप्त नेस्लिहान एरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से हराया जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त श्रीयांशी ने इंडोनेशिया की चियारा मारवेला हांडोयो को 21-11, 21-12 से मात दी। दोनों भारतीयों के लिए यह पहला फाइनल होगा। वहीं 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और 50 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में मलेशिया के शोलेह ऐदिल से 4-21, 21-11, 19-21 से हार गए। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की भारतीय जोड़ी ने सिंगापुर के इंग केट वेस्ली कोह और जुनसुके कुबो को 52 मिनट में 20-22, 21-14, 21-16 से हराया। फाइनल में उनका सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन की जोड़ी से होगा।

फुटबॉल प्रशासक एनके भाटिया का निधन

नई दिल्ली : फुटबॉल दिल्ली (डीएसए) के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सचिव एनके भाटिया का निधन हो गया है। भाटिया के निधन से डीएसए ने अपने सबसे ईमानदार और जुझारू सेवक को खो दिया है। अर्थात उनके जाने से फुटबाल और मीडिया के बीच का पुल ढह गया है। दिल्ली में फुटबॉल के क्षेत्र में उनका योगदान सचमुच अतुलनीय था। 1970 के दशक से फुटबॉल में सक्रिय भाटिया ने फुटबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव और कोषाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर कार्य किया और एआईएफएफ की स्थायी समितियों में विभिन्न पदों पर रहे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली ने कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं की सफलतापूर्वक मेजबानी की। नरेन्द्र भाटिया, जिन्हें उनके दोस्त 'स्वीटी' नाम से बुलाते थे सचमुच बेहद स्वीट इंसान थे, जिन्हें गुस्सा कभी आता ही नहीं था। 50 साल से भी अधिक समय तक डीएसए के विभिन्न पदों पर रहे।

अमांडा एनिसिमोवा ने कोको गॉफ को हराया

बीजिंग : अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ की चाइना ओपन में अपना खिताब बचाने की उम्मीद शनिवार को यहां हमवतन तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा से सेमीफाइनल में मिली हार से टूट गई। इस साल अमेरिकी ओपन और विम्बलडन की उप विजेता अमांडा ने गॉफ को महज 58 मिनट में 6-16-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब अमांडा का सामना पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

शुभमन बने भारत के नये वनडे कप्तान, रोहित व कोहली टीम में

मुंबई, एजेंसी

टेस्ट टीम के बाद वन-डे टीम की भी कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं। श्रेयस अय्यर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी20 टीम से बाहर हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी20 टीम में शामिल हैं। मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले के लिए चयनित भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि तीन अलग-अलग प्रारूपों में कप्तान होना रणनीतिक तौर पर व्यावहारिक नहीं है। वर्ल्ड कप अभी दो वर्ष दूर है। लेकिन इस बीच भारत कितने वनडे खेलेगा यह स्पष्ट नहीं है इसलिए नए कप्तान के पास पर्याप्त समय होना चाहिए। सिर्फ़ चयनकर्ताओं के लिए ही नहीं कोच के लिए तीन अलग-अलग लोगों के साथ काम करना आसान नहीं रहता। जडेजा के वनडे टीम में शामिल नहीं होने पर आगरकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अधिक वनडे नहीं खेलने थे, इसलिए वहां की परिस्थितियों के लिहाज से टीम में अधिक स्पिनरों की जरूरत नहीं थी। हार्दिक इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फ़िट नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया में भारत को तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी जो कि 19 अक्टूबर से शुरू होगा और 25 अक्टूबर को वनडे सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टी20 सीरीज का आग़ाज 29 अक्टूबर को होगा और आठ नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा।

- श्रेयस अय्यर चुने गए भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम

- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल व यशस्वी जायसवाल।

टी-20 मुकाबले के लिए चयनित भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

भारत की टी20 टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

भारतीयों की गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज की दूसरी पारी महज 146 रनों पर सिमटी

अहमदाबाद, एजेंसी

उपकप्तान रविंद्र जडेजा के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीन दिन के भीतर ही एक पारी और 140 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1 - 0 से बढ़त बना ली । भारत ने पहली पारी कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित करके 286 रन की बढत बना ली थी । वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 45 .1 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई । बल्लेबाजी में नाबाद शतक जमाने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में 54 रन देकर चार विकेट लिए । दूसरा टेस्ट दस अक्टूबर से दिल्ली में खेला जायेगा ।

विकेट लेने के बाद रवीन्द्र जडेजा को बधाई देते साथी खिलाड़ी। एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा कि यह हमारे लिये परफेक्ट मैच था । तीन शतक और इतनी शानदार फील्डिंग । तीसरे दिन पिच से मिल रही मदद का मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने पूरा फायदा उठाया । सिराज ने 40 रन देकर चार और बुमराह ने 42 रन देकर तीन विकेट लिये । भारतीय पारी में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) ने नौ साल बाद देश में टेस्ट शतक लगाया । विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और जडेजा 104 रन बनाकर नाबाद रहे । तीसरे दिन सुबह के सत्र में पिच से मदद की संभावना में भारत ने पारी कल के स्कोर पर ही घोषित कर दी । जडेजा की अगुवाई में स्पिनरों ने वेस्टइंडीज को दबाव में रखा । सलामी बल्लेबाज तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) और जॉन कैंपबेल ने सकारात्मक शुरूआत की लेकिन आठवें ओवर में नितीश रेड्डी ने स्क्वेयर लेग पर शानदार कैच लपककर भारत को पहली कामयाबी दिलाई । सिराज की शॉर्ट गेंद पर चंद्रपॉल ने शॉट खेला और रेड्डी ने अपनी बायीं ओर डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा । जडेजा ने कैंपबेल (14) को रवाना किया । चौथे नंबर पर उतरे ब्रेंडन किंग (पांच) ने पहली स्लिप में केएल राहुल को कैच थमाया । वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस (एक) को स्पिनर कुलदीप यादव ने आउट किया । छठे नंबर पर आये शाइ होप ने जडेजा की गेंद पर कट शॉट खेला और यशस्वी जायसवाल ने शॉर्ट थर्डमैन पर अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया । जडेजा एक मैच में शतक और पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा एक बार फिर अपने नाम करने से चूक गए । वह पहले दो बार यह कमाल कर चुके हैं । लंच के बाद सिराज ने जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वारिकन (0) को पवेलियन भेजा । वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने एलिक अथानाजे (38) का रिटर्न कैच लपका । कुलदीप ने जेडेन सील्स (22) का अपनी ही गेंद पर कैच पकड़ा ।

- नाबाद शतक जमाने वाले जडेजा ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में लिए चार विकेट

भारतीयों का कमाल

- वेस्टइंडीज पहली पारी : 162 रनों पर सिमट गई थी
- भारत पहली पारी : पांच विकेट पर 448 रन (घोषित)

वेस्टइंडीज दूसरी पारी

जान कैंपबेल का सुदर्शन बो जडेजा	14
तेजनारायण चंद्रपॉल का रेड्डी बो सिराज	8
एलिक अथानाजे का और बो सुंदर	38
ब्रेंडन किंग का राहुल बो जडेजा	5
रोस्टन चेस बो कुलदीप	1
शाइ होप का जायसवाल बो जडेजा	1
जस्टिन ग्रीव्स पगबाधा बो सिराज	25
खारी पियरे नाबाद	13
जोमेल वारिकन का गिल बो सिराज	0
जोहान लेन का सिराज बो जडेजा	14
जेडेन सील्स का और बो कुलदीप	2

अतिरिक्त : पांच रन

योग : 45 .1 ओवर में 146 रन

विकेट पतन : 12-1, 24-2, 34-3, 35-4, 46-5, 92-6, 98-7, 98-8, 122-9

गेंदबाजी

गेंदबाज	ओवर	मेडेन	रन	विकेट
बुमराह	6	1	16	0
सिराज	11	2	31	3
जडेजा	13	3	54	4
कुलदीप	8.1	3	23	2
सुंदर	7	1	18	1

गिल बोले

- कप्तान शुभमन गिल ने कहा, हमारे लिए यह परफेक्ट मुकाबला था। हमने अच्छी बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

बारिश की भेंट चढ़ा ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका का मैच

कोलंबो, एजेंसी। लगातार बारिश के कारण शनिवार को श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वनडे विश्व कप के मैच को रद्द करना पड़ा। लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका दोनों ने इस मैच से एक-एक अंक साझा किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब दो मैचों में तीन अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है जबकि श्रीलंका दो मैचों में एक अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के सामने अगले मैच में आठ अक्टूबर को इसी मैदान पर पाकिस्तान की चुनौती होगी जबकि श्रीलंकाई टीम आर. प्रेमदासा स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। कोलंबो में ही रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मैच होना है और मौसम विभाग के अनुसार छिटपुट बारिश और 99 प्रतिशत बादल छाए रहने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया था जबकि श्रीलंका को टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत के हाथों डकवर्थ लुईस पद्धति से 59 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

मार्श के तूफानी शतक से ऑस्ट्रेलिया विजयी

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

मिचेल मार्श (नाबाद 103 रन) के पहले टी20 शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल हैडली श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया था। उन्होंने अपनी 73वीं पारी में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 52 गेंद में 103 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बीच के ओवरों में जल्दी जल्दी कई विकेट गंवा दिए लेकिन मिचेल मार्श एक छोर पर डटे रहे जिससे टीम ने दो ओवर रहते सात विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के नौ विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया।

इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने नौ विकेट पर 156 रन ही बना सकी जिसमें सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट 35 गेंद में 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सिफर्ट के अलावा कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने 26 रन देकर और जेवियर बार्टलेट ने 25 रन देकर दो दो विकेट झटके जबकि सीन एबोट ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने छह ओवर में एक विकेट गंवाकर 62 रन बना लिए थे। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई पारी के मध्य ओवरों में विकेट चटकाकर दबाव बनाया जिसमें नीशाम ने छह रन देकर चार विकेट हासिल किए। पर मिचेल मार्श टीम को जीत तक ले गए।

उल्लेखनीय है कि दूसरा वन-डे बारिश की चलते रद हो गया था।

शतकवीर मिचेल मार्श।

361 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेष भारत की टीम लड़खड़ाई

ईरानी ट्रॉफी

नागपुर, एजेंसी

अंशुल कम्बोज (चार विकेट), सारांश जैन, मानव सुथार और गुरनूर बरार (दो-दो विकेट) की गेंदबाजी के दम पर शेष भारत ने शनिवार को ईरानी ट्रॉफी में विदर्भ को दूसरी पारी में 94.1 ओवर में 232 रन के स्कोर पर समेट दिया। 361 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे शेष भारत ने स्टंप के समय 12 ओवर में 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

विकेट चटकाने के बाद खुशी का इजहार करते विदर्भ के खिलाड़ी। एजेंसी

दूसरी पारी में आर्यन जुयाल (छह), अभिमन्यु ईश्वरन (17) पर चलते बने। चौथे दिन का खेल खत्म होने के समय शेष भारत ने दो विकेट पर 30 रन बना लिये हैं। उसे जीत को 331 रनों की जरूरत है।

आईओसीएल को हराकर रेलवे ने जीता खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी

- पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप

रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल, महिला) को हराकर पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के खिलाफ कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।

फाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महिला) को 5-1 से हराया। नवनीत कौर (नौवें, 21वें, 54वें) ने शानदार हैट्रिक बनाकर अपनी टीम के ट्रॉफी जीतने के इरादे को पुख्ता किया। सलीमा टेटे (39वें) और संगीता कुमारी (52वें) ने भी एक-एक गोल कर अपनी टीम को और आगे ले गईं। ज्योति ने (60वें) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महिला) के लिए आखिरी मिनट में सांत्वना गोल दागा और रजत पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया। कांस्य पदक के लिए, भारतीय खेल प्राधिकरण ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को 4-1 से हराकर पदक जीता। वरित्का रावत ने (16वें, 46वें) ने भी अपनी टीम के लिए दो गोल दागे, जबकि उनकी साथी कप्तान ऐश्वर्या चव्हाण ने (39वें) और प्रीनी कंदीर ने (41वें) ने भी एक-एक गोल किया। जवाब में, वैष्णवी विट्ठल फाल्के (44वें) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए एकमात्र गोल करने में सफल रहीं।

महिला विश्व कप क्रिकेट | प्रेमदासा स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, भारत ने अपने पहले ही मुकाबले में श्रीलंका को करारी मात दी है

रणनीति : पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम की जीत पर नजर

कोलंबो, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कभी भी सिर्फ़ एक मैच नहीं होता, और जब महिला विश्व कप कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला होगा, तो दांव रनों और विकेटों से कहीं आगे जाने का वादा करता है। रिकॉर्ड के लिए, भारतीय महिला टीम ने इस प्रतिद्वंद्विता पर एक सुगठित ऑर्केस्ट्रा की तरह कब्ज़ा जमाया है - 11 मैच, 11 जीत, और आखिरी मैच 2022 विश्व कप में 107 रनों से करारी हार।

दीप्ति शर्मा की ऑलराउंड कला और अमनजोत कौर के साहसिक अर्धशतक की बदौलत, अपने पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 59 रनों से हराने के बाद, लय फिर से उनके साथ है। फिर भी, भारत-पाकिस्तान के मामले में हमेशा की तरह, इसका निहितार्थ क्रिकेट जितना ही दिलचस्प है। पुरुष टीम को परेशान करने वाला "हाथ मिलाने का विवाद" अब महिला टीम पर भी हावी हो गया है। इस बारे में पूछे जाने पर, दीप्ति शर्मा ने एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज़ की तरह शांत भाव से इस सवाल का जवाब दिया: "जब मौका आएगा तब देखेंगे।" कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी सीधी बात जोड़ते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम सिर्फ़ प्रदर्शन की बात करता है, प्रोटोकॉल की नहीं। हालांकि, बीसीसीआई ने संकेत दिया है कि हाथ न मिलाने का यह रुख महिला खिलाड़ियों पर भी लागू हो सकता है। और इसलिए, गेंद फेंके जाने से पहले ही अटकलों का बाज़ार गर्म हो जाता है। मैदान पर, भारत एक पूरी टीम नजर आती है। इस साल 936 रन बनाकर अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना एक बार फिर आकर्षण का केंद्र होंगी। प्रवाह की तलाश में हरमनप्रीत कौर कोलंबो की रात को रोशन करने की क्षमता रखती हैं, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देओल मध्य क्रम को मजबूती प्रदान करती हैं। दीप्ति और स्नेह राणा की अगुवाई में गेंदबाज़ी, जिसमें युवा क्रांति गौड़ अपना जाल बुनने के लिए तैयार हैं, कप्तान कौर को मजबूती और कुशलता प्रदान करती है। दूसरी ओर, पाकिस्तान बड़े मंच पर अप्रत्याशित मेहमान बना हुआ है।

बांग्लादेश के खिलाफ 129 रनों पर सिमटने से उनकी पुरानी कमज़ोरियाँ उजागर हो गईं। सिदरा अमीन का शानदार प्रदर्शन (इस साल 518 रन) और मुनीबा अली की निरंतरता ही उम्मीद जगाती है। अगर पाकिस्तान को भारत के दबदबे को चुनौती देनी है, तो फातिमा सना, अपने आक्रामक ऑलराउंड खेल और बाएँ हाथ की स्पिनर नशरा संधू को अपनी क्षमता से कहीं ज़्यादा प्रदर्शन करना होगा। प्रेमदासा की पिच, जो आमतौर पर स्ट्रोक लगाने वालों के लिए अनुकूल होती है, लेकिन स्पिनरों को परेशान करने के लिए धीमी हो जाती है, एक बार फिर अनुकूलन की मांग कर सकती है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत। एजेंसी

भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

- प्रतीक रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, श्री चरणी। पाकिस्तान महिला टीम की संभावित प्लेइंग XI : मुनीबा अली, ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन, आलिया रियाज, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), नतालिया परवेज, फातिमा सना (कप्तान), रमीन शमीम, नशरा संधू, डायना बेग, सादिया इकबाल।